ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 12 जून 2024
वर्ष 5, अंक 78, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सुपर आठ से एक कदम दूर भारत 15

फिल्म गिल्ट 3 को मिली प्रतिक्रिया से खुश सारा खान 16

पीएम ने सोशल मीडिया से 'मोदी का परिवार' हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया खातों पर नाम के आगे लिखा 'मोदी का परिवार' हटा दिया और समर्थकों से भी ऐसा करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग की चुनावी जीत ने प्रभावी रूप से वह संदेश दिया है, जो उसे देना चाहिए था।

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने उन पर आरोप लगाया था कि उनका अपना कोई परिवार नहीं है। प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा था कि भारत के लोग उनका परिवार हैं। इसके बाद भाजपा सदस्यों और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने मार्च में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इसका उपयोग एक अभियान के रूप में किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'मोदी का परिवार' से मुझे बहुत ताकत मिली।

ले. जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे नए सेना प्रमुख

नई दिल्ली। वर्तमान में उप सेना प्रमुख के रूप में कार्यरत लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना के नए प्रमुख होंगे। वे 30 जून दोपहर से अगले सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। मौजूदा सेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को रिटायर हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने लंबे समय तक जम्मू-कश्मीर में सेवाएं दी हैं। सरकार ने 26 मई को थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को एक महीने का सेवा विस्तार दिया था। इस वजह से वह 30 जून तक इस पद पर बने रहेंगे।

काम में जुटी मोदी सरकार, नए मंत्रियों ने संभाला पदभार

नई दिल्ली, एजेंसी

परिवर्तन और निरंतरता का संकेत देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र की नई सरकार ने मंगलवार को काम शुरू कर दिया। कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्री कार्यभार संभालने के लिए अपने-अपने कार्यालयों में पहुंचे। मंत्रियों को विभाग आवंटित किए जाने के एक दिन बाद कई मंत्रियों ने सुबह ही कार्यभार संभाला और अहम फाइलों पर हस्ताक्षर किए। कुछ लोगों ने प्रार्थना के साथ कार्यभार संभाला तो कुछ ने समर्थकों की नारेबाजी के बीच।

राजग 3.0 ने चुनाव परिणामों के

कृषि मंत्री शिवराज चौहान को बधाई देतीं भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज।

एक सप्ताह बाद 'कार्यभार संभाला' जिसमें गठबंधन को 293 सीटों के साथ बहुमत मिला, जो 272 के बहुमत के आंकड़े से अधिक था। भाजपा को हालांकि 240 सीटें मिलीं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कार्यभार संभालने के बाद कहा

दायित्व संभालने के साथ किए अहम फाइलों पर हस्ताक्षर

कि 'भारत प्रथम' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' भारतीय विदेश नीति के दो मार्गदर्शक सिद्धांत होंगे। चीन के साथ संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि उस देश की सीमा पर कुछ मुद्दे बने हुए हैं और उन्हें सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में लगातार दूसरी बार कामकाज संभाल लिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाल लिया। इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी कार्यभार संभालने के बाद नड्डा से मुलाकात की। अश्विनी वैष्णव ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री के तौर पर पदभार ग्रहण किया। उनके पास रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग भी हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब से गरीब लोगों की सेवा को अपने जीवन का ध्येय और सरकार का मुख्य उद्देश्य बना लिया है।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हरदीप सिंह पुरी ने भी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री का कार्यभार संभाला। मनसुख मांडविया ने श्रम एवं रोजगार मंत्री का कार्यभार ग्रहण किया। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी पदभार ग्रहण किया। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार क्षेत्र और भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक और स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि वह संसद का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। नई महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भी कार्यभार ग्रहण किया।

एक नजर

ज्योति विज बनीं फिक्की की महानिदेशक

नई दिल्ली। उद्योग संगठन फिक्की ने आज ज्योति विज को फिक्की के महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की क्योंकि इस पद पर कार्यरत शैलेश पाठक ने अपने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दे दिया है। फिक्की ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि विज 1993 में फिक्की में शामिल हुईं, विभिन्न पदों पर काम कर चुकी हैं और वर्तमान में फिक्की की अतिरिक्त महानिदेशक हैं। फिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने कहा कि विज की नई भूमिका में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। विज तत्काल प्रभाव से फिक्की सचिवालय का कार्यभार संभालेंगी।

हत्या के मामले में कन्नड़ अभिनेता हिरासत में

बेंगलुरु। प्रमुख कन्नड़ फिल्म अभिनेता दर्शन थुगुदीपा को कथित हत्या के एक मामले में हिरासत में लिया गया है और पूछताछ जारी है। बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दर्शन और 13 अन्य लोगों को भी पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है और उनसे रेणुकास्वामी नामक एक व्यक्ति की कथित हत्या के संबंध में पूछताछ की जा रही है जिसका शव नौ जून को यहां मिला था। आरोप है कि एक फार्मा कंपनी में काम करने वाले रेणुकास्वामी ने सोशल मीडिया पोस्ट में फिल्म अभिनेत्री पवित्रा गौड़ा के खिलाफ कुछ अश्लील टिप्पणी की थी। अभिनेत्री दर्शन की दोस्त बताई जाती है।

लोस सदस्य बनने के बाद राज्यसभा में 10 सीटें रिक्त

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों के बाद राज्यसभा में 10 सीटें खाली हो गई हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इन्हें अधिसूचित किया है। असम, बिहार और महाराष्ट्र में दो-दो, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में एक-एक रिक्तियां हैं। ये रिक्तियां कामाख्या तासा (असम), सर्बानंद सोनोवाल (असम), मीसा भारती (बिहार), विवेक ठाकुर (बिहार), दीपेंद्र सिंह हुड्डा (हरियाणा), ज्योतिरादित्य सिंधिया (मप्र), उदयनराजे भोंसले (महाराष्ट्र), पीयूष गोयल (महाराष्ट्र), केसी वेणुगोपाल (राजस्थान) और बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) से जुड़ी हैं।

राज्य में नई तबादला नीति को मंजूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में 41 प्रस्तावों को दी स्वीकृति

जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे करने वाले कर्मचारियों को 30 जून तक मनचाहा तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने अपने कर्मचारियों, अधिकारियों को दोहरा लाभ दिया है। लोकभवन में मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 2024-25 के लिए नई स्थानांतरण नीति को मंजूरी दी गई। सभी मनचाहे स्थानांतरण 30 जून तक हो जाएंगे। नीति के तहत समूह क और ख के उन अधिकारियों का स्थानांतरण किया जा सकेगा, जिन्होंने जिले में 3 वर्ष और मंडल में 7 वर्ष पूरे कर लिए हैं। वहीं, समूह ग और घ में सबसे पुराने अधिकारियों का पहले ट्रांसफर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले लाखों सरकारी कर्मचारियों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ देने का भी फैसला लिया। स्थानांतरण के क्रम में समूह क और ख के अधिकारियों के लिए अधिकतम 20 प्रतिशत तो वहीं समूह ग और घ के लिए अधिकतम 10 प्रतिशत की सीमा रखी गई है। मंगलवार को योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 42 प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 41 को मंजूरी दी गई।

प्रयागराज कुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। महाकुंभ की तैयारियों को देखते हुए 2019 की तुलना में 2025 में 3200 हेक्टेयर की जगह 4000 हेक्टेयर क्षेत्र में मेले का विस्तार किया गया है। अनुमान है कि मौनी अमावस्या पर करीब छह करोड़ लोग स्नान के लिए प्रयागराज आएंगे।

बरेली व गाजियाबाद में निजी विवि को हरी झंडी, पांच के नाम बदले

राज्य सरकार ने पांच विश्वविद्यालयों के नामों में भी मामूली संशोधन किया है। इन विश्वविद्यालयों के नाम से राज्य शब्द को हटाया गया है। इनमें महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़, मां शाकुम्भरी देवी विश्वविद्यालय सहारनपुर, मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मीरजापुर, मां पाटेश्वरी देवी विश्वविद्यालय बलरामपुर शामिल हैं जिनमें विश्वविद्यालय से पहले राज्य शब्द लगा था। वहीं, उप्र. राज्य विश्वविद्यालय मुरादाबाद को अब गुरु जंबेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद के नाम से जाना जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने दो नए निजी विश्वविद्यालयों को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव पारित होने की जानकारी साझा की। इसमें एचआरआईटी गाजियाबाद और दूसरा फ्यूचर विश्वविद्यालय बरेली है। दोनों ने सभी मानक पूरे कर लिए हैं।

एक दिन पूर्व भी रिटायर हुए तो वेतन वृद्धि

मंत्रिमंडल ने लाखों सरकारी कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए साफ कर दिया कि 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वालों को एक जुलाई और एक जनवरी से प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ मिल सकेगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अभी तक 30 जून और 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक जुलाई या एक जनवरी को प्रस्तावित वेतन वृद्धि का लाभ नहीं मिल पाता था। लेकिन अब उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ उनकी पेंशन और ग्रेच्युटी में मिल सकेगा।

बुंदेलखंड के 26 प्रोजेक्ट को मंजूरी

कैबिनेट ने बुंदेलखंड क्षेत्र की 26 परियोजनाओं को भी स्वीकृति दी। इनकी कुल लागत 10858 करोड़ रुपये है। इसमें 1394 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई है। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि दो महीने में सभी परियोजनाओं को पूरा कर दिया जाएगा। आईआईटी कानपुर में स्कूल ऑफ मेडिकल रिसर्च एंड टेक्नालॉजी बनाया जाएगा। राज्य सरकार इसके लिए हर साल 10 करोड़ रुपये देगी। शेष मदद केंद्र से आएगी। नोएडा में भी 500 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिली, जिसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट से पारित स्थानांतरण नीति के तहत अगर समूह ग और घ के लिए 10 प्रतिशत से ऊपर स्थानांतरण करना होगा तो इसके लिए मंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। वहीं, समूह क और ख में 20 प्रतिशत से अधिक स्थानांतरण करने की आवश्यकता होगी तो उसकी अनुमति मुख्यमंत्री से लेना जरूरी होगा। बताया कि 8 आकांक्षी जिलों और 34 जिलों के 100 आकांक्षी विकासखंडों में रिक्त पड़े पदों को भरने की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

माझी होंगे ओडिशा के नए मुख्यमंत्री

भुवनेश्वर, एजेंसी

- केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री का पद

भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन माझी ओडिशा के नए मुख्यमंत्री होंगे तथा केवी सिंगदेव और पार्वती परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा की गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को भाजपा विधायक दल की करीब एक घंटे तक चली बैठक के बाद मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की।

राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पार्टी विधायक दल की बैठक में शामिल हुए। उन्होंने भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में माझी के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि माझी के नाम का प्रस्ताव सुरमा पाढ़ी और पृथ्वीराज हरिचंदन ने रखा, जिसका बैठक में मौजूद सभी पार्टी विधायकों ने सर्वसम्मति से समर्थन किया।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पार्टी ने सिंगदेव और परिदा को उपमुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। शपथ ग्रहण समारोह बुधवार को यहां जनता मैदान में होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे।

चंद्रबाबू आज लेंगे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ



अमरावती। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू बुधवार को चौथी बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और बंडी संजय कुमार के साथ-साथ कई अन्य नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। राजग नेताओं के अनुरोध के बाद राज्यपाल एस. अब्दुल नजीर ने मंगलवार को नायडू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

'सरकारी परिवार' को मोदी बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर किया मोदी पर पलटवार

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमले का जोरदार जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि उनका परिवारवाद संघर्ष और बलिदान की परंपरा का है लेकिन मोदी सत्ता सुख की वसीयत बांट कर सरकारी परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी का सरकारी परिवारवाद है जहां सत्ता के करीबियों के बच्चों को वह सत्ता की वसीयत का सुख बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे।

कांग्रेस नेता ने राजग के 20 नेताओं के नाम गिनाए जिनमें एचडी कुमार स्वामी, जयंत चौधरी, ज्योतिरादित्य सिंधिया, चिराग पासवान, राम मोहन नायडू, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू, जेपी नड्डा, जितिन प्रसाद, कीर्ति वर्धन सिंह और अनुप्रिया पटेल शामिल हैं।

विवि में दो बार प्रवेश देने की अनुमति होगी : यूजीसी

नई दिल्ली। देश के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को अब विदेशी विश्वविद्यालयों की तर्ज पर वर्ष में दो बार प्रवेश देने की अनुमति मिल जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस संबंध में योजना को मंजूरी दे दी है। यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि शिक्षण सत्र 2024-25 से जुलाई-अगस्त और जनवरी-फरवरी में दो बार प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। कुमार ने कहा कि ऐसे छात्रों को लाभ होगा, जो बोर्ड परीक्षा के परिणामों की घोषणा में देरी, स्वास्थ्य या व्यक्तिगत कारणों से जुलाई-अगस्त सत्र में किसी विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने से चूक जाते हैं।

बड़ी मस्जिद के इमाम की गोली मारकर हत्या, खंडहर में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र के भैंसिया गांव में मंगलवार तड़के बड़ी मस्जिद के इमाम मौलाना अकरम (40) पुत्र आले नवी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनका शव घर के पास खंडहर में मिला। वह रामपुर जिले के थाना स्वार क्षेत्र के भूकरा मसवासी के रहने वाले थे। सुबह गोबर डालने गई महिला ने शव देखा तो शोर मचाया। इस पर गांव वाले एकत्र हो गए और पुलिस को खबर दी। थानाध्यक्ष, सीओ और एसपी सिटी मौके पर पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। परिजन किसी प्रकार की रंजिश से इनकार कर रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक, मौलाना घर की छत पर सो रहे थे। उन्हें किसी ने घर से बाहर बुलाकर गोली मारी है। इस मामले में आजाद

- घर की छत पर सो रहे थे मौलाना अकरम, किसी ने बाहर बुलाया फिर गोली मार दी

नगर निवासी डॉ. जैदुल ने कटघर थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि मौलाना को किसने और क्यों मारा, यह वह खुद नहीं समझ पा रहे हैं। उधर, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मौलाना का शव खंडहर में मिला है। आशंका जताई कि रात में मौलाना किसी के बुलाने पर घर से बाहर आए होंगे, इसी दौरान उन्हें गोली मारी गई होगी। उन्हें एक गोली लगी है। सीओ कटघर रुद्र कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगाई हैं।

कार में लगी आग, 6 लोगों की पुलिस ने बचाई जान

- सहस्त्रधारा जा रहे थे बिजनौर के पर्यटक

देहरादून। नेहरू कॉलोनी में चलती कार आग का गोला बन गई। मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सक्रियता दिखाते हुए कार में फंसे 6 लोगों को बाहर निकाला, जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। कार सवार बिजनौर से देहरादून घूमने के लिए आए थे। नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में बिजनौर के पर्यटक कार से सहस्त्रधारा घूमने जा रहे थे। तभी विधानसभा तिराहे के पास उनकी कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार धू-धू कर जलने लगी, जिससे उसमें सवार फंस गए। कार में आग लगते ही आसपास ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने की जुगत में लग गए। पुलिस कर्मियों ने जैसे-तैसे कार में सवार छह लोगों को बाहर निकाला। इस बीच वहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई जिसकी मदद से आग पर काबू पाया जा सका।

नीट काउंसलिंग पर रोक से इंकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है, एनटीए दे जवाब : सुप्रीम कोर्ट
- केंद्र और एनटीए के अलावा बिहार सरकार को भी नोटिस जारी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। हालांकि कोर्ट ने काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है।

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायामूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाश पीठ ने प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि यह इतना आसान नहीं है कि आपने जो किया है वह सब पाक साफ है। शुचिता प्रभावित हुई है, इसलिए हमें जवाब चाहिए। पीठ ने हालांकि सफल अभ्यर्थियों को एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश देने के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। केंद्र और एनटीए के अलावा पीठ ने बिहार सरकार को भी नोटिस जारी किया। राज्य में परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं।

पीठ ने कहा कि आपको कितना समय चाहिए? अदालत खुलने के तुरंत बाद? नहीं तो काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। शीर्ष अदालत ने शिवांगी मिश्रा और अन्य द्वारा दाखिल याचिका को लंबित याचिका के साथ संलग्न कर एनटीए को जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत की पीठ में गर्मियों के अवकाश के बाद आठ जुलाई से नियमित सुनवाई शुरू होगी। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नीट-यूजी आयोजित करता है।

वीआईपी सुरक्षा से हटाई जाएंगी एनएसजी और आईटीबीपी

नई दिल्ली, एजेंसी

बड़े बदलाव की उम्मीद : महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा अर्द्धसैनिक बलों को सौंपने की तैयारी

नए मंत्रियों के प्रभार संभालने और अत्यधिक जोखिम का सामना कर रहे एक दर्जन से अधिक व्यक्तियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी एवं आईटीबीपी से अन्य अर्द्धसैनिक बलों को हस्तांतरित किए जाने के साथ, केंद्र सरकार की वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़ा और आमूलचूल बदलाव नजर आने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्रालय के तहत आने वाले इस महत्वपूर्ण विषय की समीक्षा जल्द ही किए जाने की उम्मीद है और विभिन्न राजनीतिक हस्तियों, पूर्व मंत्रियों, सेवानिवृत्त नौकरशाहों तथा कुछ अन्य लोगों को दिया गया सुरक्षा कवर या तो वापस ले लिया जाएगा, घटाया जाएगा या बढ़ा दिया जाएगा।

सूत्रों ने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि अति विशिष्टि व्यक्तियों (वीआईपी) की सुरक्षा ड्यूटी से 'ब्लैक कैट' कमांडो को पूरी तरह से हटाने के काफी समय से लंबित प्रस्ताव को अब लागू किया जाएगा और सभी नौ व्यक्तियों की 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा इकाई को सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के कर्मियों द्वारा कुछ वीआईपी को दी जा रही सुरक्षा सीआरपीएफ या केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) को सौंपी जा सकती है। एनएसजी कमांडो के निकट सुरक्षा बल द्वारा सुरक्षा पाने वालों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा सुप्रीमो मायावती, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह शामिल हैं।

2012 से बन रही एनएसजी को दायित्व मुक्त करने की योजना

एनएसजी को वीआईपी सुरक्षा कार्यों से मुक्त करने की योजना 2012 से ही बनाई जा रही है, जब एनएसजी कमांडरों ने एक ऐसी स्थिति का अनुमान लगाया था जिसमें देश के विभिन्न स्थानों पर एक ही समय पर आतंकी हमले हो सकते हैं और कमांडो को विभिन्न दिशाओं में भेजना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने एनएसजी को नया रूप देने और इसके कर्मियों का उपयोग अयोध्या में राम मंदिर के निकट और देश के दक्षिणी भाग में स्थित महत्वपूर्ण संपदा के आसपास कुछ अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में कमांडो की 'हमलावर टीम' को तैनात करने का निर्णय लिया है। वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी को हटाए जाने पर, दो दशक से अधिक समय बाद 'ब्लैक कैट' कमांडो को इस दायित्व से मुक्त किया जाएगा।

शहर में आज

☞ जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज में जिगर मंच पर कामेडी नाइट शो रात 8:00 बजे।

☞ लालबाग स्थित काली मंदिर पर सायंकालीन आरती 7:00 बजे।

एक नजर

जाटव बस्ती में खस्ता हाल सड़कों के निर्माण की मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार : जाटव बस्ती की खस्ताहाल सड़कों, नालियों के निर्माण को आंबेडकर मेमोरियल पार्टी के सदस्यों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। मंगलवार को पार्टी के संरक्षक रामचंद्र सागर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने टूटी सड़कें व नालियों का निर्माण कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में कमलेश सागर, सुषमा देवी, बीआर सागर, आरपी सिंह, काजल सागर व हरस्वरूप सागर मौजूद रहे।

गोवंश को गर्मी व लू से बचाने के लिए लगा स्प्रे फॉगर, नवीन नंदीशाला व कांजी हाउस का भी किया आरंभ

कान्हा गोशाला में तैयार हो रही धूपबत्ती और हवन सामग्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मैनाठेर स्थित कान्हा गोशाला में मंगलवार का दिन कई नई सुविधाओं की शुरूआत का रहा। जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से गठित स्वयं सहायता समूहों द्वारा गोबर से तैयार की जाने वाले धूपबत्ती, दीये, उपले, हवन की सामग्री व गमले बनाने के कार्य का उद्घाटन नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने किया। इसके अलावा नवीन नंदीशाला व कांजी हाउस का भी शुभारंभ नगर आयुक्त ने किया। अब यहां गोबर से तैयार पूजन सामग्री का लोग प्रयोग कर सकेंगे।

जिला नगरीय विकास अभिकरण की ओर से गठित स्वयं सहायता समूह श्याम बाबा स्वयं सहायता समूह, सफलता, साक्षी, जलधाम स्वयं सहायता समूहों द्वारा गोबर से अब मैनाठेर कान्हा गोशाला में धूपबत्ती, दीये, उपले, हवन सामग्री, गमला आदि बनाने का कार्य शुरू हो गया। नगर आयुक्त ने इसका उद्घाटन करने के बाद कहा कि इससे महानगर ही नहीं आसपास के लोगों को पूजन सामग्री व गमले आदि मिलेंगे। जिससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने बताया कि गोबर से एक घंटे में दो क्विंटल लकड़ी तैयार की जाएगी जो श्मशान घाटों पर बिक्री की जाएगी। धूपबत्ती, दीये, उपले, हवन सामग्री को तैयार कराकर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बाजारों में बेचा जाएगा। जिससे स्वयं सहायता समूहों के जुड़े लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी क्रम में गोशाला में गोवंशों को भीषण गर्मी और लू से बचाने के लिए स्प्रे फॉगर मशीन का भी शुभारंभ नगर आयुक्त ने किया। गोशाला के नवीन नंदीशाला के 6 शेडों में फॉगर की 600 मीटर लाइन डालकर 210 नॉजिल लगवाई गई है। वहीं गोशाला में नवीन नंदीशाला व कांजी हाउस का भी उद्घाटन किया गया। इसमें गोशाला से 70 गोवंशों को स्थानांतरित किया गया। गोशाला में संरक्षित किए गए गोवंश के चारे के लिए अलाना संस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 400 टन भूसा दान दिया गया।

अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण अनामिका सक्सेना, अधिशासी अभियंता दिनेश त्रिपाठी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, सहायक अभियंता जलकल भीमराव अशोक, सफाई निरीक्षक व सहायक प्रभारी कान्हा गोशाला आदि मौजूद रहे।

कान्हा गोशाला मैनाठेर में गोबर से तैयार होने वाली धूपबत्ती, दीये, हवन सामग्री निर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद उसे देखते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल व साथ में अन्य लोग।

रामगंगा विहार व आशियाना फेज दो में हटा अतिक्रमण

नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने रामगंगा विहार व आशियाना कॉलोनी फेज-2 में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इसमें मकानों व दुकानों के आगे बने रैंप, ग्रील और नाले के ऊपर लगे लोहे के जाल को जेसीबी से तोड़कर ध्वस्त कर दिया गया। चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण न करें।

टीम ने पाइप लाइन की कराई मरम्मत

निगम की जलकल अनुभाग की टीम ने वार्ड नंबर 1, 2, 18, 20, 21, 24, 27, 36, 43, 47, 55, 65 में पेयजल की पाइप लाइन में लीकेज की मरम्मत कराई। वार्ड 54 में गंदा पानी आने की शिकायत दूर कराई। वार्ड 31 में पाइप लाइन वॉश आउट का कार्य कराया गया।

पारा @ 44 डिग्री, जून का सबसे गर्म दिन रहा मंगलवार

अभी और बढ़ेगा तापमान, गर्मी से नहीं मिलेगी लोगों को राहत, दिन में लू के थपेड़ों ने झुलसाया, उमस ने किया परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जून के दूसरे सप्ताह में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी और लू से लोग बेचैन हैं। लोगों को न दिन में चैन और न रात में नींद आ रही है। लोगों में उलझन व बेचैनी की समस्या बढ़ रही है। जून का सबसे गर्म दिन मंगलवार को रहा। अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा।

सुबह से सूरज की तपिश बढ़ने लगी थी। दोपहर में तेज धूप के साथ लू ने लोगों को झुलसाया। प्यास से लोग व्याकुल हो गए। बोतलबंद पानी का सहारा लोगों ने लिया। वहीं छांव की तलाश में लोग भटकते रहे। दिन में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। गर्म हवा ने लोगों को बेदम कर दिया। लोग धूप व लू से राहत पाने के लिए भटकते रहे। महानगर की कई सड़कों पर सन्नाटा रहा। बिजली की आवाजाही से लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही है। जिससे बेचैनी, उलझन की समस्या बढ़ रही है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के एग्रोमेट्रोलाजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि अभी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। मंगलवार को मुरादाबाद में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। अभी तापमान और बढ़ेगा।

गर्मी से राहत पाने के लिए स्विमिंग पूल में तैराकी करते बच्चे। ● अमृत विचार

● महानगर की कई सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

तारीख	अधिकतम तापमान
11 जून	44 डिग्री सेल्सियस
10 जून	43 .5 डिग्री सेल्सियस
9 जून	42 डिग्री सेल्सियस
8 जून	43 डिग्री सेल्सियस
7 जून	41 डिग्री सेल्सियस
6 जून	40 डिग्री सेल्सियस
5 जून	41 डिग्री सेल्सियस
4 जून	42 डिग्री सेल्सियस
3 जून	43 डिग्री सेल्सियस
2 जून	42 डिग्री सेल्सियस
1 जून	43 डिग्री सेल्सियस

फॉल्ट से 9 घंटे ठप रही बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: बिजली के उपकरणों में अलग-अलग स्थानों पर फाल्ट होने से वितरण खंड द्वितीय के कई मोहल्लों जिगर कॉलोनी, बंगला गांव, दसवां घाट, नवाबपुरा में रात 12 बजे के बाद बिजली गुल हो गई। जिससे इन मोहल्लों में रहने वाले ढाई हजार उपभोक्ताओं को सुबह 9 बजे तक बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। वहीं अन्य स्थानों पर आपूर्ति सुबह सात बजे सुचारु हो पाई।

मंगलवार की सुबह सात बजे दौलत बाग विद्युत केंद्र पर जिगर कॉलोनी बंगला गांव के लोगों को रात में हुए फाल्ट के बारे में जाकर बताना पड़ा। जिसके बाद 9 बजे तक फाल्ट सही हो पाया। रात 12 बजे जिगर कॉलोनी और बंगला गांव के बीच रखे 650 केवीए के ट्रांसफार्मर में तेज धमाके के साथ फाल्ट हो गया। जिसके बाद कई बार स्थानीय निवासियों ने बिजली कर्मचारियों को फोन किया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। जिससे दोनों मोहल्लों में रहने वाले एक हजार घरों में 9 घंटे तक बिजली कटौती रही। वहीं नवाबपुरा मोहल्ले में सुबह 4 बजे तारों में आग लग गई। जिससे बाद बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सुबह 11 बजे मौके पर पहुंचे बिजली कर्मचारियों ने तार जोड़े। यहां सात घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। मोहल्ला लालबाग चौकी के पास रखे ट्रांसफार्मर की लीड में रात तीन बजे आग लग गई। जिसके कुछ देर बाद बिजली आपूर्ति बंद हो गई। सुबह दस बजे तक बिजली आपूर्ति गुल रहने से इस ट्रांसफार्मर से जुड़े 350 परिवारों को सात घंटे बिजली आपूर्ति की मार झेलनी पड़ी।



लाल बाग में विद्युत पोल पर तार ठीक करता कर्मचारी।

☞ दौलत बाग, लालबाग और नवाबपुरा में ओवरलोडिंग से उपकरणों में फाल्ट हो रहे हैं। जिसके लिए बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चेकिंग शुरू की गई है। जिससे जल्द ओवरलोडिंग से राहत मिलेगी और फाल्टों पर काबू पाया जा सकेगा।

–**शैलेंद्र सिंह**, अधिशासी अभियंता वितरण खंड (द्वितीय)

निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

1 जुलाई से शुरू करें अटल आवासीय स्कूल

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने मंगलवार को बिलारी तहसील के पीपली गांव में बन रहे अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने 1 जुलाई से विद्यालय को प्रारंभ करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी को बताया गया कि प्रथम बैच में 360 छात्र/छात्राएं पढ़ेंगे। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में अकादमी ब्लॉक, सीनियर गर्ल्स हॉस्टल, प्रिंसिपल आवास, कर्मचारी आवास टाइप 1 व 2 का निर्माण कार्य पूरा पाया गया। फाइनल टच देने का कार्य प्रगति पर मिलने पर संतोष जताया।

उन्होंने 31 जुलाई तक ब्वॉयज हास्टल, फैकल्टी रेजिडेंस टाइप 3, एसटीपी, वाटर टैंक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण (भवन) को निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान लोकनिर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

दस्तकारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित

मुरादाबाद, अमृत विचार: प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों व पारंपरिक कारीगरों के विकास के लिए मेटल हैण्डीक्राफ्ट में एक जनपद एक उत्पाद टूलकिट योजना लागू की है। योजना में जिले में इस ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण के बाद टूलकिट और मानदेय प्रदान किया जाता है। योजना के अन्तर्गत जिले के दस्तकारों/कारीगरों से आनलाइन आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट (www.msme.up.gov.in) पर आमंत्रित किए जा रहे हैं।

संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बताया कि आवेदन करने की तिथि को प्रशिक्षार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षार्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है।

नीट की प्रक्रिया की हो सीबीआई जांच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नीट परिणामों में गड़बड़ी को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। साथ जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को ज्ञापन सौंपा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा के आयोजन के दौरान गड़बड़ियां, परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया व परीक्षा परिणाम पर उठ रहे प्रश्नों के समाधान के लिए सीबीआई जांच की मांग की। इस परीक्षा के आयोजन के दिन ही देश के अलग-अलग हिस्सों में गड़बड़ियां सामने आई थी। अलग-अलग स्थानों पर सॉल्वर पकड़े गए, साथ ही कुछ स्थानों पर प्रश्न पत्र बांटने आदि में भी गड़बड़ी मिली। विभाग संयोजक अमन शर्मा ने कहा कि मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। महानगर मंत्री रितिक चौहान ने कहा कि नीट परीक्षा परिणाम आने के बाद विद्यार्थियों की आत्महत्या करने की मामले हुए हैं यह अत्यंत दुखद है। इस मामले में उचित कार्रवाई होनी चाहिए। इस अवसर पर पुनीत अग्रवाल, गौरव छतरिय, अस्मित चौधरी, सोहित राघव, अभिषेक चौहान, आकाश सैनी, सचिन राजपूत, तुषार, पंकज, गौरव, पायल यादव, प्रियंका आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन देते एबीवीपी के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

उत्साह | गर्मियों की छुट्टी में अभ्यास को पहुंच रहे खिलाड़ी, सफलता के लिए बहा रहे पसीना

स्टेडियम में बढ़ रही खिलाड़ियों की सक्रियता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: सोनकपुर स्टेडियम में इन दिनों खिलाड़ियों की हलचल बढ़ गई है। गर्मियों की छुट्टी में युवा खिलाड़ी खेलों के अभ्यास के लिए स्टेडियम पहुंच रहे हैं। यहां 10 से भी ज्यादा खेलों के खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में इन दिनों खिलाड़ी खूब पसीना बहा रहे हैं। तेज गर्मी होने के बाद भी स्टेडियम में खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बच्चे व युवा खिलाड़ी गर्मियों की छुट्टी में खूब पसीना बहा रहे हैं। वह इन दिनों अपने खेलों को पर्याप्त समय दे रहे हैं। यहां क्रिकेट, बैडमिंटन, हैंडबॉल, बॉस्केटबाल, हॉकी समेत दस से भी ज्यादा खेलों के खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। फुटबॉल कोच सचिन विश्नोई ने बताया कि इन दिनों फुटबॉल में पंजीकृत सभी खिलाड़ी अभ्यास को पहुंच रहे हैं। नए खिलाड़ी भी खूब अभ्यास कर रहे हैं। छुट्टियों में अक्सर यहां खिलाड़ियों की संख्या बढ़ जाती है। स्कूली दिनों में पंजीकृत खिलाड़ी भी अभ्यास से दूरी बना लेते हैं। एथलीट खिलाड़ी सोनिया, हैंडबॉल खिलाड़ी पायल ने कहा कि गर्मी भले ही बहुत ज्यादा है। लेकिन, इन दिनों में अभ्यास का अपना अलग मजा है। जितना ज्यादा पसीना बहता है, उतनी नई ऊर्जा पैदा होती है। छुट्टियां होने की वजह से अभ्यास के लिए अधिक खिलाड़ी आ रह हैं। जिससे अभ्यास का रोमांच बढ़ गया है।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में अभ्यास को पहुंचे खिलाड़ी, साथ में कोच। ● अमृत विचार

☞ युवाओं और बच्चों के लिए यह दिन बहुत अहम होते हैं। छुट्टियों में वह खेलों को पर्याप्त समय दे पाते हैं। स्टेडियम में सुबह शाम खिलाड़ी अभ्यास को पहुंच रहे हैं। हमारी कोशिश है कि हम सभी खिलाड़ियों को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराए।

–**प्रेम कुमार**, जिला क्रीड़ा अधिकारी

जेईई में सफलता पर दिव्यांश को ब्राह्मण समाज ने किया सम्मानित। ● अमृत विचार

दिव्यांश जोशी का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: दिव्यांश जोशी को जेईई में सफलता पर ब्राह्मण समाज ने मंगलवार को उनके घर जाकर सम्मानित किया।

खुशहालपुर बैंक कॉलोनी निवासी वन विभाग में कार्यरत सुरेश चंद्र जोशी के पुत्र दिव्यांश जोशी ने जेईई मेंस में 89वीं रैंक हासिल की, तो वहीं एडवांस में 328वीं रैंक पाकर परिवार और समाज का नाम रोशन किया। दिव्यांश की सफलता पर ब्राह्मण समाज ने दिव्यांश को उनके घर जाकर पगड़ी, पटका, मोतियों की माला पहनाने के साथ ही भारत माता और भगवान परशुराम जी का चित्र भेंट किया। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप शर्मा, धवल दीक्षित, संजय स्वामी, कार्तिकेय उपाध्याय, नीटू उपाध्याय, मयंक शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, दीपक जोशी, भरत तिवारी आदि मौजूद रहे।

BHARAT MAXILLO FACIAL SURGERY & DENTAL IMPLANT CENTRE

Dr. Amit Yadav
BDS, MDS
(Oral & Mxillo Facial Surgeon)



• दाँतों की समस्त बीमारियों का इलाज।
• बाहर निकलें दातों को तार बांधकर व्यवस्थित करना।
• मसूड़ों की हड्डी में स्थाई दाँत लगाना।
• जबड़े की रसौली का इलाज।
• जबड़ें व चेहरे की हड्डियों के फ्रेक्चर का अत्याधुनिक तकनीक (मिनी प्लेटिंग) द्वारा इलाज।

Shahpur Tigri Road, Near Khushalpur Police Chowki, Moradabad.
Mob- 9457168237, 7579663555

Resonance®
Educating for better tomorrow
KOTA'S RESONANCE
STUDY CENTER MORADABAD
Admission open
Class 6 to 10th
Class 11 & 12
NEET/JEE
JEE (Advanced) Top Rankers
AIR 6 KARTHIKEYA POLISETTY JEE (Adv.) 2022
AIR 7 BIKKINA A. CHOWDARY JEE (Adv.) 2023
AIR 8 DHEERAJ KURUKUNDA JEE (Adv.) 2022
NEET (UG) Top Rankers
AIR 13 VRAJESH V. SHETTY NEET (UG) 2022
AIR 27 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2022
AIR 60 RISHIT AGARWAL NEET (UG) 2023
upto 100% Scholarship
Address:- Reso Tower, Wave Green, opp. Wave Mall. Ramganga Vihar, Moradabad Cont. No. 9634290001, 8193061111

आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी।

44.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:13

मूल सुधार

7 जून के अंक में पेज नंबर 3 पर 'मुरादाबाद में अपना बूथ भी नहीं जिता सके भाजपा प्रदेश अध्यक्ष' शीर्षक खबर में त्रुटिवश उनके विल्सोनिया इंटर कालेज के बूथ नंबर 239 पर भाजपा प्रत्याशी को सिर्फ नौ वोट मिले हैं प्रकाशित हो गया है। जबकि इस केंद्र पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का बूथ नंबर 249 है और यहां भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह को सर्वाधिक 316 वोट मिले हैं। गलत तथ्य प्रकाशित हो जाने के लिए हमें खेद है। अमृत विचार सकारात्मक पत्रकारिता का आग्रही है और किसी की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के प्रयासों को सहन नहीं करता। हम प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पूरा सम्मान करते हैं। प्रश्नगत मामले में संबंधित सहयोगी के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की गयी है।
संपादक

कुंभ, गरीब रथ समेत चार ट्रेनों के बदलेंगे रूट

रेलवे ने 20 से 26 जून तक लिया मेगा ब्लॉक, 22 ट्रेनों के संचालन पर पड़ेगा असर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रेलवे प्रशासन द्वारा दुगनपुर यार्ड में काम के लिए सात दिनों का मेगा ब्लॉक लिया गया है। जिसके तहत यार्ड में 20 से 26 जून तक नॉन इंटरलाकिंग वर्क किया जाएगा। जिसका असर 22 ट्रेनों पर पड़ेगा। गरीब रथ, कुंभ समेत चार ट्रेनों को चंदौसी-बरेली कैंट होकर चलाया जाएगा। जबकि डिब्रूगढ़ राजधानी समेत 18 ट्रेनें रेग्युलेट व रिशेड्यूल होकर संचालित होंगी।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि यार्ड में बिना बाधा के रेल संचालन को गति देने के लिए मंडल में दुगनपुर यार्ड में नॉन इंटरलाकिंग काम कराएगा। मुरादाबाद से बरेली रेल सेक्शन में दुगनपुर में यार्ड की मरम्मत व विकास कार्य होंगे। नॉन इंटरलाकिंग का काम सात दिन चलेगा। 20 से 26 जून तक चलने वाले काम से रेल संचालन पर असर पड़ेगा। 22 व 23 जून को डिब्रूगढ़ जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस (20504 व 20506) नई दिल्ली से सवा घंटे की देरी से चलेगी। जनसेवा-15211 भी डिब्रूगढ़ से 20 से 26 जून तक सवा घंटे देरी से रवाना किया जाएगा। गरीब रथ-12204 व अमृतसर जनसेवा (14603) व श्रीमाता वैष्णोदेवी से गोहाटी-04680 स्पेशल ट्रेन भी ओरिजिनेटिंग स्टेशन से दो घंटे से छह घंटे देरी से चलेगी। इसी तरह राजधानी डिब्रूगढ़, जनसेवा-15211 व गुरुमुखी एक्सप्रेस-12326, काशी विश्वनाथ-15128, श्रीमाता वैष्णोदेवी से बनारस (04624), आनंद विहार-सहरसा (04028) व आनंद विहार से मऊ (05310) स्पेशल ट्रेनों को रास्ते में अलग-अलग समय के लिए रोक कर चलाया जाएगा। इसके अलावा दुगनपुर में मेगा ब्लॉक के चलते चार ट्रेनों को रूट बदलकर चलाया जाएगा। गरीब रथ-12204 ट्रेन 22 जून, अवध आसाम एक्सप्रेस-15909 ट्रेन 18 व 22 जून, कुंभ एक्सप्रेस-12369 ट्रेन 19 व 23 जून को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट होकर चलाया जाएगा।


रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

दो अतिरिक्त समर स्पेशल ट्रेनों का होगा संचालन

मुरादाबाद, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए लगातार समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है। इसी बीच रेलवे ने दो और समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि सहरसा से सरहिंद के लिए स्पेशल ट्रेन बुधवार से चलाई जाएगी। इसकी वापसी 14 जून को सरहिंद से होगी। ट्रेन में सहारनपुर, मुरादाबाद स्टेशन पर स्टापेज होगा। जबकि दूसरी समर स्पेशल ट्रेन 13 जून को दरभंगा से अमृतसर के लिए चलेगी। एक फेरे की इस ट्रेन को 15 जून को अमृतसर से चलाया जाएगा। ट्रेन गाजियाबाद, मुरादाबाद, सीतापुर स्टेशनों पर रुकेंगी। ट्रेन में जनरल और स्लीपर कोच भी लगाए गए हैं।

समय पर नहीं पहुंच रहीं ट्रेनें, यात्री परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार : दो महीने से भीषण गर्मी में ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। जिसके चलते यात्री दुश्वारियों भरा सफर करने को मजबूर हैं। गर्मी में ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों का बुरा हाल कर दिया है। प्रतिदिन दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ स्पेशल ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। गर्मी के बीच ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर न पहुंच कर यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन रही हैं। प्रतिदिन दैनिक ट्रेनों के साथ-साथ समर स्पेशल ट्रेनें भी 5-10 घंटे की देरी से पहुंच रही हैं। जिसके कारण यात्रियों को सफर से ज्यादा स्टेशन पर ही समय काटना पड़ रहा है। मंगलवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली कई समर स्पेशल व दैनिक ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची। जिसके कारण यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी। जिसमें 12557 सप्तक्रांति सुपरफास्ट तीन घंटे 28 मिनट, 04651 अमृतसर क्लोन एक्सप्रेस तीन घंटे 11 मिनट, 14241 नौचंदी एक्सप्रेस एक घंटे 29 मिनट, 13009 दून एक्सप्रेस दो घंटे 15 मिनट, 22446 कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक एक घंटे 59 मिनट, 04360 ऋषिकेष-चंदौसी पैसेंजर दो घंटे तीन मिनट लेट रहीं।

ख्वाजानगर में हैंडीक्रॉफ्ट फैक्ट्री में लगी आग पर मिट्टी डालती जेसीबी। ● अमृत विचार

हैंडीक्रॉफ्ट फैक्ट्री में लगी आग में जलकर 12 लाख का माल खाक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में दोपहर बाद पंडित नगला में गागन की मिलक ख्वाजानगर में गागन तिराहा के पास हैंडीक्रॉफ्ट फैक्ट्री में आग लग गई। मौके पर अग्निशमन दल की टीम आग पर काबू पाने के लिए जद्दोजहद कर रही है।

टीम में मौजूद अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस फैक्ट्री में एल्युमिनियम की वस्तुएं बनती हैं व उनकी फिनीशिंग होती है। इस फैक्ट्री में अचानक तापमान बढ़ाने से आग लगी है। इसे बुझाया जा रहा है। कोई जनहानि नहीं है। आग लगने के कारण की जांच कर रहे हैं। फैक्ट्री में स्क्रैप था, उसी में आग लगी है। इसलिए कोई अधिक नुकसान नहीं है। दो वॉटर टेंडर आग बुझाने में लगे हैं। यह फैक्ट्री संभल रोड गागन का पुल निवासी मो. कामिल की है। उन्होंने बताया कि उनकी फैक्ट्री में निर्माण का कोई कार्य नहीं होता है। विभिन्न फैक्ट्रियों से एल्युमिनियम का बुरादा खरीदकर लाते हैं, जिसे साफ-सफाई कर उसे बिक्री करते हैं। इस एल्युमिनियम बुरादे से प्रेशर कुकर बनाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री में लगा एल्युमिनियम का बुरादा जलकर राख हो गया है। इसमें उनका 12 लाख रुपये से भी अधिक का नुकसान हुआ है।

एक नजर

गैंगरेप के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

मुरादाबाद, अमृत विचार : नागफनी थाने में गैंगरेप के आरोप में एफआईआर दर्ज है। अभी तक इस मामले में नामजद व अन्य आरोपियों की पुलिस ने गिरफ्तारी तक नहीं की है। परेशान पीड़िता ने मंगलवार को एसएसपी से गुहार लगाई है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी को मैनाठेर के हुसैनपुर बस्तौर निवासी बॉबी, नागफनी के नवाबपुरा घोसियों वाली पुलिया निवासी कुलदीप और उसके साथी ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर बुलाया था। तीनों आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट कर सिर फोड़ दिया था। इस मामले में 27 मई को नागफनी थाने में दो नामजद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। महिला ने बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद से अब तक पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की है। महिला का आरोप है कि आरोपी और पुलिस अब इस मामले में फैसले के लिए दबाव बना रहे हैं। फैसला न करने पर आरोपी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने एसएसपी से मांग की है कि आरोपियों की गिरफ्तारी की जाए। एसएसपी ने नागफनी थानाध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

नवंबर तक तैयार हो जाएगा नया पुल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: रेलवे द्वारा बनाया जा रहा नया कपूर कंपनी पुल की नींव तैयार करने का कार्य शुरू कर दिया गया। नया पुल बनाने के लिए लगभग 10 गड्ढे खोदे गए। जिसके बाद नींव रखी गई। नींव बनाने का काम लगभग एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद रेलवे को लखनऊ कार्यशाला से पुल के हिस्से बनकर आएंगे। इसके बाद पुल के दूसरे हिस्से का निर्माण कराया जाएगा।

लाइनपार की लगभग चार लाख की आबादी को महानगर से जोड़ने वाला कपूर कंपनी काफी समय से दोपहिया वाहन की आवाजाही के लिए बंद पड़ा है। मौजूदा समय में कपूर कंपनी पुल पर सिर्फ पैदल आवाजाही है। लेकिन, लोगों को हुई परेशानी के चलते रेलवे ने नया पुल बनाने का निर्णय लिया। नये पुल के डिजाइन की मुख्यालय मंजूरी के बाद निर्माण शुरू कराया गया। नया पुल लखनऊ स्थित रेलवे की वर्कशाप में तैयार कराया जा रहा है। वहीं रेलवे की टीम ने कपूर कंपनी पर नया पुल बनाने के लिए नींव रखने का काम शुरू कर दिया गया है।

रेल प्रशासन का कहना है कि नया 170 मीटर लंबा पुल नवंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा। नया पुल पुराने पुल के बिल्कुल बराबर में बनाया जा रहा है। नींव निर्माण कार्य के दौरान एसएसई डीके गुप्ता, बलजीत सिंह, ठेकेदार विशाल कुमार मौजूद रहे।

कपूर कंपनी स्थित नए पुल के लिए निर्माण कार्य करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

पुष्पेंद्र सिंह के विरुद्ध तीसरी एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : एमडीए कार्यालय में अपने आपको नक्शा अधिकारी बताने वाले पुष्पेंद्र सिंह उर्फ प्रियांशु ठाकुर के विरुद्ध तीसरी एफआईआर नागफनी थाने में दर्ज हुई है। इससे पहले सिविल लाइंस थाने में दो एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। आरोप है कि पुष्पेंद्र अपने को एमडीए कार्यालय में नक्शा अधिकारी बताकर लोगों को ठग रहा है।

पीड़ित रवि का कहना है कि उनसे पुष्पेंद्र ने 20 हजार रुपये नकद और 2.4 लाख रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर कराएं हैं। इन्होंने पुलिस को बताया है कि पुष्पेंद्र टीडीआई सिटी में रहता है। वैसे वह मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव ईशापुर चंदनपुर का रहने वाला है।

आरोप

- खुद को बता रहा था एमडीए का नक्शा अधिकारी
- नागफनी थाने में पीड़ित रवि सैनी ने दर्ज कराई रिपोर्ट

नागफनी में कटरा बंशीधर कहारों का मंदिर के पास के रहने वाले रवि सैनी ने बताया कि इस मामले में उन्होंने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर अब उनके मामले में पुष्पेंद्र सिंह व दयाराम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। दयाराम भी पुष्पेंद्र के गांव का रहने वाला है।

रवि ने बताया कि सोनकपुर आवासीय योजना के तहत मकान के पंजीकरण के लिए नवंबर 2023 में पुष्पेंद्र ने उससे दस्तावेज लिए थे। मकान की एमडीए की मोहर व हस्ताक्षरयुक्त रसीद दिखाकर घर दिलाने का आश्वासन दिया था। फिर आरोपी ने अलग-अलग तारीखों में एमडीए में धनराशि जमा करना बताकर उनसे 20,000 रुपये नकद लिए थे। इनके अलावा उनसे 2.04 लाख रुपये बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बुद्धि विहार में स्थानांतरित कराए थे।

हरथला के सुरेंद्र को भी ठगा

पिछले महीने में न्यायालय के आदेश पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने सुरेंद्र कुमार की तहरीर पर पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। सुरेंद्र कुमार हरथला सब्जी मंडी के रहने वाले हैं। आरोपी पुष्पेंद्र ने खुद को प्राधिकरण के मानचित्र अनुभाग में अपने को क्लर्क बताकर नया मुरादाबाद में 34.46 वर्ग मीटर का मकान दिखाकर 20,000 रुपये नकद ठगे। फिर किस्तों में 7,66,300 रुपये ठग लिए थे।

रेनू भारद्वाज से ठग लिए 2.20 लाख

न्यायालय के आदेश पर ही सिविल लाइंस थाना पुलिस ने रेनू भारद्वाज पत्नी नवल किशोर की तहरीर पुष्पेंद्र सिंह के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। पीड़िता रामगंगा विहार फेज-2 निवासी हैं। इनका आरोप है कि अभियुक्त पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने उनसे अपने को एमडीए का क्लर्क बताकर उससे 2.20 लाख रुपये ठग लिए हैं। इसने रेनू को समृद्धि विहार योजना गागन में मकान दिखाया था। उसका उनसे 9 लाख रुपये में सौदा किया था। पीड़िता के अनुसार, उसने थोड़े-थोड़े करके 2.20 लाख रुपये पुष्पेंद्र के बैंक खाते में दे दिए थे।

आयोजन हरियाणवी गायिका शिवा चौधरी ने जिगर मंच पर मचाई धूम, गानों से प्रदर्शनी में बांधा समां

मेरा सैंया ड्राइवर हरियाणा रोडवेज में ... पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिगर मंच पर आई शिवा चौधरी को देखकर दर्शकों ने सीटियां बजानी शुरू कर दी। उन्होंने अपने पहले गाने पर मैं तेरी गिरी, तू छुआरा मेरा से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज के मंच हरियाणवी नाइट का डॉ. मंजेश राठी, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी व प्रदर्शनी प्रभारी राहुल शर्मा ने मंच पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। मशहूर गायिका शिवा के गानों ने धूम मचा दी। वहां बेकाबू हुई दर्शकों की भीड़ को कई बार पुलिस ने लाठी दिखाकर काबू किया।

मंगलवार को जिगर मंच प्रदर्शनी समिति की ओर से हरियाणवी नाइट में हरियाणवी गायिका शिवा चौधरी आठ बजे मंच पर पहुंची। दर्शकों ने सीटियां बजाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने भी दर्शकों का हाथ उठकर अभिनंदन स्वीकारा।

फिर उसके बाद सबसे पहले मैं तेरी गिरी तू छुआरा मेरा गाना गाया। जिस पर लोग झूमने लगे। फिर मेरा सैया ड्राइवर हरियाणा रोडवेज में गाने पर लोग कुर्सियों पर खड़े होकर नाचने लगे। तेने अख्या में बसा लू मैं जठे, तेने छाती से लगा लूं मैं जठे, हो गजबी रखूंगी पलका पे मैं बिठाके गानों से धूम मचा दी। वहीं शिवा ने मेरे दिल में बसे हैं राम की शानदार प्रस्तुति से लोगों को रोमांचित कर दिया। शिवा को सुनने आए युवाओं की भीड़ मंच के नजदीक आने लगी तो वहां तैनात भारी पुलिस बल ने भीड़ को काबू किया। इसके बाद शिवा चौधरी नगंडा कै ब्याह दी गाने पर जमकर नाची जिस पर साथ दर्शकों ने जमकर डांस किया।

- कुर्सियों पर खड़े हो कर नाचे युवा, बिगड़ी व्यवस्था, पुलिस ने किया काबू

प्रदर्शनी में आयोजित हरियाणवी नाइट में मौजूद दर्शक। ● अमृत विचार

जिगर मंच पर प्रस्तुति देती शिवा चौधरी।

नंगड़ा कै ब्याह दी.. हरियाणवी गीत से शिवा चौधरी ने पाई बुलंदी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- साधारण किसान परिवार में जन्मी शिवा ने कमाया नाम

अमृत विचार: रुड़की के गांव लिवरेडी में साधारण किसान के घर जन्मी गायिका शिवा चौधरी ने हरियाणवी गीत गाकर मशहूर गायकों की श्रृंखला में अपना नाम दर्ज कराया है। परिवार व रिश्तेदारों की रोकटोक बीच 14 साल तक उन्होंने संघर्ष किया। लेकिन, नंगड़ा के ब्याह दी .. हरियाणवी गीत से शिवा चौधरी ने बुलंदी पाई।

शिवा चौधरी ने बताया कि वो सबकी नजरों से बचकर सर्दियों में सुबह छह बजे अंबाला की रहने अपनी गुरु निधि नारंग के घर स्वरों का ज्ञान लेने जाती थी। इस सब में उनकी मां सरिता और पिता अमरेश ने आगे बढ़ाने में उनका बहुत सहयोग किया है। उन्होंने बताया कि उनके घर की आर्थिक स्थिति ज्यादा ठीक नहीं थी। वो बीएससी बीएड हैं। साथ ही वो विज्ञान की टीचर रही हैं। आर्थिक संकट के लिए उन्होंने सबसे पहले रुड़की के ही एक स्कूल में विज्ञान पढ़ाने के लिए 2200 रुपये की नौकरी की। 2019 में वो अपने गाने सबको भुला दूंगी... के लिए फेमस हुईं। इसके बाद कोरोना कॉल आ गया। 2022 में नंगड़ा कै ब्याह दी... गीत से फिर शोहरत हासिल की। उसी समय उनकी बड़ी बहन की बैंक में सरकारी नौकरी लग गई। उनका छोटा भाई युगल उनके साथ डायरेक्शन का काम करता था। आज वो अपने मशहूर गीत 'मैं तेनुसु प्यारी तू प्यार मेरा, मैं तेरी गीरी तू छुआरा मेरा।' से देश ही नहीं दुनिया में जानी जा रही हैं।

महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर कुंडल लूटे

पाकबड़ा, अमृत विचार: ऑटो में सवार एक बुजुर्ग महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके कानों के कुंडल व रुपये लूट लिए। लुटेरे बेहोशी की हालत में महिला को सड़क किनारे डालकर फरार हो गए। राहगीर ने परिजनों को फोन पर सूचना दी। पाकबड़ा कस्बे की निवासी हमसरी बेगम को उनके बेटे मोहम्मद आजम ने सोमवार की सुबह को 11 बजे पाकबड़ा टेंपो स्टैंड से ऑटो में बिठाया था। उन्हें कपूर कंपनी जाना था। मोहम्मद आजम ने दी तहरीर में बताया कि उसके बाद 11:30 बजे माता जी के फोन से कॉल आई कि यह महिला कपूर कंपनी के बराबर में रेलवे कॉलोनी में बेहोशी की हालत में पड़ी है। मौके पर पहुंच कर देखा तो वह बेहोशी की हालत में पड़ी थी। उनके दोनों कानों के कुंडल, हाथ की सोने की अंगूठी एवं पर्स में रखे 2500 रुपये गायब थे। हमने उन्हें ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

एक नजर

जयंत चौधरी के मंत्री बनने की खुशी में मिठाई खिलाते रालोद कार्यकर्ता।

जयंत चौधरी के राज्यमंत्री बनने पर जताई खुशी

मुरादाबाद, अमृत विचार : राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को भारत सरकार में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी जाहिर की गई है। युवा प्रदेश सचिव राहुल चौधरी के नेतृत्व में कांठ रोड पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। साथ ही सभी साथियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

महाराज सुहेलदेव का विजय दिवस मनाया

मुरादाबाद, अमृत विचार : दिल्ली रोड स्थित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी कार्यालय पर सोमवार को दीप प्रज्वलित कर महाराज सुहेलदेव का विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष रवि चौधरी ने बताया कि 10 जून को यह आयोजन उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष रवि चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष विनीत शंकर, प्रचार मंत्री विजय सेठ, महानगर महामंत्री प्रशांत सिंह, वार्ड अध्यक्ष उमा आर्य, आशु चौधरी, प्रियम सहगल, अक्षत गोयल, जतिन रॉय, सूरज सैनी, सोनू, विशाल, राहुल ठाकुर, रोहित सैनी आदि मौजूद रहे।

मास्टर अतीक का निधन

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के जन्नत निशा स्कूल के डायरेक्टर मास्टर मोहम्मद अतीक का मंगलवार को निधन हो गया।

मास्टर मोहम्मद अतीक के बारे में बताया जाता है कि उन्होंने मुस्लिम समाज की लड़कियों को शिक्षा दिलाने के लिए अपनी करोड़ों की संपत्ति शिक्षा के लिए समर्पित कर दी थी। उनका कहना था कि अगर मुस्लिम युवतियां पढ़ेगी तो वह अपनी आने वाली नस्लों को भी शिक्षा देंगी। मास्टर मोहम्मद अतीक मुगलपुरा के शौकत बाग स्थित अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैय्यद अहमद खां के मकान में रहते थे। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। मंगलवार को उनका इंतकाल हो गया। मंगलवार रात 10 बजे उन्हें जन्नत निशा स्कूल में ही सुपुर्द खाक कर दिया गया। उनकी मौत से महानगर में शोक की लहर दौड़ गई।

देहात विधान सभा क्षेत्र में धन्यवाद यात्रा निकालते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कांग्रेसियों ने निकाली धन्यवाद यात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिला कांग्रेस की ओर से मंगलवार को देहात विधानसभा क्षेत्र के भोजपुर में धन्यवाद यात्रा निकाली गई। इस दौरान कांग्रेसियों ने विभिन्न मार्गों पर पार्टी के समर्थन में जोरदार नारेबाजी कर जनता का धन्यवाद किया।

लोकसभा चुनाव में भरपूर समर्थन देने के लिए कांग्रेसियों ने जनता का आभार जताने के लिए जनपद में 11 जून से 15 जून तक धन्यवाद यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। जिसकी शुरूआत मंगलवार को देहात विधानसभा के भोजपुर से की गई। भोजपुर में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद की अगुवाई में कांग्रेसियों ने जनता का धन्यवाद यात्रा के जरिये आभार जताया। इस मौके पर अफजल अंसारी, प्रवक्ता सुधीर पाठक, मोहतशीम मुख्तार, राजेन्द्र वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, गुड्डे भाई, ब्लॉक अध्यक्ष अतीक अहमद, नगर अध्यक्ष नईम चौधरी व फईम चौधरी समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

नकली सीमेंट बनाने वाले तीन अभियुक्तों को सजा

मुरादाबाद, अमृत विचार : धोखाधड़ी के मामले में न्यायालय ने मंगलवार को तीन अभियुक्तों को सजा सुनाई है। इन अभियुक्तों में जरीफ, मोहम्मद उमर और अख्तर हैं। इन्हें दो वर्ष को साधारण कारावास व प्रत्येक को 7000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

शासकीय अधिवक्ता राकेश भारती ने बताया कि मंगलवार को न्यायालय एसीजेएम-4 तपस्या त्रिपाठी ने लंबी सुनवाई एवं बहस के बाद आदेश पारित किया है। उन्होंने बताया कि दोष सिद्ध अभियुक्तों को छजलैट थाने के दरोगा नवाब सिंह ने नकली सीमेंट बनाते हुए पकड़ा था। इनके पास से दरोगा ने 34 कट्टे नकली सीमेंट बरामद की थी। दरोगा ने अभियुक्तों के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप में वर्ष 1997 में छजलैट थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इन अभियुक्त में जरीफ पुत्र शरीफ, मोहम्मद उमर पुत्र अली मुल्ला और अख्तर पुत्र अब्दुल सकूर है, जो उजारी थाना सैद नंगली जिला अमरोहा के रहने वाले हैं।

जघन्य घटनाओं में हत्या जैसे मामलों का भी खुलासा, आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

अपराध में गिरावट, अर्जियों के निस्तारण में भी तेजी

● चरित्र प्रमाण पत्र के आवेदन लंबित मिले, आईजीआरएस का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मुनिराज जी ने पुलिस कार्यालय, विभिन्न शाखाओं और थाने का निरीक्षण करने के दूसरे दिन पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से बातचीत की।

उन्होंने बताया कि पुलिस अधिकारियों व थानाध्यक्षों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की है। इसमें देखने में आया है कि पिछले एक वर्ष से अपराध में काफी हद तक गिरावट आई है, जो जघन्य घटनाएं हुई हैं उनमें हत्या जैसे अपराध शामिल हैं। उन घटनाओं का भी पुलिस ने समय से खुलासा किया है और आरोपियों की गिरफ्तारी कर उन्हें जेल भेजा है। डीआईजी ने कहा, निरीक्षण में उन्होंने जनसुनवाई व आईजीआरएस सेल में बारीकी से जांच-पड़ताल की है। इसमें पाया कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण पूरी तरह से गुणवत्तापूर्ण है। प्रार्थना पत्रों पर पुलिस ने गंभीरता से कार्रवाई की है। पीड़ित पक्ष को पुलिस से उम्मीद पूरी हुई है।

पत्रकारों से बातचीत करते डीआईजी मुनिराज जी, साथ में एसएसपी।

ग्राम प्रहरियों के साथ करेंगे कार्यशाला

डीआईजी ने बताया कि उन्होंने ग्राम प्रहरियों से बात की है। उनसे कहा है कि गांव-क्षेत्र में जो भी अपराध हो, उसकी सूचना दें। गुंडा, हिस्ट्रीशीटर के अवैध कार्यों की सूचना दें। थानाध्यक्षों से कहा है कि अपराध रोकने के लिए इन लोगों से अधिक से अधिक सहयोग लें। उन्होंने कहा कि जल्द ही ग्राम प्रहरियों की कार्यशाला कराएंगे।

साइबर क्राइम : अभियान चलाकर करेंगे जागरूक

साइबर क्राइम की बात पर डीआईजी ने कहा कि थाना स्तर पर साइबर हेल्प डेस्क स्थापित हैं। जिले में भी साइबर थाना खुला है। कोई भी साइबर क्राइम की घटना तुरंत पोर्टल पर दर्ज होती है। डीआईजी ने कहा, साइबर क्राइम से सतर्क रहने के प्रति आमजन में जागरूकता का अभाव है। उन्होंने अभियान चलाकर ग्रामीण क्षेत्र में भी चौपाल लगाकर लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने की बात कही।

नए कानून को लेकर पुलिस तैयार

डीआईजी ने कहा कि एक जुलाई से नए तीन आपराधिक कानून लागू होने वाले हैं। इनके प्रति पुलिस की पिछले तीन-चार महीने से तैयारी चल रही है। ऑनलाइन प्रशिक्षण भी चल रहा है। अभी 15 जून से दरोगा का प्रशिक्षण शुरू होने वाला है। इन नए कानूनों की बुकलेट भी आ गई हैं। उन्हें अध्ययन के लिए थाना स्तर पर दिया जा रहा है।

भंडारे में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपुल संस्था ने किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: महिला संस्था यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपुल के द्वारा ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगल के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था की महिलाओं ने भंडारे का प्रसाद वितरण किया। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

क्लब की ओर से हर सप्ताह की भांति इस सप्ताह भी मनोकामना मंदिर के पास रामगंगा विहार सोनकपुर स्टेडियम के पास विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। क्लब की महिलाओं ने मंदिर के बाहर भंडारे का प्रसाद वितरण किया। इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। संस्था की अध्यक्षा नेहा मल्होत्रा ने बताया कि हमारे क्लब के द्वारा लगातार विभिन्न अवसरों पर धार्मिक आयोजन व भंडारे किए जाते हैं।

संस्था की महिलाओं के सहयोग से ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार के उपलक्ष्य में भंडारा आयोजित किया गया हैं। इस अवसर पर मिली सिक्का, अदिति गोयल, संजना भटनागर, रावजीत कौर, दिव्या अग्रवाल, मानसी टंडन, बीनू आहूजा, पूनम भटनागर, प्रतिभा, शालिनी गुप्ता, वांशी, नुपूर गुप्ता, शिवानी वर्मा, अनामिका सरीन, अनीता, पूजा शुक्ला, मेघा नरूला, सुचिता मेहरा, वंदना आदि मौजूद रहीं।

मनोकामना श्री हनुमान मंदिर पर भंडारे में प्रसाद ग्रहण करतीं महिलाएं।

हाथी वाला मंदिर में आरती करते पुजारी परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सभी संकटों का हरण करने वाले हैं हनुमान जी

मुरादाबाद, अमृत विचार : राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगल (बड़ा मंगल) के अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इसका आयोजन कानून गोयान स्थिति श्री राम गंगा गोशाला निकट हाथीवाला मंदिर में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि सभी संकटों का हरण करने वाले हैं संकट मोचन हनुमान जी। ज्येष्ठ माह के मंगलों का बड़ा महत्व है जो ज्येष्ठ माह में हनुमान जी की पूजा उपासना करते हैं। हनुमान जी उसके सारे संकट हर लेते हैं। इस दौरान अनुज राजपूत, पंडित विनीत शर्मा, पंडित दिनेश शर्मा, पुजारी महेंद्र, राकेश टंडन, शम्मी रस्तोगी, सौम्या भटनागर, सुरेश चंद गुप्ता, बबलू भटनागर, अज्जू भटनागर, कैलाश भटनागर, अनिल रस्तोगी, शिव शंकर बंसल, सुशील रस्तोगी, पंडित पवन पांडे आदि ने भाग लिया।

डीएम ने ग्राम प्रधान को जारी किया नोटिस

मुरादाबाद, अमृत विचार: ग्राम पंचायत तेबर पट्टी उर्फ काजीपुरा में ग्राम प्रधान के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायतों पर कराई जांच में आरोप सही पाए गए हैं। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधान से सप्ताह भर में उन पर लगे आरोपों का जवाब मांगा है। समय के भीतर जवाब नहीं देने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

कुंदरकी ब्लॉक गांव तेबर पट्टी उर्फ काजीपुरा की प्रधान जोया आसिफ पर उसी के गांव निवासी हरपाल पुत्र पूरन सिंह व अन्य ग्रामीणों ने गांव में विकास कार्य नहीं कराने की शिकायत जिलाधिकारी से की थी। जिसमें प्रधान पर ग्राम पंचायत में नियमानुसार ग्राम पंचायत की बैठकों का आयोजन नहीं कराने व ई-ग्राम स्वराज बाउचर में चौपाल से सोमपाल के घर तक कार्य दर्शाया गया है । जबकि कार्यपूर्ति प्रमाणपत्र में कार्य का नाम कुछ और दर्शाया गया है। कई गंभीर आरोपों में डीएम ने प्रधान जोया आसिफ पर लगे आरोपों की जांच कराई थी। जिसमें प्रधान पर लगे सभी आरोप सही पाए गए। डीएम ने ग्राम प्रधान को सप्ताह भर अपने ऊपर पर लगे आरोपों का जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। जिसमें सप्ताह भर में नोटिस का जवाब नहीं देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

भाजपा नेता को दुकान पर घेरा जान से मारने की दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● दो भाइयों चेतराम व टीकाराम की हो चुकी है हत्या, भूकम सिंह ने पूर्व पार्षद पर लगाए हैं आरोप

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नेता को सोमवार रात नौ बजे के दौरान धमकाने का मामला सामने आया है। पीड़ित भूकम सिंह सैनी ने बताया कि वह पूर्व में जिला उपाध्यक्ष के पद पर रहे हैं। पूर्व में उनके दो भाई चेतराम सैनी व टीकाराम सैनी की हत्या हो चुकी है। 10 जून को वह अपनी दुकान पर थे, उसी दौरान कुछ अज्ञात लोग आए और धमकाने लगे कि जो हाल पहले उनके भाई चेतराम व टीकाराम का हुआ था, वही हाल तुम्हारा करेंगे।

आरोप है कि जो लोग उनकी दुकान पर आए थे, उनके पास हथियार थे। दुकान के बाहर उनके साथ 25-30 लोग मौजूद थे। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भाग गए। भूकम सिंह ने बताया कि जब उन्होंने मुहल्ले में जानकारी की तो मालूम हुआ कि हमला करने के लिए आरोपियों को पूर्व पार्षद व उनके बेटे ने भेजा था। आरोप है कि भूकम सिंह को धमकवाने वाले लोग भी उनके घर के पास ही खड़े थे। आस-पड़ोस की भीड़ एवं पुलिस के आने पर आरोपी अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। भूकम सिंह ने बताया कि एसएसपी को संबोधित प्रार्थना पत्र पोर्टल पर ऑनलाइन कराया है। पीड़ित ने बताया कि घर में ही परचून की दुकान है, वह घटना के दौरान दुकान पर ही मौजूद थे। उनके बड़े भाई चेतराम व टीकाराम प्रापर्टी का काम करते थे। उसमें आरोपी पूर्व पार्षद उनका पार्टनर था। उसी ने उनके भाई चेतराम की 6 दिसंबर 2007 को एवं टीकाराम की 3 अप्रैल 2008 को हत्या करा दी थी। अब तीन भाइयों में वही जीवित बचे हैं। वह जयंतीपुर पुरानी आबादी में रहते हैं। जयंतीपुर पुलिस चौकी इंचार्ज पवन कुमार ने बताया कि वह मौके पर गए थे। पता चला है कि है कि मुहल्ले में आपसदारी का मामला है। भूकम सिंह का कोई निजी मामला नहीं है। बातचीत चल रही है प्रकरण लल् निस्तारित हो जाएगा।

गोकशी के आरोपियों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि जिले में लगातार गोकशी की घटनाएं हो रही है, अवशेष खुले स्थान में मिल रहे हैं। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

महानगर संयोजक अभिनव भटनागर के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में बताया गया है कि 22 अप्रैल को थाना कटघर क्षेत्र में मांस एवं गोवंशीय खाल से भरी गाड़ी निकल रही थी। जिसे कार्यकर्ताओं ने पुलिस की मदद से रोक लिया। इस दौरान गो तस्कर गाड़ी में से निकलकर भाग गए। पुलिस गाड़ी को अपने साथ ले गई और थाने में गाड़ी न लाकर अन्य किसी के कारखाने में खड़ा करा दी।

जब कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई करने को कहा तो पुलिस ने टाल मटोल किया। नौ मई को थाना मुगलपुरा क्षेत्र में गोवंश को चोरी करते हुए चोर को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। लेकिन, उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं जिले के कई स्थानों पर हुई गोकशी की घटनाओं को भी पुलिस पर छुपाने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं ने गोतस्करों और कार्रवाई न करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान रजत ठाकुर, सोनू सैनी, पंकज कुमार, राजीव ठाकुर रोहित, सचिन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहें।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पेड़ काटने की सूचना पर जांच को पहुंचा लेखपाल

अगवानपुर, अमृत विचार: नगर के मोहल्ला सैफियान में कब्रिस्तान की भूमि से पेड़ काटने की सूचना पर लेखपाल मौके पर पहुंचे। मगर वहां पहुंचकर देखा तो वहां सब कुछ ठीक था। किसी ने पेड़ काटने की झूठी खबर दी थी।

किसी व्यक्ति ने कब्रिस्तान की कमेटी में शामिल लोगों के खिलाफ पेड़ काटने की झूठी सूचना जिला कार्यालय में दी। मंगलवार को हल्का लेखपाल सर्वेश कुमार अपने सहयोगी मनीष को लेकर अगवानपुर पहुंच गए और कमेटी के लोगों को एकत्रित कर लिया।

मौके पर पहुंचे तो वहां कोई पेड़ कटा हुआ नहीं मिला। पेड़ काटने की झूठी सूचना से कमेटी के लोग आक्रोशित हो गए और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

एसओजी, सर्विलांस समेत कई टीमें जांच में जुटीं

अकरम हत्याकांड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मौलाना मोहम्मद अकरम की हत्या के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। एसओजी, सर्विलांस, कटघर थाने की पुलिस के कई ग्रुप समेत कई टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। भैसिया गांव के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। उधर, पोस्टमार्टम के बाद मौलाना का शव अंतिम दर्शन के लिए भैसिया गांव पहुंचा था, जहां काफी संख्या में लोगों की भीड़ थी। शाम 7.30 बजे के दौरान थाना पुलिस ने मौलाना के शव को रामपुर के पैतृक गांव मसवासी भेजा है। मौलाना के परिवार में छह बच्चे व पत्नी है। बच्चों में चार बेटियां व दो बेटे हैं। यह सभी अभी छोटे-छोटे हैं।

घटना की जानकारी पुलिस को सुबह 5.48 बजे गांव के निवासी अधिवक्ता अनीस अहमद ने फोन कर दी थी। इसके बाद सबसे पहले काशीपुर तिराहा पुलिस मौके पर पहुंची थी। घर पर मौलाना अकरम और उनकी बेटी व एक बेटा था। पत्नी आमना अपने अन्य चार बच्चों के साथ मायके गई थी। घर में मौजूद बच्ची तय्यबा (13) से खबर मिली है कि वह रात के करीब 12 बजे जगी थी तो देखा उसके पिता बिस्तर पर नहीं थे। लेकिन, उसने कोई ध्यान न देकर वह फिर सो गई थी। बच्चों से खबर मिली है कि मजिस्द में उन्हें इमामियत मिलने से काफी लोग खुश नहीं थे। यही कारण था कि उसके पिता सुबह नमाज के लिए मस्जिद नहीं जाते थे। ऐसे में बताया जा रहा है कि मौलाना की मौत की वजह उनके निजी जीवन से जुड़ी है।

घटनास्थल पर पहुंचे एसपी सिटी अखिलेश भदोरिया। ● अमृत विचार

कॉल डिटेल से खुल सकता है हत्या का राज

मौलाना मोहम्मद अकरम की हत्या का राज उनके मोबाइल फोन में आई आखिरी कॉल से खुलने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस इसका पता लगाने की कोशिश कर रही है कि मंगलवार तड़के में हत्या के समय उनके पास किसका फोन आया था। किसने उन्हें फोन कर बाहर बुलाया। इसके अलावा पुलिस उनकी पत्नी आमना से भी घटना और रंजिश के बारे में कई बिंदुओं पर पूछताछ की है।

पांच भाइयों में चौथे नंबर के थे मौलाना

डॉ. जैदुल ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मौलाना अकरम के शव को पुलिस और परिजन भैसिया गांव लाए थे, जहां उनके अंतिम दर्शन के बाद शव मूल निवास मसवासी ले जाया गया है। अकरम पिछले 15 साल से भैंसिया गांव की बड़ी मस्जिद में रहकर नमाज पढ़ा रहे थे। वह पांच भाइयों में चौथे नंबर के थे।

तैयारी जो लोग नहीं खरीद सकते जानवर, वह हिस्सा देकर कर सकते हैं कुर्बानी

ईद पर कुर्बानी के लिए हिस्सों का इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: ईद-उल-जुहा पर महानगर के कई इलाकों में साझेदारी का इंतजाम किया गया हैं। जो लोग कुर्बानी करना चाहते हैं और जानवर नहीं ला सकते है तो ऐसे लोग हिस्सा लेकर कुर्बानी में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए कई जगह इंतजाम किया गया है।

मुस्लिम समाज के लोग हजरत इब्राहिम की सुन्नत को पूरा करने के लिए ईद-उल-जुहा पर बकरा, भैंस, ऊंट और भेड़ की कुर्बानी देते हैं। इस बार 17 जून को ईद-उल-जुहा का त्योहार मनाया जाएगा। जिसके लिए अभी से महानगर से लेकर देहात इलाकों में तैयारियां शुरू हो गई है। लोग बाजारों में जानवरों की खरीदारी कर रहे हैं। बकरा व्यापारी मोहम्मद फराज ने बताया कि इस बार पिछले साल के मुकाबले जानवरों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। लेकिन उसके बाद भी लोग खूब खरीदारी कर रहे हैं। कई बार ऐसा होता है कि कई लोग कुर्बानी करना चाहते हैं, लेकिन महंगाई के चलते जानवर नहीं खरीद पाते हैं। ऐसे लोगों के लिए महानगर में कई जगह जानवर में हिस्सा लेने का इंतजाम किया जाता है।

जिसमें चार से पांच लोग आपस में पैसे डालकर एक जानवर ले आते हैं और कुर्बानी कर लेते हैं। इसी के तहत महानगर के मोहल्ला किसरौल स्थित मदरसा जामेआ कादरिया फैजाने गरीब नवाज में हिस्सा लेने का इंतजाम किया गया। यहां 3000 रुपये देकर कोई भी हिस्सा लेकर कुर्बानी कर सकता है। इसके अलावा शहर के अन्य कई स्थानों पर हिस्सा लेकर कुर्बानी करने का इंतजाम किया गया है।

साप्ताहिक बाजार में खूब हुई जानवरों की बिक्री

मुरादाबाद, अमृत विचार : ईद-उल-जुहा को लेकर बाजार गुलजार होने लगे है। जिसके तहत शहर से लेकर देहात इलाकों में बकरा व अन्य जानवरों की खरीदारी बढ़ गई। मंगलवार को तहारपुर में लगाने वाले साप्ताहिक बाजार में जमकर खरीदारी हुई। यहां बाजार ईद-उल-जुहा से पहले का आखिरी बाजार है। सुरक्षा के लिहाज से बाजार में पुलिस व्यवस्था तैनात की गई है। सड़क किनारे लगने वाले बाजार में जाम की अधिक दिक्कत आती है, जिसके चलते बाजार में पुलिस को तैनात किया गया है। इसके अलावा रामपुर रोड पर साप्ताहिक बाजार लगा, जिसमें बकरों व अन्य जानवरों की बिक्री हुई।

हमारे मदरसे में कुर्बानी के लिए हिस्सों का इंतजाम किया गया है। जिसकी रकम 3000 रुपये रखी गई है। जो हजरात हिस्सा लेना चाहते हैं वो जल्द से जल्द मदरसे में आकर संपर्क कर सकते हैं।

-मुफ्ती सैय्यद मोहम्मद मुरजाब हुसैन कदीरी

सपा विधायक फहीम इरफान पत्नी के साथ हज के लिए हुए रवाना

बिलारी, अमृत विचार: सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान मंगलवार को सऊदी अरब में हज करने के लिए अपनी पत्नी शहनाज परवीन के साथ रवाना हुए। इस दौरान पुरषों ने सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान और महिलाओं ने उनकी पत्नी शहनाज परवीन को फूल मालाएं पहनाकर रवाना किया।

बताते चले की सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान पांच बार उमराह करने के बाद हज करने के लिए रवाना हुए है। सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि उन्हें हज करने का मुबारक मौका मिला है, बताया कि सऊदी अरब पहुंचकर वह देश की तरक्की, खुशहाली और अमनो अमान के लिए दुआएं करेंगे।

इस अवसर पर हाजी मोहम्मद उस्मान, सौरभ यादव, चिराग अग्रवाल, राजीव शर्मा, हप्पू राजा,रेहान पाशा, राहत अली, अभिनव चौधरी, डॉक्टर विनोद, आसिफ पाशा, मुजीब प्रधान, पूर्व प्रधान सरफराज पाशा, खलील प्रधान, बाकार प्रधान, आरिफ खान, शहरोज आलम, बब्बू खान, मुशाहिद हुसैन , मोहसिन कमाल आदि मौजूद रहे।

पड़ताल: विभागीय जांच में सरकारी अस्पतालों में घट गए प्रसव के मामले

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● आशाओं के डिलीवरी एकाउंट जीरो होने से लगा स्वास्थ्य विभाग को झटका

अमृत विचार: जनपद के सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं के प्रसव बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को कई आशाओं के डिलीवरी एकाउंट जीरो होने से बड़ा झटका लगा है। विभागीय पड़ताल में सामने आया कि सरकारी अस्पतालों में प्रसव के मामले बहुत तेजी से घटे हैं। कई आशाओं ने महीने भर में एक भी गर्भवती महिला की डिलीवरी नहीं कराई है। लेकिन, काफी संख्या में ऐसी आशाएं हैं जिन्होंने महीने में सिर्फ एक ही डिलीवरी करवाई है।

निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जनपद के सरकारी अस्पतालों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी काफी कम दर्ज की गई। वित्तीय वर्ष 2025-24 के शुरुआती दो महीने अप्रैल और मई में भी प्रसव के आंकड़े जस के तस रहने के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग ने प्रत्येक आशा की तरफ से गर्भवती महिला की करवाई गई डिलीवरी की पड़ताल कराई। जिसमें सामने आया कि 68 आशाओं ने एक भी डिलीवरी केस नहीं करवाया और 200 से ऊपर ऐसी आशाएं हैं, जिन्होंने महीने भर में सिर्फ एक ही महिला की डिलीवरी करवाई। इन आशाओं को कार्य में सुधार नहीं होने पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यमुक्त कर दिए जाने की चेतावनी दी गई है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रसव घटती संख्या के दृष्टिगत जनपद में आशाओं के कार्य की व्यापक तौर पर मॉनीटरिंग करवाई गई है। शून्य और बेहद कम उपलब्धि वाली आशाओं को चेतावनी दी गई है। उम्मीद है कि इसके नतीजे में जल्द ही प्रसव के आंकड़ों में बढ़ोतरी होगी।

एक नजर

घर में घुसकर व्यक्ति को लाठी-डंडों से पीटा, घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला मछली बाजार निवासी सफदर अली ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें उसने बताया कि मोहल्ले के ही कुछ लोग उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। उन लोगों ने घर के बाहर आकर गाली गलौज देना की। उसने विरोध किया तो आरोपी आग बबूला हो गए। लाठी डंडे लेकर पीटकर उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सफदर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपीयो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। उसने आरोपियों से जान का खतरा बताया है।

पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

कांठ, अमृत विचार : पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आशापुर कॉलोनी निवासी शिवशंकर आबकारी अधिनियम धारा 60 के तहत वारंटी है। मंगलवार को पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर लिया।

मुख्तियारपुर नवादा में नहर का पानी कई स्थानों पर रोका, कांठ, रसूलपुर, खलीलपुर और सदरपुर के किसान चिंतित, पानी छोड़ने की मांग

नहर में पानी नहीं आने से सूखने की कगार पर हजारों एकड़ गन्ने की फसल

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: रजवाहा नहर में पानी नहीं आने से कांठ तहसील क्षेत्र में हजारों एकड़ भूमि पर गन्ने की फसल सूखने लगी है। इससे किसान चिंतित हैं। नगर के किसानों ने नहर विभाग के एसडीओ, जेई व अन्य कर्मचारियों से गांव मुख्तियारपुर नवादा के पास लगी रोक को खोलने की मांग की है।

किसानों ने बताया कि नहर में टेल तक पानी न आने से कांठ, रसूलपुर, खलीलपुर व सदरपुर समेत अन्य क्षेत्रों में फसलों के लिए पानी का संकट हो गया है। गांव मुख्तियारपुर नवादा में कई स्थानों पर रोक लगी हुई है। इसके कारण आगे पानी नहीं जा रहा है। इसके संदर्भ में कांठ नगर निवासी रणजीत सिंह व ओमकार सिंह ने एसडीओ, नहर विभाग के अन्य अधिकारियों से शिकायत की।

लेकिन कोई भी निष्कर्ष नहीं निकला। किसानों का कहना है कि इस समय काफी भीषण गर्मी पड़ रही है। इससे गन्ने की फसल सूखने की कगार पर है।

यदि समय से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो पूरे वर्ष की मेहनत बेकार हो जाएगी। थोड़ा पानी आने से अधिकांश किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता है।

इससे काफी किसान परेशान हैं। किसानों ने नहर में टेल तक शीघ्र पानी छोड़ने की मांग की है। किसानों का यह भी कहना है कि यदि टेल तक पानी नहीं छोड़ा गया तो उप जिलाधिकारी कांठ को ज्ञापन दिया जाएगा।

नहर में किसानों द्वारा रोका गया पानी। ● अमृत विचार

बैठक में मौजूद सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह व अन्य।

डैम से 27 नहरों में हो रही पानी की आपूर्ति

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: नलकूप कॉलोनी में मंगलवार को सिंचाई खंड की मासिक बैठक में पूर्व में किए कार्यों की समीक्षा की गई।

तहसील क्षेत्र के गांव मुख्तियारपुर नवादा निवासी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह विश्नोई की अध्यक्षता में सिंचाई खंड की मासिक बैठक नलकूप कॉलोनी में हुई। इसमें उन्होंने कहा कि खतापुर और छजलैट नहर की दीवार व पुल की मरम्मत पूर्ण हो गई है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश की संयुक्त चारों नहरों में पानी की आपूर्ति सुचारू हो गई है। तुमरिया डैम की 47 नहरों में से 27 नहरों में पानी की आपूर्ति की जा रही है और शेष नहरें भी शीघ्र संचालित होंगी। यहां 44 तालाब पानी से भरे जाने थे, इनमें से 25 भर गए हैं। शेष भी शीघ्र भर जाएंगे। बताया कि 528 नलकूपों से किसानों को निशुल्क पानी दिया जा रहा है। छह नलकूप विद्युत कमी एवं आठ नलकूप यांत्रिक समस्या के कारण बंद हैं, जिन्हें चार दिनों के अंदर ही ठीक करा कर सिंचाई प्रारंभ करा जी जाएगी। इस दौरान अधिशासी अभियंता नीरज कुमार, अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम कुमारी पूजा, अफजलगढ़ उप सिंचाई खंड से मलखान सिंह, एसडीओ सिंचाई योगेश चंद, कृषि विभाग से विजयपाल सिंह, अनुराग मित्तल, राकेश कुमार, अंकुर आदि रहे।

आम के बाग में मिला मुरादाबाद के व्यापारी का शव, हत्या की आशंका

मझोली की घटना, फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए

संवाददाता, कुंदरकी

घटना

- मृतक के मुंह पर मिला सफेद पाउडर, स्कूटी भी पास में ही मिली
- सास ने दामाद के दो पार्टनरों पर लगाया घटना का आरोप

अमृत विचार : कुंदरकी-डींगरपुर मार्ग स्थित गांव मझोली के सामने निजी विश्वविद्यालय मालिक के आम के बाग में सोमवार देर रात मुरादाबाद के व्यापारी का शव मिला। पास में ही उनकी स्कूटी खड़ी मिली। परिजनों ने व्यापारी के दो पार्टनरों पर हत्या की आशंका जताई है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के अनुसार, मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र में लाइन पार निवासी अनूप गुप्ता (36) पुत्र सुरेश चंद्र गुप्ता का परिवार रहता है। अनूप गुप्ता गैस के चूल्हों के थोक व्यापारी थे। मंगलवार दोपहर को वह माल पहुंचाने और दुकानदारों से रुपये लेने के लिए कुंदरकी आए थे। बताया कि उन्होंने नगर के किसी दुकानदार से तीन हजार रुपये लिए और इसके बाद अपने पार्टनर के मोबाइल नंबर पर संदेश भेजा। इसमें बताया कि वह डींगरपुर जा रहे हैं। इसके कुछ देर बाद अनूप गुप्ता का मोबाइल नंबर बंद आने लगा। परिजनों का उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ तो वे लोग परेशान हो गए। वे रात में ही कुंदरकी थाने आ गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। रात डेढ़ बजे उन्होंने पुलिस के साथ उन्हें तलाश किया तो गांव मझोली के सामने आम के बाग के बाहर उनकी स्कूटी खड़ी दिखाई दी। पुलिस ने बाग के आसपास तलाश किया तो बाग में कुछ अंदर जाकर उनका शव पड़ा मिला। आम का बाग पाकबड़ा स्थित निजी विश्वविद्यालय के मालिक का बताया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि उनके मुंह पर पाउडर जैसा पदार्थ पड़ा था। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जहरीले पदार्थ से उनकी मौत हुई है। घटनास्थल पर मिले सबूतों से प्रतीत हो रहा है कि मौत से पहले व्यापारी ने काफी संघर्ष किया। उनके कपड़ों पर मिट्टी लगी हुई थी। इससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

उधर, मृतक की सास सुमन रानी गुप्ता पत्नी रामावतार गुप्ता निवासी हातिम सराय संभल ने थाने में तहरीर दी। बताया कि उनके दामाद के दो पार्टनरों पर लाखों रुपये बकाया हैं और गोदाम में उनका सामान भरा हुआ है। इससे परिजनों व रिश्तेदारों ने इन लोगों पर शक जताया है। सास ने तहरीर में बताया कि उनके पार्टनरों ने ही घटना को अंजाम दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षण संजय कुमार पांचाल ने बताया कि परिजनों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची थी। बाग में व्यापारी का शव मिला था। उनका बिसरा सुरक्षित रखा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

अरब में ठाकुरद्वारा के व्यक्ति की हार्टअटैक से गई जान, कोहराम

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : सउदी अरब में नौकरी करने गए नगर निवासी व्यक्ति की हार्टअटैक से मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद परिवार में कोहराम मचा है।

नगर के मोहल्ला अंसारियां वार्ड-23 निवासी फखरुद्दीन उर्फ नन्हे (40) काफी समय से सऊदी अरब में एक कंपनी में काम करता थे। ड्यूटी के दौरान उनके सीने में तेज दर्द उठा और हार्टअटैक आने से उनकी मौत हो गई। मंगलवार को उसकी मौत की खबर उनके परिजनों को मिली तो पत्नी अंजुम व दो बेटों अबुजर और हमजा सहित उसके भाई नाजिर, हाजी रियासत, रईस व शाने आलम का रोते बिलखते बुरा हाल हो गया। बताया कि फखरुद्दीन छुट्टियां बिताने के बाद 24 जनवरी 2023 को सऊदी गए थे। फिलहाल परिजनों में विचार विमर्श चल रहा है कि उनका दफन अपने वतन में लाकर नगर में किया जाए या फिर सउदी अरब में ही दफनाने की इजाजत दे दी जाए।

बैठक में मौजूद अधिकारी व स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

सूची बनाकर छूटे बच्चों का कराएं टीकाकरण : एसडीएम

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार: तहसील सभागार में टीटीएफ की बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में हुई। इसमें बताया कि कांठ व ऊमरी कलां में नियमित टीकाकरण के लिए मेगा प्लान तैयार कर 163 बच्चों का टीकाकरण कराया गया।

चिकित्सकों ने बताया कि कांठ में कुल 501 बीएबी परिवार हैं। इनमें से 321 जून तक बचे हुए हैं। 58 बच्चों का टीकाकरण हो चुका है। शेष बच्चों का टीकाकरण करने के लिए ग्राम प्रधान, राशन डीलर एवं स्थानीय चिकित्सक से कहा गया है। कवरेज बढ़ाने के लिए विशेष रूप से ऊमरी कलां, ऊमरी चौराहा, खजूर, सलावा, चौहरा आदि में स्पेशल प्लान बनाया जाना आवश्यक है। इसमें सभी स्वास्थ्य कर्मियों को टीकाकरण में लगाया जाएगा। ऊमरी कलां और कांठ क्षेत्र में जो बच्चे एक वर्ष के पूर्ण हो गए हैं, एसडीएम ने ऐसे सभी बच्चों की सूची बनाकर टीकाकरण करने के निर्देश स्वास्थ्य कर्मियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी निगार अंजुम, पशु चिकित्सा अधिकारी, ईओ श्वेतांक सारस्वत, यूनिसेफ की बीएमसी रेखा पटेल आदि रहे।

सार-संक्षेप

शीशम का पेड़ काटने की शिकायत पर गाली गलौज

छजलैट, अमृत विचार : सरकारी भूमि पर लगा शीशम का पेड़ काटने को लेकर गांव के ही व्यक्ति से गाली गलौज होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। गांव मधुआ खालसा निवासी प्रेमचंद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में गाटा संख्या 152 पर पौधरोपण का पट्टा है। इस पर काफी समय पुराना एक शीशम का पेड़ था। गांव का ही व्यक्ति शीशम के पेड़ को काटकर ले गया। पीड़ित को पता चला तो आरोपी से जाकर इस मामले की शिकायत की। उन्होंने पीड़ित के साथ गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

कटी हुई पेड़ की लकड़ी।

15 जून को कांग्रेसी निकालेंगे धन्यवाद पदयात्रा

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर के बाजार गंज में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसमें 15 जून को नगर में निकालने वाली धन्यवाद पदयात्रा की रणनीति तैयार की गई। नगर कांग्रेस कमेटी के सदस्य 15 जून को नगर में धन्यवाद पदयात्रा निकलेंगे। इससे पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैठक में यात्रा की रूपरेखा तैयार की। यह यात्रा 15 जून की शाम 5:30 बजे कदीर तिहारे की पुलिया से प्रारंभ होगी। शनि बाजार, सब्जी बाजार, पुराना स्टेट बैंक चौराहा, राजीव मार्केट, कुरेशियां, पुरानी अनाज मंडी, शगुन चौराहा, आर्य समाज मंदिर, बुध बाजार, कोतवाली से बस स्टैंड, सरकारी अस्पताल रोड, बाबू रामपाल सिंह मूर्ति के पीछे पार्क में यह यात्रा संपन्न होगी। पार्टी नेताओं से अनुरोध किया कि धन्यवाद यात्रा में जिला एवं प्रांत के नेताओं के साथ नवनिर्वाचित सांसद रुचि वीरा की मौजूदगी की मांग की है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अबरार सैफी, नगर अध्यक्ष सादिक सिद्दीकी, संजीव सिंघल, हाजी याकूब कुरैशी, पंकज कुमार, राजकुमार, मोहम्मद फुरकान, लियाकत अली, जिला सचिव मुस्तकीम अंसारी, शरीफ आजाद, चौधरी सैफुल्लाह, यासीन कुरेशी, शोएब अख्तर आदि मौजूद रहे।

छात्रों से शुल्क वसूली की मुख्यमंत्री से की शिकायत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला कालेवाला में पिछले तीन वर्षों से जूनियर कक्षाओं में प्रति छात्र प्रति वर्ष 300 रुपये वसूले जाने की शिकायत पर संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर शिकायतकर्ता डालेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। उसमें कहा कि विद्यालय कक्षा-10 तक ऐडेड है। शिकायत की जांच के बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद ने जिला विद्यालय निरीक्षक को छात्रों से वसूला गया शुल्क समायोजित करवाने और विद्यालय छोड़कर जाने वाले बच्चों का शुल्क वापस करने के निर्देश दिए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय को शुल्क समायोजित करने व वापस करने का आदेश पारित किया, लेकिन विद्यालय के प्रधानाचार्य ने ग्रीष्म कालीन अवकाश शुरू होने तक छात्र-छात्राओं को शुल्क वापसी के बारे में कोई सूचना नहीं दी। संयुक्त शिक्षक निदेशशक द्वादश मंडल तथा जिला विद्यालय निरीक्षक में से कोई भी अधिकारी प्रबंध समिति प्रधानाचार्य और वसूली करने वाले शिक्षाक व लिपिक के विरुद्ध कोई भी उचित कार्यवाही करने को तैयार नहीं है। मांग की गई कि विद्यालय में अवैध शुल्क वसूली करवाने वाली भ्रष्ट प्रबंध समिति को मंडलीय समिति द्वारा भंग कर विद्यालय पर नियंत्रक बैठाया जाए।

आतंकी हमले के विरोध में आज निकलेगा जुलूस

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : जम्मू और कश्मीर में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जा रहे तीर्थयात्रियों की बस पर आतंकी हमले के विरोध में बजरंग दल कार्यकर्ता बुधवार को जुलूस निकालेंगे। साथ ही आतंकवाद का पुतला जलाएंगे। इससे पहले राष्टपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देंगे। बजरंग दल के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार, पंकज कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह 10 बजे 50-60 कार्यकर्ता सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज में एकत्र होंगे। नारेबाजी कर तहसील में एसडीएम कार्यालय पहुंचेंगे। यहां आतंकवाद का पुतला जलाकर राष्टपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपेंगे।

मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

छजलैट, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव हरकिशनपुरा में रास्ता बनवाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। हरकिशनपुरा में रास्ता बनवाने को लेकर नरेना, दौलत, रतन, विनोद ने ईंट मार कर रतनलाल सिंह को जख्मी कर दिया। आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी।

गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में शबद कीर्तन करते ज्ञानी यशपाल सिंह। ● अमृत विचार

गुरु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: नगर के गुरुद्वारा सिंह सभा में सिख समुदाय के पांचवें गुरु अर्जुन देव सिंह के शहीदी दिवस पर दो से 10 जून तक सुखमणि साहिब पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर छबील लगाकर रहागीरों को शर्बत पिलाया।

नगर के मोहल्ला बाजार स्थित गुरुद्वारा में मंगलवार को सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव सिंह का शहीदी दिवस मनाया। सिख समुदाय के लोगों ने छबील लगाकर रहागीरों को शर्बत पिलाया। मंगलवार को समापन पर शब्द, कीर्तन, अरदास, लंगर के साथ गुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया। गुरुद्वारे के ज्ञानी यशपाल सिंह ने गुरु अर्जुन देव के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। गुरुद्वारे में मनजीत सिंह खुराना, गुरजीत कौर, साजन खुराना ,मगन, कबीर, तिलक राज, चादंना महामंत्री पंजाबी महासभा बिलारी, सरदार सुरजीत सिंह, सरदार निर्मल सिंह, सरदार सुरजीत सिंह, मोहिनी ग्रोवर, जसवीर कौर, मनी चुग आदि शामिल रहे।

विवादित जमीन पर निर्माणाधीन दीवार को तोड़ा गया

कुंदरकी, अमृत विचार : नगर में एक विवादित जमीन पर हो रहे निर्माण को पीडब्ल्यूडी, तहसील प्रशासन ने पुलिस की मौजूदगी में तोड़वा दिया। इस दौरान नगर पंचायत के लोग भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी द्वारा गठित की गई टीम ने यह कार्रवाई की।

नगर में रेलवे स्टेशन के सामुदायिक शौचालय के पास सड़क किनारे जमीन है। इस पर पीडब्ल्यूडी अपना दावा करता है और नगर निवासी एक व्यक्ति उसे अपनी जमीन बताते हुए उस पर निर्माण कर रहा था। बताया कि सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने जमीन की पैमाइश की थी। मंगलवार को जेसीबी से दीवार को तोड़वा दिया गया।

ईओ अरविंद कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने यह कार्रवाई की है।

डीआईजी ने चौकीदारों को किया सम्मानित

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: नगर कोतवाली में मंगलवार को डीआईजी मुनिराज जी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चौकीदारों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

कोतवाली में डीआईजी के आने से पहले मंगलवार सुबह सफाई व्यवस्था की गई। कोतवाली प्रांगण में टेंट लगाए गए और दीवारों पर रंग रोगन किया गया। दोपहर 4:30 बजे डीआईजी मुनिराज जी कोतवाली पहुंचे। यहां उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक संदीप मीणा, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश यादव मौजूद रहे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे एवं कंप्यूटर कक्ष, साइबर सेल, महिला हेल्प डेस्क लाइन, शस्त्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मचारियों से शस्त्रों को लोड करना एवं आपातकाल स्थिति में शास्त्रों को कैसे चलाया जाता है, इस संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वहां मौजूद चौकीदारों को उपहार भेंट किए।

अच्छे कार्य और सूचना देने के लिए कुछ चौकीदारों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह, अपराध शाखा प्रभारी राजेश कुमार यादव, सीओ और कोतवाली का स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने बताया कि कोतवाली में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। सीसीटीवी कैमरे, साइबर सेल, कंप्यूटर कक्ष और शस्त्रों को अच्छी तरीके से रखा गया है। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गईं। इसके लिए उन्होंने कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह को बधाई दी।

चौकीदारों से बात करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

समस्या लोहे जाल हो गए चोरी, मैनहोल में गिरकर लोग हो रहे चोटिल

खुले मैनहोल दे रहे हादसे को न्योता

संवाददाता, कांठ

- रामलीला मार्ग पर खुले मैनहोलों को बंद कराने की मांग उठाई

अमृत विचार: नगर में रामलीला मार्ग पर दोनों ओर नालों के खुले मैनहोल हादसों को न्योता दे रहे हैं। इन पर नगर पंचायत प्रशासन की ओर से लगाए गए लोहे के जाल चोरी हो गए हैं। खुले मैनहोलों में रात में गिरकर बाइक सवार व अन्य लोग घायल हो रहे हैं।

काफी समय पहले नगर पंचायत प्रशासन की ओर से नगर में पेट्रोल पंप तिराहा से प्राथमिक विद्यालय माननगर तक सड़क और नालों का निर्माण कराया गया था। जिस समय यह कार्य हुआ था, उस समय दोनों ओर के नालों को बंद कराकर बीच में मैनहोल खुलवाए गए थे ताकि नालों की सफाई ठीक से हो सके। इन मैनहोलों को लोहे के जाल से ढक दिया गया था। लेकिन दोनों ओर के नालों के ऊपर से लोहे के जाल चोरी हो गए। जाल चोरी करने में नशा करने वालों पर आरोप लग चुका है। पुलिस इन्हें कई बार जेल भेज चुकी है। जाल चोरी होने के बाद अब तक नालों के मैनहोल खुले हैं। इनसे बड़ा हादसा हो सकता है। कई लोग इन मैनहोलों में गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं।

नगर निवासी मास्टर आनंद कुमार, आशीष कुमार, भूपेंद्र चौहान उर्फ टिल्लू, धर्मपाल सिंह चौहान, विपेन्द्र राणा, सचिन कुमार उर्फ बंटी, सीटू चौहान, सचिन कुमार, भूपेंद्र कुमार, राजेंद्र चौहान, मुनीश चौहान समेत अन्य लोगों ने खुले मैनहोलों को बंद कराने की मांग की है।



नाले का खुला मैनहोल। ● अमृत विचार

गर्मी से लोग बेहाल, बिजली न मिलने से बढ़ रही दिक्कत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : जून के दूसरे सप्ताह में भीषण गर्मी के बीच उमस से लोग बेहाल हैं। घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इस बीच बिजली की ट्रिपिंग लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।

मंगलवार सुबह सूर्यदेव के तल्ख तेवर के साथ तेज धूप और तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया। उमस भरी गर्मी के बीच घरों में पंखे, कूलर बेअसर रहे। इस बीच बिजली की ट्रिपिंग से लोगों की समस्या बढ़ गई। तेज धूप में घरों से बाहर निकलने के लिए लोगों को सोचने के लिए मजबूर होना पड़ा। भीषण गर्मी में लोग पसीने से तरबतर रहे। लोग सिर पर कपड़ा रखकर गुजरते नजर आए। रात्रि में बिजली गायब होने से लोगों की नींद में खलल पड़ रहा है। विद्युत निगम के एसडीओ उमाशंकर सक्सेना का कहना है कि गर्मी के चलते ट्रांसफॉर्मर पर अधिक लोड है। इससे फाल्ट बढ़ रहे हैं। इसके कारण लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

धूप से बचने के लिए सिर पर कपड़ा रखकर जाते युवक। ● अमृत विचार

शुकदेव की कथा सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव फैजुल्लागंज में पोखरा तलाब स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथावाचक पंडित बलराम कृष्ण शास्त्री ने शुकदेव मुनि की कथा सुनाई।

उन्होंने कहा कि राजा परीक्षित को मृत्यु का भय था, तब शुकदेव ने उन्हें एक कथा सुनाई। राजा परीक्षित को भागवत कथा सुनाते हुए शुकदेव को छह दिन बीत गए, लेकिन मृत्यु का भय कम नहीं हुआ, तब शुकदेव ने कहा कि एक राजा जंगल में शिकार खेलने गया और रास्ता भटक गया। रात होने पर वह रहने के लिए आश्रम ढूंढने लगा, तब उसे एक झोपड़ी दिखी। इसमें एक बहेलिया रहता था। बहेलिया ने राजा को अपनी झोपड़ी में रहने के लिए मना कर दिया। इस पर राजा ने आग्रह किया कि वह सवेरे होते ही चला जाएगा। यह बात सुनकर बहेलिये ने झोपड़ी में विश्राम करने की अनुमति दे दी। सुबह होते ही राजा को झोपड़ी छोड़ने में भारी कष्ट और शोक का अनुभव हुआ तो यह कथा सुनाकर शुकदेव ने परीक्षित से पूछा, क्या उस राजा के लिए यह उचित था। इस दौरान कई झांकियों की प्रस्तुति की। झांकी देख कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। बाद में धार्मिक भजन व संगीत की धुन से क्षेत्र का माहौल भक्ति में हो गया। इस दौरान मंदिर के महंत दिनेश गिरी महाराज, पंडित विनीत शर्मा, अवधेश कुमार, बब्लू, कृपाल सिंह, मोहित कुमार, मोनू कुमार, विमला देवी कमला देवी, अर्चना, कीर्ति देवी, रविंद्र चौहान, प्रेम सिंह व गौरव सैनी आदि मौजूद रहे।

फैजुल्लागंज में पोखरा तालाब स्थित शिव मंदिर में कथा सुनते लोग। ● अमृत विचार

एक नजर

दूसरे दिन भी बाइक से स्टंट का वीडियो वायरल

हसनपुर, अमृत विचार : हसनपुर क्षेत्र में एक सप्ताह में बाइक से स्टंट का तीसरा वीडियो वायरल हो रहा है। एक युवक द्वारा बाइक से स्टंट का सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड किया गया है। स्टंट का वीडियो कोतवाली क्षेत्र के किसी गांव के युवक का बताया जा रहा है। वीडियो में स्टंट करने वाला युवक पिछले टायर पर बाइक चला रहा है। ऐसे में पल भर की चूक से जान भी खतरे में पड़ सकती है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह से वायरल वीडियो के विषय में जानकारी की, तो उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल कार्रवाई की जाएगी।

मशीन की चपेट में आकर घायल हुए मजदूर की मौत

चौधरपुर, अमृत विचार : मशीन की चपेट में आकर घायल हुए मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव की है। बिहार के जिला गया के थाना फतेहपुर ग्राम मेयरी तरैया निवासी राजकुमार पुत्र खदेरन पंडित डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर स्थित फैक्ट्री में मशीन पर कार्य करता था। वह रविवार सुबह अचानक मशीन की चपेट में आ गया और घायल हो गया था। साथियों ने उसे उपचार के लिए मुरादाबाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर उसकी इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। मुरादाबाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को अपने गांव ले गए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

बिजली का खंभा तोड़कर 600 मीटर केबल चोरी

रहरा, अमृत विचार : रहरा थाने से चंद कदम की दूरी पर चोरों ने बिजली की लाइन को निशाना बना लिया। रहरा उपकेंद्र के अवर अभियंता हर्षित यादव ने बताया कि 11 जून को एसएसओ दुष्यंत यादव ने बताया कि रहरा उपकेंद्र की लाइन जो बुरावली बिजलीघर से रहरा बिजली घर को आ रही थी। उसको 10 जून की रात चोरों ने ग्राम दौरारा और बिजलीघर के मध्य में लाइन का लगभग 600 मीटर केबल चोरी कर लिया एवं एक विद्युत पोल तोड़ दिया गया। केबल चोरी की तहरीर थाना रहरा में दे दी गई है। इस मामले में थाना अध्यक्ष रहरा रमेश सहरावत से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने की जानकारी नहीं है।

फसलों की सिंचाई के लिए निर्बाध की जाए विद्युत आपूर्ति

मखदूमपुर विद्युत उप केंद्र के सामने भाकियू लोक शक्ति ने रोड किया जाम, खराब ट्रांसफार्मर तत्काल बदलवाने की मांग

संवाददाता, नौगांवा सादात

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की पंचायत ग्राम मखदूमपुर विद्युत उपकेंद्र पर हुई। पंचायत में विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा 18 उपभोक्ताओं के बिना नोटिस दिए कनेक्शन काटकर मीटर उतारकर ले जाने और किसानों की समस्याओं के विरोध में मखदूमपुर बिजली घर पर नाराज किसानों ने धरना दिया।

संगठन के सदस्यों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की और उपकेंद्र के सामने मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पाकर अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। किसानों ने उप जिलाधिकारी बृजपाल सिंह को किसान समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए कहा विभाग द्वारा कई किसानों के मीटर व तार काटे गए हैं। किसानों को कम से कम 10 घंटे सिंचाई के लिए आपूर्ति मिलनी चाहिए। इस समय गर्मी के कारण फसलों की अधिक पानी की आवश्यकता है। चेकिंग के नाम पर अधिकारी किसानों से अवैध वसूली कर रहे हैं। उन पर तुरंत रोक लगाई जाए। जिन उपभोक्ताओं के मीटर अधिक रीडिंग दिखा रहे हैं। उन्हें ठीक करा कर किस्तों में बिल के भुगतान की सुविधा दी जाए। खराब ट्रांसफार्मर तुरंत बदला जाए। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुमित नागर ने की। इस मौके पर नीरज कुमार, डॉ. तेजपाल सिंह सैनी, डालचंद सिंह, कल्लन सिंह सैनी, परम सिंह सैनी, चंद्रपाल सिंह चौहान, सुभाष चंद्र यादव, मुकेश कुमार त्यागी, डॉ. नरदेव सिंह कश्यप, महिपाल सिंह सैनी, बबलू सिंह सैनी, राजपाल सिंह सैनी, राजेश सिंह सैनी, स्वराज सिंह सैनी, कौशल कुमार, अशोक त्यागी, सर्वोत्तम शर्मा, हरज्ञान, रामकुमार प्रधान ,हरी सिंह रामपाल सिंह, राजकुमार सिंह, रामनाथ, फूल सिंह, भगवान दास, जसवंत सैनी, सुरेंद्र सिंह सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

नौगांवा सादात में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू लोक शक्ति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

रहरा में सड़क पर बैठे भाकियू के सदस्य। ● अमृत विचार

भाकियू की पंचायत में अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर अलीगढ़ मार्ग किया जाम

रहरा, अमृत विचार : भाकियू की मासिक पंचायत ब्लॉक सभागार गंगेश्वरी में हुई। जिसकी अध्यक्षता रामस्वरूप तथा संचालन तहसील अध्यक्ष हसनपुर ठाकुर महेश सिंह ने किया। बैठक में मुख्य मुद्दा गंगेश्वरी ब्लाक की बिजली समस्या तथा छुट्टा पशुओं का रहा। जिसमें किसानों ने कहा कि क्षेत्र में तीसरे दिन बिजली मिलती है। जिससे फसलें सूखी पड़ी हुई है। वहीं, छुट्टा पशुओं द्वारा फसलों को उजाड़ा जा रहा है। मंगलवार को किसानों की पंचायत में जब बिजली अधिकारी नहीं पहुंचे, तो उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया। करीब एक घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा। किसानों ने कहा कि छुट्टा पशुओं को पकड़वाया जाए। जाम से दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। गर्मी और धूप में मार्ग जाम होने से लोगों के पसीने छूट गए। रहरा थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत के आश्वासन पर किसानों ने जाम खत्म किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी टीटू त्यागी, तहसील अध्यक्ष महेश ठाकुर, बिजेंदर, सुरेश, नीलम त्यागी, करन सिंह, खेतल सिंह, अशोक कुमार, महेश पहलवान, नितिन कुमार, शीशपाल, राजेश कुमार, निगम त्यागी, अजीज, चौधरी फूल सिंह, आलोक कुमार, सुरेश शर्मा,आदि किसान मौजूद रहे।

पुलिस की गिरफ्त में जिपं सदस्य पर हमले का आरोपी पूर्व जिपं सदस्य गोविंद।

जिपं सदस्य पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

गजरौला, अमृत विचार : जिपं सदस्य पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

क्षेत्र के कुदैनी गांव निवासी जिपं सदस्य धर्मपाल सिंह व कुदैना गांव निवासी पूर्व जिपं सदस्य गोविंद खड़गवंशी के बीच प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। 17 मई की शाम गोविंद ने धर्मपाल को बिजौरा ढाल पर प्लाटिंग वाली जगह बुलाया था। इस दौरान दोनों के बीच झगड़ा हो गया था। विवाद बढ़ने पर गोविंद ने साथियों के साथ धर्मपाल से मारपीट की थी। शोर होने पर लोग एकत्र हुए तो आरोपी मौके से फरार हो गए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि इस मामले में पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंद खडगवंशी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

घर में घुसकर लाठी-डंडों से किया हमला, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : रजबपुर थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। दूसरे समुदाय पर हमला करने वाले आरोपी मारपीट कर फरार हो गए। हमले में कई लोग घायल हुए हैं। मारपीट की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामला थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव पीपली दाउद का है। यहां अकरम अली का परिवार रहता है। आरोप है कि सोमवार रात अकरम और उसके परिवार के लोग घर के बाहर खड़े थे। तभी दूसरे समुदाय के लोग लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंच गए और उन्होंने उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने परिवार के कई लोगों को बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया। मौके पर महिलाओं में चीखपुकार मच गई। बाद में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हमले में अकरम की बेटी के सिर में चोट आई है। घर में घुसकर लाठी-डंडे से हमले की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

लाठी-डंडे से मारपीट करते लोग।

तीन बकरियों को तेंदुए ने बनाया निवाला

गजरौला, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव पखरोला में तेंदुए ने किसान के घर में घुसकर तीन बकरियों को निवाला बना लिया। सुबह जागने पर किसान को घटना की जानकारी हुई। मौके पर एकत्र ग्रामीणों ने सूचना अधिकारियों को दी।

सोमवार रात तेंदुआ क्षेत्र के गांव पखरोला निवासी रिजवान के घर के आंगन में दीवार फांदकर घुस आया। तेंदुए ने घर के आंगन में बंधी तीन बकरियों को निवाला बना लिया। मंगलवार सुबह जब रिजवान आंगन की तरफ गया तो तीनों बकरियों के अवशेष पड़े देख होश उड़ गए। पीड़ित के शोर मचाने पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं, ग्रामीणों ने घर के आंगन में मिले पंजों के निशान को देखकर तेंदुए के घर के आंगन में घुसने की बात कहीं। वन दरोगा राकेश कुमार ने बताया कि तेंदुए की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

कुर्बानी के बाद खुले में न डालें पशुओं के अवशेष

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : ईद उल-अजहा के मद्देनजर प्रशासन ने सुझाव लेते हुए नई परंपरा न डालने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने जानवरों की कुर्बानी खुले में न करने के साथ ही अवशेषों को खुले में न डालने की बात कही।

मंगलवार को कोतवाली में अमन कमेटी की बैठक हुई। जिसमें एसडीएम भगत सिंह द्वारा गणमान्य लोगों से ईद उल अजहा को शांतिपूर्वक तरीके से संपर्क करने के लिए सुझाव भी लिए। एसडीएम ने कहा कि सभी को ईद उल अजहा को शांतिपूर्वक तरीके से मनाना है। उन्होंने कहा कि जानवरों की कुर्बानी खुले में न करें। कुर्बानी के बाद अवशेषों को खुले में न डालें। सीओ दीप कुमार पंत ने कहा कि यदि कहीं कोई गड़बड़ लगे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस और प्रशासन को दी जाए। पालिका के अधिकारियों ने बताया कि अवशेष उठाने के लिए पालिका ने तैयारी कर ली है। नगर के चारों ओर जेसीबी से गड्ढे खुदवाए जाएंगे। ताकि उनमें जानवरों के अवशेष आदि को डाला जा सके। समय पर पानी की सप्लाई भी पालिका द्वारा कराई जाएगी। बिजली न होने पर जनरेटर चलाकर पानी की आपूर्ति होगी। इस अवसर पर चमन अंसारी, चौधरी अकील अहमद पहलवान, नफीस चिश्ती, अमित अग्रवाल, संदीप गुप्ता, सचिन गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मनोज गोयल, अर्पण गुप्ता, शाहनवाज अंसारी, जावेद जरताब, नईम चौधरी आदि मौजूद रहे।

हसनपुर कोतवाली में बैठक करते एसडीएम, सीओ अन्य। ● अमृत विचार

● अवशेष दबवाने के लिए नगर पालिका खुदवाएगी गड्ढे

रखें बेहतर सफाई व्यवस्था

अमरोहा, अमृत विचार : नगर में ईद उल अजहा पर सफाई व्यवस्था को लेकर पालिका ने तैयारी कर ली है। ईओ ने बताया कि शहर को सेक्टरों में बांटा है। नमाज के लिए ईदगाह में भी सफाई दुरुस्त रहेगी। ईद के दिन राहगीरों को गंदगी से दिक्कत न हो, इसके लिए सफाई कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं। ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि ईद उल अजहा पर नगर में विशेष सफाई व्यवस्था की जाएगी। सफाई व्यवस्था के लिए सफाई नायकों और कर्मचारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नगर पालिका ने सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। बरसात से पहले ही नगर में जलभराव को दूर करने के लिए नालों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। नालों की सफाई भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि ईद उल अजहा से पहले ही नगर की सड़कों पर मरम्मत का कार्य तेजी के साथ शुरू कराया है।

12 घरों में बिजली चोरी करने पर काटे कनेक्शन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर में बिजली चोरी रोकने के लिए मुख्य अभियंता गजरौला के निर्देश पर बिजली विभाग द्वारा अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान 12 घरों के कनेक्शन काट दिए गए और एक बिजली उपभोक्ता पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

मंगलवार को विद्युत वितरण प्रथम अधिकारी राजकुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने नगर के गुड़लिया मार्ग पर बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने कई घरों पर छापेमारी कर कटिया से बिजली चोरी पकड़ी। टीम ने 12 घरों के कनेक्शन काट दिए। विद्युत वितरण खंड अधिकारी ने बताया कि जिन घरों के कनेक्शन काटे गए हैं। उन घरों में मीटर में छेड़छाड़ करके बिजली का प्रयोग किया जा रहा था। बताया कि मोहल्ला कोर्ट में अब्दुल सत्तार ने बिजली के केबल को काटकर बिजली चोरी करके उसका प्रयोग कर रहा था। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए गए इस अभियान से उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया।

बिजली कनेक्शन की जांच करती टीम।

सफाईकर्मी को दी जान से मारने की धमकी

रहरा, अमृत विचार : सफाईकर्मी को गांव के युवक ने जान से मारने की धमकी दी है। सफाईकर्मी ने दड़ियाल पुलिस चौकी पर तहरीर दी है।

ग्राम पंचायत मुबारिजपुर में सफाईकर्मी के पद पर समरपाल सिंह तैनात है। आरोप है कि सोमवार को वह गांव में सफाई कर रहा था। उसी समय ग्राम पंचायत मुबारिजपुर के मजरा हाजीपुर निवासी व्यक्ति ने सफाईकर्मी से कहा की गीली मिट्टी को अभी उठा कर डालो। सफाईकर्मी ने कहा कि मिट्टी गीली है, दो घंटे सूखने के बाद डाल दूंगा। इसी को लेकर ग्रामीण गालियां देने लगा। इसके बार आरोपी घर से डंडा लेकर आया और दोबारा जाकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया। कहा कि अगर गांव में दोबारा आया तो जान से मार दूंगा। पीड़ित सफाईकर्मी ने मामले की तहरीर दढ़ियाल पुलिस चौकी पर दी है। चौकी इंचार्ज दढ़ियाल सोनू कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

नौ बीघा जमीन के लालच में बेटे ने मां को घर से निकाला

संवाददाता, हसनपुर

● महिला ने बेटे, पोते व उसकी पत्नी पर कार्रवाई की मांग की

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में नौ बीघा जमीन 75 वर्षीय वृद्ध महिला के लिए मुसीबत बन गई है। वृद्ध महिला के पुत्र, पोते व पोते की पत्नी ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला कोतवाली पहुंची और तीनों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोहरका में 75 वर्षीय महिला लीलावती पत्नी लाल सहाय रहती है। वृद्ध महिला के चार पुत्री एवं एक पुत्र है, सभी की शादी हो चुकी है। महिला अपनी एक पुत्री विमला पत्नी ताराचंद निवासी गढ़ से अधिक लगाव रखती है। इस बात से महिला का पुत्र नाराज है। महिला के पुत्र सतवीर को संदेह है कि महिला द्वारा नौ बीघा जमीन पुत्री के नाम कर दी जाएगी। जिसको लेकर वह आए दिन उसके साथ मारपीट भी करता है। रविवार रात लीलावती घर पर सोई हुई थी, तभी उसका बेटा, पोता व पोते की पत्नी आए और मारपीट करने लगे। इसी दौरान महिला के पोते ने उसके हाथ-पैर पकड़ लिए और गला दबाने की कोशिश की गई। किसी प्रकार से वृद्धा वहां से बचकर निकल गई। वह मंगलवार को कोतवाली पहुंची और तीनों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि तहरीर प्राप्त हुई है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

जमीन पर कब्जे के लिए प्रॉपर्टी डीलरों में तनातनी

हसनपुर, अमृत विचार : जमीन पर कब्जे को लेकर दो प्रॉपर्टी डीलरों में तनातनी हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया।

रामपुर भूड़ मार्ग स्थित भूखंड को प्रॉपर्टी डीलर ने खरीदा था, लेकिन समय बीत जाने के बाद बैनामा न करने पर भूमि स्वामी ने वह भूमि दूसरे प्रॉपर्टी डीलर को बेच दी। उसके बाद राजस्व अधिकारियों की निशानदेही पर प्रॉपर्टी डीलर द्वारा भूमि पर पिलर लगाए जा रहे थे। पिलर लगाने की सूचना पर पहला प्रॉपर्टी डीलर साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और मजदूरों से कहासुनी करने लगा। इसी बीच दूसरा प्रॉपर्टी डीलर साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और दोनों में तनातनी होने लगी। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझकर मामला शांत कराया। पुलिस द्वारा दोनों प्रॉपर्टी डीलरों के कागज चेक कर कहा कि यह राजस्व का मामला है, उप जिला अधिकारी के पास जाएं।

मंडी धनौरा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी।

आतंकवादी हमले के विरोध में बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी चंद्रकांता को सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि नौ जून को रियासी में बस पर हुए आतंकवादी हमले में 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई तथा 32 घायल हुए हैं। संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि हिंदू तीर्थयात्री सुरक्षित नहीं है। मणिपुर की हिंसा, पंजाब में बढ़ता आतंकवाद तथा रियासी में हुई घटना से आतंकवादियों का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने कार्रवाई करने और यात्रियों को सुरक्षा देने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में अंकित सैणी, संजू सैनी, रोहित कुमार, रवि कुमार, विपिन कुमार, महीपाल सैनी, दीपांशु, अरुण, विक्की सहित रहे।

आयोजन देर रात तक ठहाके लगाते रहे दर्शक, नगर के गणमान्य लोगों का किया सम्मान

सैदनगली महोत्सव में शेखचिल्ली ने किया मनोरंजन

संवाददाता, सैदनगली

अमृत विचार : सैदनगली महोत्सव के तीसरे दिन हरिराम तूफान ऊर्फ शेखचिल्ली, मोनी शर्मा ऊर्फ रुखसाना और उनकी टीम ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। शेखचिल्ली के चुटकुलों पर दर्शकों ने ठहाके लगाए। महोत्सव में पहुंचे शेखचिल्ली को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। देर रात तक कार्यक्रम चला। इस दौरान कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।

बता दें कि सैदनगली में पहली बार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी का एक साल के होने पर विकसित भारत महोत्सव के तीसरे दिन भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तीसरे दिन सोमवार रात महोत्सव में हरिराम तूफान ऊर्फ शेखचिल्ली, मोनी शर्मा ऊर्फ रुखसाना और उनकी टीम ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। अपनी नए नए चुटकुले व कलाकारी से लोगों को हंसाया। इसके बाद कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी व भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने नगर विकास समिति के सभी सदस्यों, बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर कमेटी के सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। महोत्सव में बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया। महोत्सव 22 जून तक चलेगा। भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने बताया कि आयोजन में कई और हस्तियां भी हिस्सा लेंगी। रोजाना नए कलाकार यहां के लोगों का मनोरंजन करेंगे। वहीं, सैदनगली महोत्सव में विकास प्रदर्शनी के साथ-साथ झूले, खान-पान की दुकान, बच्चों के मनोरंजन के लिए कई व्यवस्थाएं की गईं हैं। इस दौरान कार्यक्रम में कुंवरपाल सिंह खड़कवंशी, संगीता सैनी, सभासद अमित भाटी, नीटू भाटी, सभासद अमित प्रजापति, सभासद धारा सिंह, सभासद निकेश कुमार, प्रेम शर्मा, सत्यम गुप्ता, दीपक त्यागी, पदमेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

शेखचिल्ली व उनकी टीम को सम्मानित करतीं चेयरपर्सन अनकृति चौधरी व भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार

दहेज के लिए महिला को पीटकर घर से निकाला

अमरोहा, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने शादी के तीन महीने बाद ही महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इस मामले में महिला ने पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव सिरसा खुमार का है। यहां के रहने वाले जाने आलम ने तीन महीने पहले अपनी बहन समरीन की शादी गजरौला के मोहल्ला नवादा रोड निवासी अब्दुल कादिर से की थी। ससुराल वाले दहेज में कार और प्लॉट की मांग करते थे। बताया जाता है कि जब मांग पूरी नहीं हुई तब ससुराल वालों ने समरीन को मारपीट कर घर से निकाल दिया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर पति अब्दुल कादिर, देवर नादिर अली समेत आठ लोगों पर रिपोर्ट लिखाई है। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

29, 30 जून को धूमधाम से मनेगा श्री श्याम महोत्सव

संवाददाता, हसनपुर

● 29 जून को निकाली जाएगी शोभायात्रा, 30 को भजन संध्या

अमृत विचार : खाटू श्याम मंदिर की स्थापना पर भक्तों द्वारा दो दिवसीय श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत निशान यात्रा, भंडारा एवं भजन संध्या होगी। जिसको लेकर समिति के पदाधिकारी तैयारी कर रहे हैं।

नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में श्याम भक्तों द्वारा भगवान खाटू श्याम की मूर्ति स्थापना कराई गई थी। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में 29 एवं 30 जून को श्याम महोत्सव मनाया जा रहा है। 29 जून को अमरोहा बस स्टैंड चौराहे से खाटू श्याम की निशान यात्रा निकाली जाएगी। जो मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई शिवाला मंदिर में संपन्न होगी। 30 जून को शिवाला मंदिर में भंडारा होगा तथा रात्रि में रामलीला मैदान पर भजन संध्या होगी। भजन संध्या में राजू हंस चुलकाना धाम, आयुष सोमानी जयपुर, रजनी शर्मा ग्वालियर एवं विवेक सोनी द्वारा बाबा खाटू श्याम का गुणगान होगा। श्री श्याम मित्र मंडल हसनपुर के सदस्य शैंकी अग्रवाल, पराग अग्रवाल, आशु चौहान, मोहित चौहान, अंकित अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, हिरदेश अग्रवाल, प्रवीन प्रजापति तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी व भाजपा नेता मोहित शर्मा रहेंगे।

चार दिन से लापता पति की गुमशुदगी दर्ज कराई

ढबारसी, अमृत विचार : आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर मुंजफ्ता निवासी चमन कुमार सात जून को पत्नी से कहासुनी होने के बाद नाराज होकर घर से चले गए थे। जिसके बाद परिजनों ने रिश्तेदारी एवं परिचितों के यहां तलाश किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पत्नी संतरेश ने पुलिस को तहरीर देकर पति की तलाश में मदद की गुहार लगाई है। आदमपुर थाना प्रभारी शौकेंद्र सिंह ने बताया कि पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
शरद डेयरी एण्ड कनफैक्शनरी
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

एक नजर

किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गजरौला, अमृत विचार : सात जून की रात 11 बजे गांव निवासी किशोरी जंगल में शौच करने जा रही थी। आरोप है कि वहां पहले से ही मौजूद युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया तथा किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। किशोरी ने घर पहुंचकर परिवार वालों को घटना के बारे में जानकारी दी। परिवार वालों ने युवक के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि आरोपी कासिम को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया गया है।

नकब लगाकर चोरी करने का प्रयास

गजरौला, अमृत विचार : सलेमपुर गोसाई गांव निवासी मनोज ने बताया कि सोमवार रात वह परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहा था। रात को उनकी नींद खुली तो कुछ देर बाद दीवार के नीचे हिस्से को तोड़ने की आहट मिली। शोर मचाने पर चोर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

अमरोहा की खबरें पेज 11 पर भी

तेज धूप और लू के थपेड़ों से लोग हो रहे परेशान

अधिकतम तापमान 43 और न्यूनतम 27 डिग्री, 20 जून के बाद मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : भीषण गर्मी के साथ लू के थपेड़ों ने लोगों का बुरा हाल कर दिया है। सूरज जैसे सुबह से ही आग उगल रहा है। लू के थपेड़ों से शरीर झुलस रहा है। गर्मी अधिक होने के कारण पंखे भी गर्म हवा दे रहे हैं। धूप में लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा।

क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सूरज की तपिश और लू से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। गर्मी अधिक होने के कारण पंखे की हवा में भी पसीना नहीं सूख रहा है। दोपहर में लोगों की आवाजाही कम हो रही है। नगर के बाजारों में भी लोग सुबह और शाम को खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। यहीं नहीं दोपहर में चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों से लोगों ने बाहर निकलना कम कर दिया है। जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। बताया जा रहा है कि 20 जून के बाद तापमान में गिरावट आ सकती है। चिकित्सक भी लोगों को गर्मी से बचाव के लिए सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। वहीं, जिला कृषि अधिकारी बबलू सिंह ने बताया कि बारिश के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है। जून अंत तक ही जिले में मानसून प्रवेश करेगा।

धूप से बचाव के लिए चेहरे पर कपड़ा बांधकर स्कूटी से जाती युवती।

हसनपुर में धूप से बचने के लिए सिर पर चुन्नी ओढ़कर जाती युवतियां। ● अमृत विचार

गर्मी से बचने को चुन्नी ओढ़कर निकलीं युवतियां

हसनपुर, अमृत विचार : भीषण गर्मी से नगर वासियों का बुरा हाल हो रहा है। लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं, उसके बावजूद गर्मी से निजात नहीं मिल पा रही है। धूप से बचने के लिए बाइक सवार सूती कपड़ा सिर पर बांध रहे हैं, तो राहगीर छाता लगाकर या मुंह पर कपड़ा लपेट कर घर से बाहर निकल रहे हैं। उसके बावजूद राहत नहीं मिल पा रही है। वहीं किसानों की फसलें तेज धूप से झुलसकर सूखने की कगार पर पहुंच रही हैं।

गर्मी के साथ अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की भीड़

अमरोहा, अमृत विचार : गर्मी के चलते जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। भीषण गर्मी के कारण बुखार, उल्टी-दस्त सहित संक्रमण के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। आम दिनों के मुकाबले अब जिला अस्पताल में अधिक लोगों की ओपीडी हो रही है। अस्पताल में मरीजों की रोजाना लंबी कतारें लग रही हैं। जिले में भीषण गर्मी के चलते लोग परेशान है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग व्यक्ति गर्मी व बदलते मौसम के कारण बीमार पड़ रहे हैं। जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मंगलवार सुबह जिला अस्पताल खुलते ही ओपीडी के लिए डायरिया व बुखार के मरीजों की लंबी कतारें लगी दिखाई दीं। पर्चा बनवाने से लेकर चिकित्सक से परामर्श और दवा लेने के लिए मरीजों को मशक्कत करनी पड़ी। अमरोहा शहर सीएचसी में भी बुखार के मरीजों की भीड़ में इजाफा होता जा रहा है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रांजल मिश्रा ने बताया कि गर्मी में बच्चों को डायरिया व उल्टी दस्त की ज्यादा समस्याएं रहती है। गर्मी में बच्चों से लेकर बड़ों तक को पानी पीते रहना चाहिए। गमछा, मास्क का प्रयोग करना चाहिए।

हसनपुर में मंगलवार दोपहर बाजार में लगा जाम। ● अमृत विचार

व्यापारियों को नहीं मिल रही बाजार के जाम से निजात

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : मुख्य बाजार समेत अन्य बाजारों में दोपहर से जाम लगना आम बात हो गई है। जिससे व्यापारियों और राहगीरों को परेशानी हो रही है। अधिकारियों से कई बार समस्या का समाधान कराने की मांग की, लेकिन व्यापारियों को राहत नहीं मिल सकी।

नगर की सड़कों पर अतिक्रमण एवं बेतरतीब ई-रिक्शा संचालन से मुख्य बाजार में जाम लगना आम बात हो गई है। मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे आंबेडकर पार्क से इंदिरा चौक के बीच जाम लगने से लोगों भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जाम के दौरान पैदल निकलना भी दुश्वार हो गया। जाम की यह स्थिति पुराना डाकघर, वंश प्लाजा, पंसारा बाजार, दरबार, घास मंडी आदि स्थानों पर भी बनी रहती है। कई बार व्यापारी संगठनों द्वारा जाम का समाधान करने की अधिकारियों के समय मांग उठाई थी, लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस समस्या का समाधान नहीं कराया। कुछ लोग सड़क किनारे बेतरतीब वाहन खड़े कर खरीदारी करने चले जाते है। जिससे जाम की समस्या और भी बढ़ जाती है। अक्सर जाम के चलते वाहन रेंगते नजर आते हैं।

कांग्रेस की धन्यवाद यात्रा में जताया आभार

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : मंगलवार को हसनपुर क्षेत्र में राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस कमेटी द्वारा आभार और धन्यवाद यात्रा निकाली गई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी रहे पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली ने कहा कि लोकतंत्र में जीत हार लगी रहती है। अमरोहा की जनता ने अपार जनसमर्थन दिया है। जिंदगी भर उसका कर्ज उतारता रहूंगा। अमरोहा की जनता मेरा परिवार है।

पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि आप लोगों के हक और मान-सम्मान की लड़ाई कांग्रेस हमेशा लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी। कांग्रेस पार्टी का और इंडिया गठबंधन का एक-एक कार्यकर्ता आपके साथ खड़ा है। अमरोहा की सम्मानित जनता ने जो समर्थन कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन को दिया है, उसके लिए अमरोहा की जनता को धन्यवाद है। धन्यवाद और आभार यात्रा हसनपुर से आरंभ होकर हैबतपुर, कालखेड़ा, उझारी, सैदनगली, भदौरा, हरियाणा ढक्का, सकतपुर होते हुए ढवारसी में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी कुंवर असीम हुसैन साबरी, पूर्व प्रदेश सचिव चौधरी सुखराज सिंह, हसनपुर के नगर अध्यक्ष छुन्नन भारती, पीसीसी सदस्य विनोद कुमार सक्सेना, समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष यूसुफ कुरैशी, जिला सचिव बागेश चौधरी हरस्वरूप प्रधान, मांगे राम कटारिया, बदर कुरैशी, चमन अंसारी, जयपाल सिंह जाटव, इकबाल अंसारी, सुरेंद्र प्रजापति, राजपाल सैनी, डॉ. इरफान सैफी, नफीस बेगाना नदीम रियासत रहे।

धन्यवाद यात्रा के दौरान बोलते पूर्व सांसद दानिश अली। ● अमृत विचार

● **पूर्व सांसद ने कहा कांग्रेस लड़ती रहेगी सम्मान की लड़ाई**

तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर जताई खुशी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : तीसरी बार नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर भाजपाइयों ने मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

मंगलवार को भाजपा अमरोहा नगर मंडल की बैठक बड़ा बाजार स्थित खत्री धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी, जिले के उपाध्यक्ष कैलाश त्यागी ने कार्यकर्ताओं के साथ तीसरी बार एनडीए की सरकार बनने के उपलक्ष्य में मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही ढोल नगाड़े बजाकर मुख्य बाजार में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। कार्यक्रम में सीमा रायजादा, ऊषा शर्मा, ऊषा चन्डोक, मीनाक्षी वर्मा, हेमलता शर्मा, मिथिलेश सैनी, अमित सैनी, महिपाल गुर्जर, विकास सारस्वत, वासु गुप्ता, गौरव वर्मा, चौधरी हरीशवीर, नगर अध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी, सनी सक्सेना, देवेश कुमार, कमल प्रजापति, विनोद गोला, मनोज जोशी, विनोद मौर्य, हेमंत, जोगेंद्र सैनी रहे।

भाजपा की सरकार बनने पर खुशी जताते जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी व अन्य।

प्रसाद वितरण करते विधायक राजीव तरारा व अन्य। ● अमृत विचार

एनडीए की सरकार बनने पर प्रसाद व शर्बत बांटा

गजरौला, अमृत विचार : केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने और कंवर सिंह तंवर के सांसद बनने पर विधायक राजीव तरारा ने प्रसाद और शर्बत का वितरण किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र में 10 वर्षों से लोकप्रिय सरकार बनाने वाली भाजपा सरकार को फिर से जनता ने दायित्व सौंपा है। उड़ीसा और अरूणाचल प्रदेश राज्यों में भी भाजपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। इसको लेकर विधायक ने चौपला पर प्रसाद और शर्बत वितरित कराया। महकपाल सिंह गुर्जर, सतवीर सैनी, निहार त्यागी, सीताराम कश्यप, सचिन त्यागी, डॉ.आशुतोष भूषण शर्मा, अमन अग्रवाल, वैभव गोयल, पवन चौधरी रहे।

मिठाई बांटकर जताई खुशी

सैदनगली, अमृत विचार : उझारी में वसीम अल्वी के आवास पर पर भाजपाइयों ने नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मिठाई बांटी। मंगलवार को उझारी में जुलूस निकाला। मंडल अध्यक्ष हेमराज सैनी व वसीम अल्वी ने खुशी का इजहार करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुशल शासक है। इस अवसर पर रामपाल, शकील अल्वी, अकरम अल्वी, शमीम अल्वी, फारूक रहे।

मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिन मनाते विश्व हिंदू महासंघ के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

विश्व हिंदू महासंघ ने मनाया मुख्यमंत्री योगी का जन्मदिन

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : प्रदेश अध्यक्ष भिखारी लाल प्रजापति के निर्देश पर विश्व हिंदू महासंघ ने मंगलवार को गांव कमेलपुर स्थित विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष पवन कुमार के आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जन्मदिन मनाया। प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सक्सेना ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने अपने मार्गदर्शन में प्रदेश को आगे बढ़ाने का जो बीड़ा उठाया है। उसके अनुकूल परिणाम होंगे तथा भविष्य में उप्र विकास के नए शिखर पर होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पवन कुमार, प्रदीप शर्मा, जंग बहादुर सिंह, मोहित कुमार, ओपी गोला, महेश शर्मा, मनोज यादव, चीनू सागर, राजीव यादव, कुलदीप, दीपक, हर्ष कुमार, सौरभ कुमार, नेमपाल सिंह सहित रहे।

2.34 लाख किसानों को मिलेगी सम्मान निधि

अमरोहा, अमृत विचार : जिले के 2.34 लाख किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि की 17वीं किस्त मिलेगी। कृषि अधिकारी का कहना है कि एक सप्ताह में पात्र किसानों के बैंक खाते में किसान सम्मन निधि की 17वीं किस्त पहुंच जाएगी।

जिले के 2 लाख 34 हजार किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के दायरे में आते हैं। इनमें करीब 8000 किसान ऐसे हैं जिन्होंने ई केवाईसी अब तक नहीं कराया है। इसी कारण उन्हें सम्मान निधि नहीं मिलेगी। किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त लोकसभा चुनाव से पहले फरवरी में जारी की गई थी। इसके बाद अब किसानों को सम्मान निधि की 17वीं किस्त का इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ लेते ही किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी करने को मंजूरी दे दी है। उप कृषि निदेशक राम प्रवेश ने बताया कि एक सप्ताह में किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि की रकम पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने अभी तक ई केवाईसी नहीं कराया है वह जल्द कर लें। बिना ई-केवाईसी के उनके खाते में सम्मान निधि की रकम नहीं पहुंच सकेगी।

कैसरा में मिठाई बांटते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भाजपा सरकार बनने पर मनाई खुशी

कैसरा, अमृत विचार : भाजपा कैम्प कार्यालय कैसरा में पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुर्जर के आवास पर मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की खुशी में कार्यकर्ता ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुर्जर, धर्मवीर भाटी, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, फारुख सैफी, जाहिद ,रिहान देव गुर्जर रहे।

नकब लगाकर नकदी व जेवर चोरी

अमरोहा, अमृत विचार : डिडौली कोतवाली के गांव श्यामपुर में इस्लाम अहमद का परिवार रहता है। उनका घर गांव के बाहरी रास्ते पर है। सोमवार रात परिवार के लोग आंगन में सोए हुए थे। रात में किसी समय पिछली दीवार में नकब लगाकर चोर घर में दाखिल हो गए और कमरे की अलमारी से जेवरात समेत आठ हजार रुपये चोरी कर फरार हो गए। परिवार के लोगों को चोरी की जानकारी मंगलवार सुबह हुई। कमरे में बिखरा पड़ा सामान देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। हालांकि, सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने घटना की जानकारी से इनकार किया है।

रहरई में नारेबाजी करते भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता और ग्रामीण। ● अमृत विचार

जर्जर खंभे एवं तार बदलवाने के लिए प्रदर्शन

संवाददाता, रहरा

अमृत विचार : विकास खंड गंगेश्वरी के ग्राम रहरई में जर्जर खभे एवं तार बदलवाने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने प्रदर्शन किया।

मंगलवार को भाकिसं के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा चंद्रप्रकाश शर्मा, अखिलेश शर्मा के साथ रहरई निवासी ब्लाक संयोजक डॉ. शिवचरन सैनी के आवास पर पहुंचे। वहां मौजूद ग्राम वासियों ने अपनी समस्याएं बताईं। जिनमें विद्युत विभाग की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जर्जर खंभों और खंभों की कमी के अभाव में रहरई सैनियों के मोहल्ले से आदमपुर मार्ग पर लगे विद्युत पोल की अधिक दूरी के चलते तार नीचे लटके हुए हैं। 10 वर्ष पुराने घरेलू कनेक्शन भी खंभों के स्थान पर लकड़ी के पोल लगाए गए हैं। जिनके टूटने से दुर्घटना की आशंका है। जबकि पूर्व में केंद्र सरकार द्वारा घरों तक विद्युत आपूर्ति करने के लिए खंभे लगवाए गए थे। लेकिन उस योजना का भी लाभ नहीं मिल पाया। जेई से शिकायत करने पर भी ध्यान नहीं दिया गया। लोगों ने चेतावनी दी कि जर्जर तार न बदलने और खंभों की संख्या न बढ़ाने पर भाकिसं प्रदर्शन को विवश होगा। इस अवसर पर डॉ. शिवचरन सैनी, दिव्यांशु यादव, प्रेमपाल यादव, सतीश कश्यप, मुकेश कश्यप, विनोद कश्यप, भूप सिंह सैनी, नरपत, धर्मपाल, शिवदत्त, कुसुम, नेमवती, शारदा, भूरी, माया, पूजा, लक्ष्मी, वीरवती आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मनौटा, वि0खण्ड,असमोली, जिला सम्भल

पत्रांक:- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांक:- 11/06/2024

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मनौटा वि०ख० असमोली जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 11/06/2024 से 19/06/2024 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 20/06/2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	2	3	4
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम0एम0 बजरी	घन मी.	
5	40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मी.	
12	सरिया	प्रति कुन्टल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुन्टल	
14	मिट्टी-दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
15	लोकल रेत	प्रति घनमीटर	
16	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मी.	
17	दीवार पुताई/समोशम 2 कोट	प्रति वर्ग मी.	
18	इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
23	फर्नीचर/बेंच	प्रति नग	
24	सी0सी0 बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट	प्रति नग	
27	वारवेट वायर	प्रति मीटर	
28	फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेंट	प्रति लीटर	
30	प्राईमर (लोहा लकड़ी)	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प मरम्मत पिलर	नग/फीट	
33	आर0सी0सी0 पीलर	नग/बैग	
34	बालपुट्टी	बैग	
35	पी0वी0सी0 पाईप	मीटर	
36	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 लीटर	
37	32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु	प्रतिफिट	
38	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग/फीट	
39	लोहे का गेट	प्रति कुन्तल	
40	आर्यन सीट/Roof सीट	प्रति किलो.	
41	माईका सीट	प्रति नग	

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मनौटा
वि0ख0 असमोली, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत मनौटा
वि0ख0 असमोली, जनपद सम्भल

कार्यालय ग्राम पंचायत अकबरपुर गहरा, वि0खण्ड,असमोली, जिला सम्भल

पत्रांक:- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांक:- 11/06/2024

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अकबरपुर गहरा वि०ख० असमोली जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 11/06/2024 से 19/06/2024 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 20/06/2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	2	3	4
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम0एम0 बजरी	घन मी.	
5	40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मी.	
12	सरिया	प्रति कुन्टल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुन्टल	
14	मिट्टी-दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
15	लोकल रेत	प्रति घनमीटर	
16	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मी.	
17	दीवार पुताई/समोशम 2 कोट	प्रति वर्ग मी.	
18	इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
23	फर्नीचर/बेंच	प्रति नग	
24	सी0सी0 बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट	प्रति नग	
27	वारवेट वायर	प्रति मीटर	
28	फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेंट	प्रति लीटर	
30	प्राईमर (लोहा लकड़ी)	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प मरम्मत पिलर	नग/फीट	
33	आर0सी0सी0 पीलर	नग/बैग	
34	बालपुट्टी	बैग	
35	पी0वी0सी0 पाईप	मीटर	
36	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 लीटर	
37	32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु	प्रतिफिट	
38	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग/फीट	
39	लोहे का गेट	प्रति कुन्तल	
40	आर्यन सीट/Roof सीट	प्रति किलो.	
41	माईका सीट	प्रति नग	

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अकबरपुर गहरा
वि0ख0 असमोली, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत अकबरपुर गहरा
वि0ख0 असमोली, जनपद सम्भल

कार्यालय ग्राम पंचायत असगरीपुर, वि0खण्ड,असमोली, जिला सम्भल

पत्रांक:- मीमो/ग्रा.प./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2024-25 दिनांक:- 11/06/2024

अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो पंजीकृत विक्रेताओं को एतकदद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत असगरीपुर वि०ख० असमोली जनपद सम्भल में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग पन्द्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, ओडीएफ, ओडीएफ प्लस एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक / गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें / कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 11/06/2024 से 19/06/2024 तक कार्यालय दिवस में दोपहर 12:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबन्द निविदा/ कुटेशन दरें सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 20/06/2024 को अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष दिन के 2:00 बजे खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी। जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान / पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अद्योहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी०एस०टी० रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी०डब्लू०डी० की दरों की अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

क्र.सं.	सामग्री का नाम	मात्रा	दर
1	2	3	4
1	सीमेंट	प्रति बैग	
2	बालू रेत	घन मी.	
3	बजरफुट	घन मी.	
4	20 एम0एम0 बजरी	घन मी.	
5	40 एम0एम0 ब्रिक ब्लास्ट	घन मी.	
6	ईट प्रथम श्रेणी एम-150	प्रति हजार	
7	ईट बालदार एम-275	प्रति हजार	
8	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 सफेद	प्रति नग (एक)	
9	सी0सी0 इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एम0एम0 रंगीन	प्रति नग (एक)	
10	दीवार टाईल्स	प्रति वर्ग मी.	
11	फर्श टाइल्स	प्रति वर्ग मी.	
12	सरिया	प्रति कुन्टल	
13	लोहे का जाल	प्रति कुन्टल	
14	मिट्टी-दूरी सहित	प्रति घनमीटर	
15	लोकल रेत	प्रति घनमीटर	
16	बाल पेंटिंग	प्रति वर्ग मी.	
17	दीवार पुताई/समोशम 2 कोट	प्रति वर्ग मी.	
18	इंडिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर	प्रति नग	
19	सैनेट्री सामग्री	प्रति नग	
20	बिजली उपकरण	प्रति नग	
21	लोहे का फेन्सिंग तार	प्रति किग्रा.	
22	आयरन एंगिल	प्रति किग्रा.	
23	फर्नीचर/बेंच	प्रति नग	
24	सी0सी0 बेंच	प्रति नग	
25	डस्टबिन	प्रति नग	
26	स्ट्रीट एल0ई0डी0 लाईट	प्रति नग	
27	वारवेट वायर	प्रति मीटर	
28	फर्नीचर स्कूल बेंच कम्पलीट	प्रति नग	
29	पेंट	प्रति लीटर	
30	प्राईमर (लोहा लकड़ी)	प्रति लीटर	
31	शौचालय शीट	प्रति नग	
32	हैण्डपम्प मरम्मत पिलर	नग/फीट	
33	आर0सी0सी0 पीलर	नग/बैग	
34	बालपुट्टी	बैग	
35	पी0वी0सी0 पाईप	मीटर	
36	वाटर स्टोरेज टैंक	प्रति नग 1000 लीटर	
37	32 एम0एम0 प्लाईबोर्ड शटर हेतु	प्रतिफिट	
38	रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण	प्रति नग/फीट	
39	लोहे का गेट	प्रति कुन्तल	
40	आर्यन सीट/Roof सीट	प्रति किलो.	
41	माईका सीट	प्रति नग	

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत असगरीपुर
वि0ख0 असमोली, जनपद सम्भल

सचिव
ग्राम पंचायत असगरीपुर
वि0ख0 असमोली, जनपद सम्भल

एक नजर

आज बंद रहेगी कई गांवों की बिजली

संभल,अमृत विचार : विद्युत उपकेंद्र टांडा कोठी में खराब वीसीबी बदलने का काम 12 जून को होगा। यह जानकारी अधिशासी अभियंता नवीन गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि कार्य के चलते सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक गुमसानी, मढ़न, बेला, सैंधरी, बुकनाला, मुबारकपुर बंद, मतावली पट्टी जग्गू, हरथला, हीरापुर, दुगावर, डोंडी, सीडलमाफी, नबाड़ा, बहाउद्दीनपुर, मतावली पट्टी परशुराम, देहरी जग्गू आदि की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस अवधि में उपभोक्ता धैर्य बनायें रखें।

बेटे को पीटने का लगाया आरोप, दी तहरीर

संभल/धनारी, अमृत विचार : थाना धनारी क्षेत्र के गांव चंदपुरा निवासी प्रेम सिंह की पत्नी भगवती ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि मेरा बेटा लीलाधर सुबह अपने खेत में शौच कर रहा है। आरोप है कि गांव का ही एक युवक खेत पर पहुंचा और बिना बात के लीलाधर के साथ लात घूसों से मारपीट करने लगा। मारपीट होने की सूचना मिलने पर भगवती भी मौके पर आ गई। विरोध किया तो युवक धमकी देते हुए भाग गया। भगवती ने तहरीर देकर युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

फंदे से लटककर जान देने की कोशिश

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते महिला ने फंदे से लटककर जान देने की कोशिश की। परिजनों ने महिला को नीचे उतारकर निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 27 वर्षीय महिला घरेलू विवाद के चलते मंगलवार को फंदे से लटक गई। जैसे ही परिजनों ने महिला को देखा तो होश उड़ गए। परिजनों ने तुरंत महिला को फंदे से नीचे उतारा। परिजन महिला को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया है।

शाह अली मुत्तकी का उर्स आज से

संभल अमृत विचार : हजरत शाह अली मुत्तकी इसराईली चिश्ती कादरी का उर्स मुबारक 12 जून से अली सराय मंडी किशनदास सराय में शुरू होगा। उर्स 15 जून तक चलेगा। 15 जून को कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी। जिसमें तमाम अकीदतमंद शिरकत करेंगे। उर्स को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

विस्फोटक पीसने पर धमाका, बच्चे की मौत

तीन लोग गंभीर घायल, विस्फोट से कमरे की दीवारों में गहरे गड्ढे हो गए

कार्यालय संवाददाता,संभल/धनारी

अमृत विचार: धनारी थाना क्षेत्र में गंधक व पोटाश को एक साथ मिलाकर मिक्सर मशीन में पीसते समय हुए विस्फोट में बीस माह के बच्चे की मौत हो गई जबकि जबकि ग्रामीण व ,उसकी बेटी व पोती सहित तीन लोग घायल हो गये। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज दूसरे गांव तब सुनाई दी। विस्फोट से कमरे की दीवारों में गहरे गड्ढे हो गये। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

थाना क्षेत्र के गांव खजरा इनायत गंज निवासी साहब सिंह सोमवार की रात नौ बजे विस्फोटक पदार्थ गंधक व पोटाश को बारीक करने के लिए एक साथ मिक्सर में डालकर पीस रहा था। साहब सिंह की 19 साल की बेटी कविता 19 वर्ष 20 माह के पोता गुरुवचन व तीन साल की पोती भी पास में ही बैठे हुए थे। साहब सिंह ने जैसे ही विस्फोटक डालकर मिक्सर चलाई वैसे ही जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि आवाज दूर खेतों और दूसरे गांव तक आवाज सुनाई दी। हादसे में साहब सिंह, गुरुवचन, कविता, एकता तीनों गंभीर रुप से घायल हो गए। विस्फोट से कमरे में दीवारों में गडढ़े हो गये। परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए अनूपशहर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान 20 माह के गुरुवचन की मौत हो गई। परिजन गुरुवचन का शव लेकर घर आ गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

गांव खजरा इनायत गंज में सोमवार की रात नौ बजे अधिकतर ग्रामीण सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान तेज धमाका हुआ तो लोग सहम गये। विस्फोट इतना तेज था कि आवाज पास के दूसरे गांव तक सुनाई दी।

कोतवाल नरेश कुमार ने बताया कि घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। साहब सिंह की पुत्रवधू की और से इत्तेफाकिया रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

विस्फोट के बाद ग्रामीणों से जानकारी लेते कोतवाल व एसडीएम। ● अमृत विचार

जंगली पशुओं को भगाने के लिए तैयार कर रहा था विस्फोटक

संभल, अमृत विचार : जंगल में घूम रहे छुट्टा व जंगली पशुओं से फसलों को बचाने के लिए गंधक व पोटाश का मिश्रण कर साहब सिंह विस्फोटक तैयार कर रहा था। लोहे की नली से बनी देसी बंदूक में विस्फोटक रखकर पशुओं व जंगली जानवर को भगाने के लिए धमाका किया जाता है।

सूचना पर पहुंचे अफसर

संभल, अमृत विचार : साहब सिंह के घर विस्फोट होने की सूचना मिलने पर मंगलवार को कोतवाल नरेश कुमार सिंह के साथ ही एसडीएम गुन्नौर रमेश बाबू, पुलिस क्षेत्राधिकारी बहजोई दीपक कुमार तिवारी मौके पर पहुंचे। अफसरों ने घटनास्थल देखने के साथ ही ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी ली।

चोरों ने पांच घरों में लगाया नकब, एक से समेट ले गए पांच लाख का माल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र में चोरों ने पांच घरों में नकब लगाया मगर एक घर से ही एक लाख की नकदी, सोने-चांदी के जेवर और मैंथा तेल समेत करीब पांच लाख रुपये का माल समेटकर ले गए। पुलिस ने जांच पड़ताल की तो पीड़ित मैकेनिक ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। घटना से ग्रामीणों में भय का माहौल है।

थाना के क्षेत्र के गांव रतुपुरा निवासी खेम सिंह पाल का मकान गांव के बाहरी छोर पर बना है। मैकेनिक खेम सिंह पाल पाकबड़ा में स्थित टीएमयू में वाटर कूलर ठीक करने का काम करता है। सोमवार को खेम सिंह पाल का बेटा और दो बेटी छत पर सोए जबकि पत्नी ने घर के आंगन में सोई थी। एक बेटा लोधीपुर में स्थित फर्म में काम करने के लिए गया हुआ था। देर रात चोरों ने जंगल की तरफ से घर की दीवार में नकब लगाया और अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरे में अलमारी से एक लाख रुपये, सोने की पंजाबी कंठी, दो मंगलसूत्र, दो ओउम के लोकेट, दो नोजपिन, दो अंगूठी तथा चांदी की दो अंगूठी, चांदी के चार सिक्के, चार जोड़ी पाजेब, मैंथा तेल तथा जमीन के दस्तावेज चोरी किए और निकल गए। मंगलवार को सुबह जब परिजन सो कर उठे तो घर के कमरे में नकब लगा देखकर होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मैकेनिक खेम सिंह पाल के अनुसार, करीब पांच लाख रुपये का माल चोर ले गए।

गांव में चोरी के बाद परिवार की महिलाएं व बिखरा सामान। ● अमृत विचार

चार घरों में नहीं कर सके चोरी की वारदात

संभल, अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के गांव मछारी में मौसम अली, छिद्दा खां, रिफाकत तथा बाबू के घर गांव के बाहरी छोर पर हैं। सोमवार को रात ही चोरों ने चारों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए मकानों की दीवारों में नकब लगाया। नकब के रास्ते में भूसा और पशुओं के चारा खाने वाला स्थान आने पर चोरों को खाली हाथ ही लौटना पड़ा। मौके पर चोरों की एक टार्च छूट गई। असमोली क्षेत्र में एक ही रात में पांच स्थानों को चोरों द्वारा निशाना बनाने की खबर फैल गई।

भाकियू कार्यकर्ताओं ने बिजली समस्या को लेकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

- एसडीओ देहात को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई

अमृत विचार : भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने पंवासा बिजलीघर पर बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। जिसके बाद एसडीओ देहात को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान कराने की मांग उठाई।

भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता पंवासा और किरारी बिजलीघर क्षेत्र की समस्या को लेकर विद्युत उपकेंद्र पंवासा पहुंचे। युवा ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी की। एसडीओ देहात अनिल कुमार को ज्ञापन सौंपा। कहा कि किरारी बिजलीघर के एसएसओ द्वारा किसानों से दुर्व्यवहार किया जाता है। लाइनमैनो की तानाशाही चल रही है। करीमपुर फीडर पर जमकर बिजली कटौती हो रही है। जिससे फसलें सूख रही हैं। एसएसओ का दूसरे बिजलीघर के लिए तबादले, बिजली कटौती रोकने, लाइनमैनों को हटाकर दूसरे बिजलीघर भेजने की मांग उठाई। कहा कि 20 मई को भी धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन किसी भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। समाधान नहीं होने पर महापंचायत की रणनीति बनेगी और अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन होगा। गांव विक्रमपुर तहरपुर में खराब पड़े ट्रांसफार्मर को तत्काल बदलने की मांग भी उठाई।

इस दौरान अरविंद यादव, सुरेश पाल, कल्याण यादव, गुलाम मुस्तफा, रामनिवास यादव, नरेश पाल, विपिन यादव, शाहनवाज, सतीश कुमार, चौधरी हरिशंकर, मित्रपाल, चंद्रपाल, गिरीश सिंह मौजूद रहे।

शेड्यूल से नहीं मिली बिजली तो धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने बिजली समस्या उठाते हुए एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति कराने समेत कई मांगें उठाईं। मांगें पूरी नहीं होने पर कार्यालय पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एक्सईएन नवीन गौतम को ज्ञापन सौंपकर कहा कि जिले में घरेलू एवं निजी नलकूप उपभोक्ताओं को शेड्यूल के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही। सिंचाई के अभाव में फसलें सूख रही हैं।

शेड्यूल के मुताबिक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। कहा कि निजी नलकूप और घरेलू कनेक्शन पर जो मीटर लगाए गए हैं, वह खराब हैं।

अधिक बिल दर्शा रहे हैं। मीटर सुधार के नाम पर कर्मचारियों द्वारा सुविधा शुल्क वसूला जा रहा है। अप्रैल 2023 से निजी नलकूप के बिलों के माफी की घोषणा हुई थी। फिर भी कर्मचारी किसानों पर अनुचित दबाव बनाकर बिल वसूल कर रहे हैं। बिजली विभाग द्वारा किसानों पर दर्ज कराए फर्जी मुकदमों का निस्तारण कराया जाए। मांगें पूरी नहीं हुईं तो 21 जून से कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। इस दौरान शंकर सिंह यादव, आनंद कुमार, चौधरी वीरेंद्र सिंह, किशनपाल सिंह राणा, नवनीत त्यागी आदि रहे।

एक्सईएन को ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- भाकियू टिकैत ने एक्सईएन को ज्ञापन सौंपकर उठाईं मांगें
- बिजली विभाग द्वारा किसानों पर दर्ज कराए फर्जी मुकदमों का निस्तारण कराया जाए

सार-संक्षेप

रेवेन्यू बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण आज

संभल अमृत विचार : रेवेन्यू बार एसोसिएशन बहजोई संभल की बार कक्ष में हुई बैठक में 12 जून को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चर्चा की गई। कहा गया कि समारोह के लिए पुलिस, आवागमन और पार्किंग व्यवस्था के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया जाए। बाहर के आने वाले मेहमानों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। बैठक में मंच व्यवस्था नरेश पाल सिंह यादव, प्रशासनिक व्यवस्था सुरेंद्र पाल सिंह यादव, शपथ व्यवस्थापक नरेश पाल सिंह यादव, जलपान व्यवस्था महीपाल यादव एवं पुष्पेंद्र सिंह यादव, अतिथि स्वागत की जिम्मेदारी संरक्षक मंडल को सौंपी गई। अध्यक्षता नरेश पाल सिंह यादव ने तथा संचालन सुरेंद्र पाल सिंह ने किया।

डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते सपा छात्रसभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

सपा छात्रसभा ने नीट परीक्षा पुनः कराए जाने की उठाई मांग

बहजोई, अमृत विचार : समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारियों ने नीट परीक्षा में धांधली का आरोप लगाते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। नीट परीक्षा फिर से कराए जाने की मांग उठाई। राष्ट्रीय सचिव मुकुल यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर पहुंचे। जहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर वंदना सिंह को ज्ञापन सौंपकर कहा कि पूरे देश में चिकित्सक की पढ़ाई के लिए प्रवेश परीक्षा के रूप में ली देने वाली नीट परीक्षा में धांधली की गई है। रिजल्ट में सैकड़ों परीक्षार्थियों के 10 प्रतिशत नंबर आए हैं। इसमें भी एक ही परीक्षा केंद्र पर कई परीक्षार्थियों के एक साथ 100 प्रतिशत नंबर आना एक बड़ी धांधली की और इशारा करता है। कहा कि अधिकतर परीक्षाओं में लगभग एक जैसा ही घपला होना कोई संयोग नहीं हो सकता। उन्होंने नीट परीक्षा को फिर से कराए जाने की मांग उठाई। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव मुकुल यादव, चेतन गुप्ता, सद्दाम कुरेशी, आकाश शंखधार आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

नीट परीक्षा में धांधली को लेकर आप ने सौंपा ज्ञापन

बहजोई,अमृत विचार : आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष सचिन कुमार एडवोकेट के नेतृत्व में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पर पहुंच गए। जहां उन्होंने डिप्टी कलेक्टर वंदना सिंह को ज्ञापन सौंपकर कहा कि नीट परीक्षा देश की सबसे प्रतिष्ठित और बड़ी परीक्षाओं में से एक है। उसका पेपर भी लीक हो गया। बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहे नौजवानों को भ्रष्टाचारी सरकार ने एक और झटका दे दिया है। कुछ बच्चों को 718-719 नंबर दिए गए. संभव है क्योंकि एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर चार या पांच नंबर कम होने चाहिए। नीट की परीक्षा में गंभीर स्थिति और भ्रष्टाचार किया गया है। नीट की परीक्षा को फिर से कराया जाए। इस दौरान सचिन कुमार एडवोकेट, ओमपाल सिंह एडवोकेट, इकबाल, गीत कुमार, राकेश आदि मौजूद रहे।

नीट की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई

चन्दौसी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी छात्र सभा जनपद संभल के पदाधिकारियों ने नीट-यूपी परीक्षा 2024 में धांधली को लेकर सीबीआई जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संदर्भ में मंगलवार को तहसील मुख्यालय पहुंच कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में एसडीएम नीतू रानी को सौंपे गए ज्ञापन के माध्यम से कहा कि नीट यूपी 2024 के परिणाम लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन घोषित कर एनटीए क्या छिपाना चाहती है? मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है। नीट-यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थीं। इससे ये भी स्पष्ट हो गया है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थीं। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुई हैं। उसके लिए इस पूरे विषय से संबद्ध ब्यूरोक्रेसी जिम्मेदार है। पुन: परीक्षा कराई जाए। जिससे छात्रों का हित हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष के साथ मित्रपाल यादव, राजवीर यादव, दंगल सिंह, चंद्रकेश यादव, विजयवीर यादव, अभिषेक यादव, शौर्य यादव, अमित, आर्यन, अनुज यादव आदि थे।

सामाजिक सेवा की शपथ दिलाई

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: जायंट्स ग्रुप ऑफ बहजोई फ्रेंड्स के अधिष्ठापन समारोह में अधिष्ठापन अधिकारी ने अध्यक्ष सुमित डीआर व सचिव राहुल वार्ष्णेय एडवोकेट सहित अन्य पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। सामाजिक सेवा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने का संकल्प दिलाया।

डीआर रिसोर्ट में आयोजित अधिष्ठापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुधा चौधरी, फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. उमेश अग्रवाल, सचिव लव कुमार आर्य व विशिष्ट अतिथि उप निरीक्षक सीमा चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर व जायंट्स प्रार्थना से किया। इसके बाद अधिष्ठापन अधिकारी डॉ. अनीता श्रीवास्तव ने नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष सुमित डीआर सचिव राहुल वार्ष्णेय एडवोकेट, कोषाध्यक्ष भास्कर नारायण व उपाध्यक्ष सोम प्रकाश वार्ष्णेय सहित विभिन्न पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. उमेश अग्रवाल ने कहा कि यह ग्रुप समाज को सेवाएं देकर फेडरेशन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। मुख्य अतिथि डॉ सुधा चौधरी ने कहा कि सभी पदाधिकारी सामाजिक सेवा में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेंगे। इस दौरान सोम प्रकाश वार्ष्णेय, कपिल वार्ष्णेय मुकेश कुमार, आशीष कुमार, नितिन आयरन, विनीत कुमार, अनेक पाल, बबीता शर्मा, मीनू वार्ष्णेय, प्रवीण गोयल, जय अवतार, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन संभव जैन ने किया।

पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देतीं मुख्य अतिथि सुधा चौधरी व अन्य। ● अमृत विचार

- जायंट्स ग्रुप ऑफ बहजोई फ्रेंड्स का अधिष्ठापन समारोह

आतंकवादियों को दी जाए फांसी की सजा

संभल अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। जिसमें कहा है कि जम्मू कश्मीर के रियासी में धार्मिक यात्रियों की बस पर आतंकी हमला हुआ। जिसमें 10 यात्रियों की मौत हो गई तो 32 यात्री घायल हुए। जिससे संकेत है कि भारत के हिंदू तीर्थ यात्री सुरक्षित नहीं है।

कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मृतकों और घायलों को उचित न्याय दिलाए और आतंकवादियों को चिन्हित कर फांसी की सजा देने का काम हो।

मृतकों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये और घायलों को 10-10 लाख रुपये दिए जाएं। धार्मिक यात्रियों को पर्याप्त सुरक्षा दी जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिवेदी, श्याम सिंह पंवार, अजीत सैनी, अभिषेक सैनी, अनिल, रिंकू, अमित गुप्ता, धन सिंह आदि रहे।

अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाएं अभियान : एसपी

संवाददाता,बहजोई

- एसपी ने क्राइम समीक्षा बैठक में महिला अपराधों में तत्परता से कार्रवाई के निर्देश
- ईद-उल-जुहा व गंगा दशहरा त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न करने की कही बात

अमृत विचार : रिजर्व पुलिस लाइन में क्राइम समीक्षा बैठक में एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने थाना वार क्राइम की समीक्षा की। एसपी ने इनामी अपराधियों के खिलाफ अभियान चला कर गिरफ्तारी किए जाने के निर्देश दिए। महिला अपराधों में शीघ्रता से कार्रवाई करने की बात कही। क्राइम कंट्रोल नहीं करने वाले थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी।

रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में आयोजित बैठक में एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने महिलाओं से संबंधित अपराधों में तत्परता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए तो वहीं वांछित अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि शेष पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी शीघ्र की जाए। हत्या, लूट, डकैती, नकबजनी व वाहन चोरी जैसी घटनाओं की रोकथाम के निर्देश दिये।

एसपी ने आगामी ईद उल जुहा त्योहार को लेकर तैयारी किए जाने की बात कही। वहीं गंगा दशहरा की तैयारी की समीक्षा करते हुए समय से तैयारी पूरी करने की बात कही।

अंत में सैनिक सम्मेलन में अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर उनके शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

यातायात 32 लाख का है प्रोजेक्ट, नगर पालिका ने शुरू कराया काम, खोदवाए गड्ढे

ट्रैफिक लाइट सिस्टम स्थापित करने की तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के साथ-साथ यातायात सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक लाइट सिस्टम स्थापित करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। शहर के दो प्रमुख चौराहों के आसपास नगर पालिका ने गड्ढे खोदवाए दिए हैं। जल्द ही कार्य में तेजी आने की उम्मीद है। वहीं 32 लाख रुपये के ट्रैफिक लाइट सिस्टम प्रोजेक्ट को लेकर लोगों ने अच्छा कदम बताया है। लोगों का कहना है कि इससे लोगों में नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता का माहौल बनेगा। लोगों का बिना वजह उत्पीड़न भी रुकेगा।

चार लाख से अधिक की आबादी वाले संभल शहर में जाम बड़ी समस्या है। लोग यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाकर सड़कों पर वाहनों से फर्राटा भरते हैं। जिससे यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। वैसे तो डीएम मनीष बंसल के निर्देश पर पिछले वर्ष प्रशासन, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के अधिकारियों ने दिल्ली की संस्था के दो इंजीनियरों के साथ चंदौसी चौराहा, चौधरी सराय चौराहा और हिंदूपुरा खेड़ा चौराहा दौरा करके ट्रैफिक लाइट सिस्टम स्थापित करने को लेकर खाका खींचा था लेकिन कई महीनों तक इसे लेकर काम शुरू नहीं हुआ। अब लोकसभा चुनाव होने के बाद आचार संहिता भी समाप्त हुई तो ट्रैफिक लाइट सिस्टम को लेकर चंदौसी चौराहा और चौधरी सराय चौराहा पर कई गड्ढे खोदवाए गए हैं। इन गड्ढों में ट्रैफिक लाइट के पोल लगाए जाने हैं। नगर पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आसिफ अली ने कहा कि ट्रैफिक लाइट सिस्टम करीब 32 लाख रुपये का प्रोजेक्ट है। जल्द ही कार्य तेजी से शुरू होना है। बहरहाल, संभल शहर में ट्रैफिक लाइट सिस्टम के लागू होने से जहां जाम से निजात मिल सकेगी, वहीं यातायात व्यवस्था सुचारू रहेगी तो लोगों को भी सहूलियत होगी। यह कार्य संभल के विकास में अहम साबित होगा।

कैमरे रखेंगे नजर तो वाहनों पर होगी कार्रवाई

संभल अमृत विचार : चौराहों पर ट्रैफिक लाइट के साथ पीटीजेड कैमरे लगेंगे। इनके जरिए बिना नंबर और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की फोटो खींची जाएगी। इससे वाहन का चालान करने में आसानी होगी। अन्य जिलों से आने वाले वाहनों का रिकार्ड भी सुरक्षित होगा। इतना ही नहीं, जब ट्रैफिक लाइट सिस्टम के जरिये कार्रवाई शुरू होगी तो लोगों में भी जागरूकता का माहौल बनेगा। लोग नियमों का पालन करने के लिए गंभीर होंगे।

ट्रैफिक लाइट सिस्टम स्थापित होने से शहर की सूरत बदल जाएगी। जाम से मुक्ति मिलेगी तो लोग भी नियमों का पालन करने के लिए जागरूक होंगे। यह कदम संभल के विकास में काफी बेहतर होगा।

-प्रदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष संभल बार एसोसिएशन संभल

ट्रैफिक लाइट सिस्टम लागू किया जाना अच्छी बात है लेकिन शुरुआत में पुलिस द्वारा लोगों का उत्पीड़न न किया जाए। धीरे-धीरे सख्ती होगी तो शायद यह जनता के हित में होगा। लोग भी जागरूक होंगे।

-अवधेश वार्ष्णेय, महामंत्री पउप्र. संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल

16 को गंगा दशहरा का स्नान लेकिन घाटों पर पसरी है गंदगी

बबराला, अमृत विचार : संभल जिले के राजघाट गंगा घाट पर गंदगी का माहौल बना है। गंदगी को देखकर श्रद्धालुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं। यह हालात तब हैं जबकि 16 जून को गंगा दशहरा है। सफाई नहीं होने पर हजारों श्रद्धालुओं को गंदगी के बीच ही गंगा स्नान करना पड़ेगा।

राजघाट गंगाघाट पर रोजाना गंगा में पॉलीथिन में बंधे फूल, फोटो आदि सामग्री फेंकी जा रही है। श्रद्धालु घाट पर ही पूजा के सूखे फूल एवं अन्य पूजा सामग्री फेंक देते हैं जो गंगा घाट को गंदा करने के साथ ही गंगाजल को भी प्रदूषित कर रहे हैं। इसके अलावा स्नान के लिए आए लोग घरों के मंदिरों का कचरा भी गंगा घाटों के किनारे फेंक कर चले जाते हैं। इसकी सफाई नहीं होने से कचरा दिनों-दिन बढ़ता ही जा रहा है। वहीं प्रशासन भी स्नान पर्वों पर भी घाट की सफाई कराने के लिए गंभीर नहीं दिख रहा है। बताते चलें कि पूर्व में कुछ सामाजिक संस्थाओं ने सफाई का अभियान चलाया था लेकिन सिर्फ रस्म अदायगी तक ही सीमित रहा। अनदेखी के चलते राजघाट गंगा घाट समेत दूसरे गंगा घाटों पर कचरे का अंबार लगता जा रहा है। 16 जून को गंगा दशहरा का पावन पर्व मनाया जाएगा। गंगा दशहरा के दिन राजघाट गंगा घाट पर कई जिलों और आसपास क्षेत्र के हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। अगर सफाई नहीं हुई तो श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म

- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

एक नजर

पत्नी व पड़ोसी से विवाद में दो लोग गिरफ्तार

धनारी, अमृत विचार : उधरनपुर निवासी नेत्रपाल मंगलवार को किसी बात से नाराज होकर अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज व मारपीट कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस ने नेत्रपाल को हिरासत में ले लिया। दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव चतुर्भानपुर निवासी जयप्रकाश अपने व पड़ोसी सत्यपाल के बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर गाली गलौज कर रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। कानूनी कार्रवाई कर पुलिस ने नेत्रपाल व जयप्रकाश का शांतिभंग की धारा में चालान कर दिया।

कोर्ट के आदेश पर वारंटी गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव मंगनपुरा निवासी तालिब न्यायालय में वाद को लेकर तारीख पर नहीं पहुंच रहा था। गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद थाना पुलिस मंगलवार को तालिब के घर पहुंची और न्यायालय के आदेश पर तालिब को गिरफ्तार कर लिया।

जेठ पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया

रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर देकर बताया कि महिला के पति की करीब 5 माह पहले मौत हो गई थी। महिला का आरोप है कि महिला अपने कमरे में लेटी हुई थी तभी महिला का जेठ आया और तमंचे के बल पर महिला के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद शादी का झांसा देकर लगातार तीन माह से शारीरिक शोषण करता रहा। अब महिला से शादी करने से इंकार कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

16 लोग बिजली चोरी करते मिले, रिपोर्ट दर्ज

संभल अमृत विचार : शहर में बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान जारी है। एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी की अगुवाई में मंगलवार को सुबह मुहल्ला कोट पूर्वी में सूरज प्लाजा के पीछे चेकिंग की गई तो कई लोग बिजली चोरी करते मिले। विभाग ने उन लोगों को चिन्हित कर लिया। एसडीओ प्रथम संतोष त्रिपाठी ने बताया कि बिजली चोरी करते मिले 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

रात में छत से गिर कर छात्र की मौत

बाथरूम जाने के लिए उठा था लेकिन नींद में होने के कारण सड़क पर आ गिरा

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

अमृत विचार: थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम बेरनी में सोमवार की रात बाथरूम जाने के लिए उठा पांच वर्षीय छात्र नींद में होने के कारण छत से नीचे सड़क पर आ गिरा और गंभीर रुप से घायल हो गया। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात छात्र की मौत हो गई।

गांव बेरनी निवासी पप्पू खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। उनका नौ वर्षीय बेटा रोहित कक्षा पांच का छात्र है। सोमवार की रात रोहित व उसका बड़ा भाई पीयूष भीषण गर्मी होने के कारण छत पर सो रहे थे। रात को करीब 10 बजे रोहित बाथरूम जाने के लिए उठा। तभी नींद के झोंके में छत से नीचे सीसी सड़क पर आ गिरा ओर गंभीर रुप से घायल हो गया। रोहित के सड़क पर गिरने की आवाज सुन कर पड़ोसी महिला कांति देवी पत्नी नरवेश की आंख खुल गई। कांति देवी ने रोहित को सड़क पर घायल अवस्था में देखकर चीख निकल गई। चिल्लाने की आवाज सुन कर रोहित के पिता पप्पू व मां रीना दौड़कर आईं और रोहित को घायलावस्था में निजी वाहन से चन्दौसी के निजी अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रेफर कर दिया। परिजन रात में ही उसे मुराबाद के निजी अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान देर रात रोहित की सांसें थम गईं। परिजन शव घर ले आए और मंगलवार को अपराह्न तीन बजे दफन कर दिया।

कुढ़फतेहगढ़ के गांव बेरनी में छात्र की मौत पर शोकाकुल महिलाएं। ● अमृत विचार

कुत्ते ने बालक पर हमला कर किया जख्मी

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव में आवारा कुत्तों ने रास्ते में खेल रहे आठ साल के बच्चे पर हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को भगाकर बच्चे को बचाया।मंडलाई निवासी अतीक मंगलवार को अपनी ससुराल असमोली थाना क्षेत्र के गांव सदीरनपुर में होने वाली शादी समारोह में दावत खाने आया था। साथ में अतीक का 8 वर्षीय बेटा अमाद भी आया था। अमाद दोपहर में दो बजे अपने मामा सिराजुद्दीन के घर के बाहर रास्ते में अन्य बालकों के साथ खेल रहा था। अचानक से कुत्ते ने आकर बालकों को घेर लिया। शोर मचाते हुए अन्य बालक तो भाग गए, लेकिन कुत्ते ने हमला कर अमाद को रास्ते में गिरा लिया और जख्मी कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने कुत्तों को भगाकर बच्चे को बचाया। परिजन बच्चे को लेकर जिला अस्पताल आ गए और उपचार के लिए उसे भर्ती कराया।

रसोइया की हत्या में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संभल/रजपुरा अमृत विचार : रजपुरा थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर साढ़े तीन महीने के बाद रसोइया की हत्या के मामले में एक नामजद और तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासी सुरेश चंद्र ने न्यायालय की शरण लेते हुए कहा कि उसका भाई रोहित कस्बा गवां में स्थित डब्बल ढाबा पर रसोईया था। 18 फरवरी को रोहित को गांव का ही आशीष व तीन अज्ञात लोग बुलाकर ले गए थे। देरशाम तक रोहित घर नहीं लौटा था। तलाश करने पर देर रात हैमदपुर और केसरपुर के जंगल में शीशम के पेड़ पर फंदे से लटका हुआ रोहित का शव मिला था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की। सुरेश चंद्र ने न्यायालय से रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई। साढ़े तीन महीने बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि आशीष कुमार व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सार-संक्षेप

अल्मोड़ा में चन्दौसी के बाल साहित्यकार को सम्मानित करते अतिथि।

बाल साहित्यकार सतीश कुमार उत्तराखंड में सम्मानित

चन्दौसी, अमृत विचार : उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद से प्रकाशित होने वाली बाल प्रहरी त्रैमासिक पत्रिका और मानिला सेवा ट्रस्ट की ओर से संयुक्त रुप से बाल साहित्य और संस्कार विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें चन्दौसी के थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ा गांव के बाल साहित्यकार सतीश कुमार अल्लीपुरी को सम्मानित किया गया। संगोष्ठी का आयोजन अल्मोड़ा के पहाड़ों के बीच स्थित मानिला में किया गया। 8-10 जून तक चली इस तीन दिवसीय संगोष्ठी में देश के कई राज्यों से आये लगभग 120 साहित्यकारों ने प्रतिभाग किया। जनपद संभल से युवा साहित्यकार सतीश कुमार अल्लीपुरी ने भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सतीश कुमार अल्लीपुरी ने कार्यक्रम के पहले दिन बाल साहित्य और संस्कार विषय पर अपने बेहद सार्थक और सारगर्भित विचार रखे। संगोष्ठी के दूसरे दिन आयोजित किये गए कवि सम्मेलन में भी अल्लीपुरी ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन अल्लीपुरी को पत्रिका के सम्पादक उदय किरौला ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सतीश कुमार की अब तक कुल 18 किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से बाल साहित्य सम्मान भी मिल चुका है।

युवती के साथ दुष्कर्म करके लिए अश्लील फोटो

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने गांव की ही युवती के साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं युवती के अश्लील भी खींच लिये। युवती की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। युवती का कहना है कि 25 अप्रैल की सुबह दस बजे आधार कार्ड की फोटो कॉपी कराने गांव में स्थित जनसेवा केंद्र पर जा रही थी। रास्ते में गांव के ही तीर सिंह उर्फ छोटू ने रोक लिया और जबरदस्ती आधार कार्ड छीन लिया। मांगने पर तीर सिंह उर्फ छोटू ने दोपहर बाद आधार कार्ड देने की बात कही। आरोप है कि दोपहर तीन बजे तीर सिंह उर्फ छोटू ने युवती को गांव के पास ही स्थित खंडहर में फोन कर बुला लिया। यहां पहुंचने पर तीर सिंह उर्फ छोटू ने युवती को दबोच कर दुष्कर्म किया। इसके साथ ही तीर सिंह ने मोबाइल से फोटो भी खींच लिए। तहरीर मिलने पर पुलिस ने तीर सिंह उर्फ छोटू के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की।

रामप्रसाद बिस्मिल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

जयंती पर पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को किया नमन

चन्दौसी, अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने मंगलवार को संयुक्त रुप से महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल की जयंती विनायक कालोनी में धूमधाम से मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और देश की आजादी में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि क्रांतिकारी शहीद पं. रामप्रसाद बिस्मिल महान स्वतंत्रता सेनानी, देशभक्त, उच्च कोटि के कवि व शायर थे। बिस्मिल ने ब्रिटिश शासन से देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दे दी। क्रांतिकारी रामप्रसाद बिस्मिल ने गांधी जी के असहयोग आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर ब्रजेंद्र प्रसाद तिवारी, रश्मि शर्मा, सत्यप्रिया मिश्रा, राम सिंह, डॉ. शिवांगी मिश्रा, शांतनु मिश्रा, गोपी सिंह, उत्कर्ष तिवारी, हर्ष तिवारी, किशन सिंह, आदि मौजूद रहे।

संदिग्ध हालत में युवक की मौत

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र की गणेश कालोनी में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। गणेश कालोनी स्थित मंदिर के पीछे निवासी किशन मोहन शर्मा 21 वर्ष पुत्र अशोक शर्मा की मौत हुई है। मां पदमा शर्मा पांच जून को तीर्थ पर गई हुई हैं। युवक किशन मोहन शर्मा घर पर अकेला था। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे युवक अपने घर का दरवाजा खोल कर जोर-जोर से चीखने लगा। चीखने की आवाज सुन कर पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और निजी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मुरादाबाद ले जाने की सलाह देकर वापस भेज दिया। इसके बाद युवक को मुरादाबाद के टीएमयू में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मुरादाबाद में युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

सफाई कर्मियों ने किया बायोमेट्रिक हाजिरी का विरोध

बहजोई, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की बैठक में सफाई कर्मियों की बायोमेट्रिक हाजिरी का विरोध किया गया। बायोमेट्रिक हाजिरी बंद किए जाने की मांग उठाई गई तो वहीं ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए।बड़ा मैदान पार्क में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष धीरज पाल यादव ने कहा कि सफाई कर्मचारी सुबह अपनी पंचायत में सफाई करने जाते हैं तब पंचायत घर बंद रहता है या किसी कारण पंचायत घर का नेट बंद रहता है जिसके कारण सफाई कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं लग पाती है। सफाई कर्मचारी काम करने के बाद भी गैर हाजिर बताए जाते हैं। बायोमेट्रिक हाजिरी बंद की जानी चाहिए। इसके बाद संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किए गए। जिसमें बहजोई से ब्रहमपाल सिंह, बनिया खेड़ा ब्लॉक से दौलत राम, पवांसा से कौशल प्रजापति, संभल से विनोद प्रजापति, असमोली से सुरेंद्र सिंह, जुनावई से बदलराम, गुन्नौर से कृष्णपाल, रजपुरा से मुकेश कुमार को ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया गया। इस दौरान विनोद कुमार, दौलतराम, कौशल कुमार, धर्मेंद्र सिंह, केसरी सिंह आदि रहे।

तालाब की ढांग से बालू निकालने गए बुजुर्ग की मिट्टी में दबकर मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

- मकान निर्माण के लिए बालू लेने गया था बुजुर्ग

अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में मकान निर्माण के लिए तालाब में बालू निकाल रहे बुजुर्ग पर भरभरा कर मिट्टी की ढांग गिर गई। काफी मशक्कत कर ग्रामीण ने बुजुर्ग को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव मणिकावली निवासी किसान कोमिल सिंह यादव (68 वर्ष) का मकान बन रहा है। मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे कोमिल सिंह यादव गांव नगलामदी के पास तालाब से बालू निकालने के लिए पहुंचा। कोमिल सिंह मिट्टी की ढांग में घुस गया और बालू निकालकर बेटे चरन सिंह को देता रहा। चरन सिंह बालू को बैलगाड़ी में भर रहा था। अचानक भरभरा कर मिट्टी की ढांग गिरी तो कोमिल सिंह यादव दब गया। बाहर मौजूद बेटे चरन सिंह ने शोर मचाया तो पिता को निकालने के लिए हाथों से मिट्टी हटाने में जुट गया। काफी प्रयास के बाद भी सफल नहीं हुआ। कई लोग मिट्टी हटाने के काम में जुट गए। गांव कासिमपुर ललरोई के सतीश कुमार ने फोन से गांव मणिकावली में हादसे की सूचना दे दी। जिसके बाद काफी लोगों ने मौके पर पहुंचकर फावड़े और हाथ से मिट्टी हटाई लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। लोग कोमिल सिंह यादव को निकालकर तुरंत निजी डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने देखते ही कोमिल सिंह यादव को मृत घोषित कर दिया।

बकरीद पर बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखें

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: 17 जून को ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। इस संदर्भ में मंगलवार को ऑल इंडिया उलेमा माशाइख बोर्ड के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंच कर एसडीओ कुलदीप सिंह को ज्ञापन सौंप कर बकरीद के दौरान तीन दिन तक शहर की बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग की है।

ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड के हाजी शाह आलम मंसूरी के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मंगलवार की सुबह 11 बजे मुरादाबाद रोड स्थित विद्युत वितरण खण्ड पहुंचे। जहां उपखंड अधिकारी द्वितीय कुलदीप सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि आगामी 17 जून को ईद उल अजहा का त्योहार आ रहा है। यह त्योहार तीन दिन का है और इसमें सबसे ज्यादा पानी और सफाई की जरूरत होती है। पानी और सफाई तभी संभव है जब बिजली सुचारू रूप से मिलती रहे। इसलिए ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड मांग करता है कि 17, 18, 19 जून दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार को नगर को कटौती मुक्त रखा जाए। जिससे नगर में पानी के अलावा सफाई व्यवस्था पूरी तरीके से दुरुस्त हो सके। ज्ञापन देने वालों में हाफिज मतीन अशरफी, मो. सद्दाम चिश्ती, मो. मुजीब, अफजल आलम, असीम, हाफिज आकिब, सूफी अबरार आदि बोर्ड के सदस्य मौजूद रहे।

एसडीओ को ज्ञापन सौंपते मुस्लिम समाज के लोग। ● अमृत विचार

- ऑल इंडिया उलमा मशाइख बोर्ड ने उप खण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पैदल यात्रा की चेतावनी पर एसडीएम ने बुलाई बैठक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: जलनिगम व 36 बी रेलवे फाटक पर कार्य में लापरवाही के चलते जनता ने बुधवार को चन्दौसी से बहजोई जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल न्याय यात्रा निकालने का निर्णय लिया था। जिसकी सूचना पूर्व में जिलाधिकारी को दे दी गई थी। मंगलवार को जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद तहसील में एसडीएम नीतू रानी ने जलनिगम व 36 बी रेलवे फाटक से जुड़े अधिकारियों को अपने कार्यालय पर बुलाया और बैठक की।

जिसमें जलनिगम के ठेकेदार से घटिया कार्य, घटिया सामग्री, घटिया पाइप, रोज लीकेज, कम पानी, गड्ढों का निस्तारण आदि को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया। जिसमें ठेकेदार ने एसडीएम को तीन दिन में समस्त समस्या का समाधान करने के लिए लिखित में पत्र दिया। कहा कि जलनिगम से जुड़ी समस्याओं का तीन दिन में निस्तारण कर दिया जाएगा। इसके बाद 36 बी रेलवे फाटक पर बनने वाले ओवरब्रिज को लेकर अधिकारी व ठेकेदार को निर्देश दिए कि तीन दिन में काम में तेजी दिखाई जाए। जनता के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि अगर कार्य में शीघ्रता नजर नहीं आई तो तीन दिन के बाद जनता चन्दौसी से डीएम कार्यालय तक पैदल न्याय यात्रा निकालेगी। बुधवार को निकलने वाली पैदल यात्रा को स्थगित कर दिया गया है। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा, मनोज कठेरिया, नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, विक्रम सिंह, पवन गुप्ता, सभासद तरुण कुमार नीरज, नवकांत शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर सेतू शशिकांत, सेतु निगम के ठेकेदार अनिल गुप्ता, जलनिगम के ठेकेदार सौरभ गुप्ता, नगर पालिका के जेई केके अग्रवाल, जलकर जेई अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

एसडीएम से वार्ता करते भाजपा नेता व अन्य विभागों के अधिकारी। ● अमृत विचार

- जलनिगम व 36 बी रेलवे फाटक के कार्य में तीन दिन में तेजी दिखाने के दिए निर्देश
- बुधवार को निकलने वाली पैदल यात्रा की गई स्थगित

अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

चन्दौसी, अमृत विचार: थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। पुलिस घायल को सरकारी अस्पताल लेकर आयी। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

मंगलवार की रात करीब साढ़े आठ बजे गांव रीठ के निकट सड़क किनारे एक युवक घायलावस्था में पड़ा था। राहगीरों की नजर पड़ी तो युवक के मोबाइल से उसके भाई संजय को मामले की जानकारी दी। युवक की पहचान नन्हें पुत्र नेत्रपाल निवासी गांव प्रहलादपुर थाना बनियाठेर के रुप में हुई। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल हुआ है।

संभल में सिपाही चला रहा था दिल्ली से चोरी हुई सांसद के ड्राइवर की बुलेट

कार्यालय संवाददाता,संभल

- शिकायत हुई तो पुलिस ने कब्जे में ली बिना नंबर प्लेट वाली बाइक

अमृत विचार: पांच वर्ष पहले दिल्ली से चोरी हुई सांसद के ड्राइवर की बुलेट मोटरसाइकिल संभल में उत्तर प्रदेश पुलिस का हेड कांस्टेबल चला रहा था। अफसरों तक शिकायत हुई तो पुलिस ने आनन फानन में मोटरसाइकिल कब्जे में ले ली। हालांकि अभी तक सिपाही के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अफसर मामले की जांच कराने की बात कह रहे हैं।

कुछ दिन पहले बिजनौर से जनपद संभल में तबादले पर आया पुलिस का मुख्य आरक्षी बिना नंबर की बुलेट मोटरसाइकिल चला रहा था। संदेह हुआ तो कुछ लोगों ने मोटर साइकिल के इंजन व चेचिस नंबर से उसकी हिस्ट्री खंगाली। पता चला कि मोटरसाइकिल 22 जनवरी 2019 को दिल्ली के महावीरनगर कोटला मुबारकपुर से चोरी हुई थी। यह मोटर साइकिल का पंजीकरण नई दिल्ली के 51 सी सेकेंड फ्लोर पोकेट ए सेक्टर-3 ईडीएसआईडीसी ब्लॉक-13 बबाना निवासी सुखदेव सिंह के नाम पर है। बताया जा रहा है कि सुखदेव सिंह इस समय राजस्थान के सांसद की कार का ड्राइवर है। सिपाही द्वारा चोरी की बाइक चलाने की शिकायत डीआईजी से की गई। इसके बाद मंगलवार शाम को कोतवाली पुलिस ने चौधरी सराय पुलिस चौकी पर खड़ी बिना नंबर की बुलेट मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर थाने पर भिजवा दिया। कोतवाल पवन कुमार ने बताया कि बुलेट बाइक को कब्जे में लेकर कोतवाली भिजवाया गया है। क्या पूरा मामला है इसकी अभी जानकारी नहीं है। यह बाइक चौधरी सराय पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल के पास थी।

नरौली चौकी में अमन कमेटी की बैठक करते थानाध्यक्ष। ● अमृत विचार

थानाध्यक्ष बोले, बकरीद पर नई परंपरा डालने का प्रयास न करें

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: नगर पंचायत नरौली की कस्बा पुलिस चौकी में मंगलवार की शाम आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर अमन कमेटी की बैठक हुई। थानाध्यक्ष बनियाठेर मोहित कुमार काजला ने कहा कि बकरीद का त्योहार शांति पूर्वक मनाएं। किसी प्रकार की कोई नई परंपरा डालने का प्रयास नहीं किया जाएगा। जहां पर कुर्बानी होती आई है वहीं कुर्बानी की जाए। अवशेषों को इधर-उधर न डालें। माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आया जाएगा। चेयरमैन बिट्टन मलिक ने पुलिस के अनुसार गड्ढे खुदवा कर अवशेषों को डालने की बात कही। इस मौके पर चौकी इंचार्ज अजय कुमार त्यागी, अब्दुल नादिर, उस्मान खां, अनुज गुप्ता, सचिन शर्मा, संजीव राघव, रामबाबू शर्मा, माधवेंद्र सिंह, सत्येंद्र शर्मा, सोनी राघव, कमल दिवाकर, कमल प्रजापति, मौसम, राम, अक्षय कुमार, नितिन कुमार, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

तैयारी ओवरब्रिज निर्माण के लिए मेटेरियल लेकर पहुंचेगी सेतु निगम की टीम

रूट डायवर्जन को यातायात पुलिस ने लगाए बैरियर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार: लंबे समय के बाद नगरवासियों को मंडी समिति रेलवे फाटक 36बी पर ओवरब्रिज निर्माण होने का इंतजार समाप्त होता नजर आ रहा है। अब ओवरब्रिज निर्माण की शुरुआत जल्द होने की संभावना है। निर्माण एजेंसी सेतु निगम की टीम मेटेरियल के साथ पहुंचेगी और तय करेगी कि ओवरब्रिज निर्माण कहां से शुरु होना है। वहीं मेटेरियल पहुंचने को लेकर मंगलवार को यातायात पुलिस ने भारी वाहनों के रूट डायवर्जन को लेकर बैरियर लगाए हैं।

बता दें कि मंडी समिति रेलवे क्रासिंग 36बी पर पिछले पंद्रह साल से ओवरब्रिज निर्माण की मांग की जा रही थी। करीब एक वर्ष पहले माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के प्रयास से शासन ने ओवरब्रिज निर्माण की स्वीकृति भी दे दी और करीब नौ करोड़ की धनराशि दो किस्तों में संबन्धित खाते में जारी भी कर दी थी।

राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कुछ माह पहले शिलान्यास भी कर दिया था। लेकिन कुछ अटकलों के चलते निर्माण कार्य शुरु नहीं हो पा रहा था। रेलवे बड़ौदा हाउस के अलावा वन विभाग और बिजली विभाग से एनओसी मिल गई है। जिससे अब ओवरब्रिज का निर्माण शुरु होना है।

निर्माण के लिए जेसीबी आदि मशीने आ गई हैं। अन्य मेटेरियल के निर्माण स्थल पर पहुंचने के लिए मंगलवार को यातायात पुलिस ने भारी वाहनों का रूट डायवर्जन कर दिया है। सीओ तिराहा, संभल गेट तिराहा, धन्नूमल पेट्रोल पम्प तिराहा पर बैरियर लगा दिए हैं।

रेलवे फाटक पर रूट डायवर्जन का पालन कराते यातायात पुलिस कर्मी।

- एनओसी मिल गई है जिस के वाद निर्माण शुरु होना है।
- सीओ तिराहा, संभल गेट, धन्नूमल पेट्रोल पम्प तिराहा पर लगे हैं बैरियर

> सेतु निगम की टीम ओवरब्रिज निर्माण के लिए मैटेरियल लेकर पहुंचेगी। मंगलवार को दिन में टीम मेटेरियल लेकर नहीं पहुंची। जिससे भारी वाहनों का रूट डायवर्जन करने के लिए बैरियर लगा दिए गए हैं। मेटेरियल आने पर पूर्णतया रूट डायवर्जन का पालन कराया जाएगा।
> -अनुज मलिक, यातायात प्रभारी।

ग्रामीण ने प्रधान पर लगाया रुपये मांगने का आरोप

संभल, अमृत विचार: नखासा थाना क्षेत्र के गांव गुलालपुर निवासी हरिओम ने मंगलवार को संभल विकासखंड अधिकारी प्रेमपाल सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। कहा कि भैंसा व गोवंशीय पशु बुग्गी में जोड़ कर खेतों से पशुओं के लिए चारा व अन्य काम करने के लिए नहीं है। चार दिन पहले हरिओम विकासखंड के गांव शरीफपुर निवासी ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह के पास पहुंचा और गांव के पास स्थित अस्थाई गोशाला से भैंसा-बुग्गी से घरेलू काम के लिए गोवंशीय पशु की मांग की। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने गोवंशीय पशु देने के नाम पर हरिओम से पांच हजार रुपये की मांग की। हरिओम ने विकासखंड अधिकारी प्रेमपाल सिंह से गोशाला से गोवंशीय पशु दिलाने व ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

नीलामी सूचना

किसान इण्टर कालिज असमोली (सम्भल) की कृषि योग्य भूमि पर खेती करने हेतु नीलामी एक वर्ष के लिए दिनांक 19/06/2024 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपना प्रार्थना पत्र दिनांक 18/06/2024 तक सायं 3:00 बजे तक कार्यालय, किसान इण्टर कालिज असमोली (सम्भल) में जमा करें।

अध्यक्ष
किसान इण्टर कालिज
असमोली (सम्भल)

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम संजीव अग्रवाल से बदलकर संजीव कुमार पुत्र स्व. राजा राम गुप्ता, नि.- 40, जिला परिषद रोड सिविल लाइन्स, जिला रामपुर रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटुवचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

संपादकीय

विदेश नीति की चुनौतियां

भारत आज विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में से एक है। वैश्विक मंचों पर बढ़ रही भारत की स्वीकार्यता महाशक्ति कहलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अमेरिका के अलावा कई अन्य देश अब भारत को एक उभरती महाशक्ति के तौर पर देखने लगे हैं और भारत की नीतियों-रणनीतियों पर उनकी निगाहें लगी रहती हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों में काफी सुधार हुआ है, क्योंकि वह एक स्थिर शक्ति के रूप में भारत को देखता है। परंतु चीन और पाकिस्तान के साथ अस्थिर सीमा मुद्दों को लेकर तनाव रहता है। चीन दक्षिण एशिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हुआ दिख रहा है और भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि दुनिया ने देखा है कि संकट के समय अगर एक देश ग्लोबल साउथ के साथ खड़ा रहा है तो वो भारत है। उन्हें लगता है कि भारत उनका मित्र है। जी 20 की अध्यक्षता के दौरान जिस तरह हमने अफ्रीकी संघ की सदस्यता के लिए कोशिश की, उससे दुनिया के देशों का विश्वास हम पर बढ़ा है। नई सरकार के शपथ के दिन से ही हमारी नेबरहुड फर्स्ट को लेकर प्रतिबद्धता जाहिर हो गई।

भारत के पड़ोसी देश चीन के प्रभाव के चलते अपनी नीतियों को लेकर दुविधा में रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी देशों के नेताओं का आना अच्छा संकेत है। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और चीन के साथ भारत के रिश्तों को लेकर कहा कि जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग हैं। नई सरकार के समय में पाकिस्तान के साथ हम वर्षों पुराने सीमापार आतंकवाद के मुद्दे का समाधान खोजना चाहेंगे। उन्होंने साफ किया कि किसी अच्छे पड़ोसी की नीति सीमा पर आतंकवाद नहीं हो सकती। वहीं चीन को लेकर उन्होंने कहा कि सीमा के बचे हुए मसले सुलझाने पर उनका फोकस होगा। वास्तव में वैश्वीकरण के इस युग में, भारत का राष्ट्रीय हित केवल अपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा और प्रभाव को बढ़ाने से हो सकता है। भारत के समक्ष विदेश नीति की चुनौतियों की जटिलता पूरी दुनिया की तरह चुनौतियों के समग्र प्रतिबिंब के फैलाव के रूप में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा है कि भविष्य में भारत की भूमिका, एक संतुलन शक्ति के बजाय एक प्रमुख शक्ति के रूप में हो। वैश्विक पटल पर प्रासंगिक बने रहने के लिए भारत को चुनौतियों को समझ कर अपना रुख तय करना होगा। उम्मीद है कि संघर्ष और तनावों के बीच हम अपनी एक जगह बनाए रखने में कामयाब रहेंगे।

मणिपुर में फिर क्यों सुलग उठी हिंसा की आग

दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया।

जातीय हिंसा से दहलने के एक साल बाद फिर मणिपुर में हिंसा की आग सुलग उठी है। पिछले आठ महीनों में राज्य में बड़े पैमाने पर हिंसा नहीं हुई है। हालांकि मैतेई और कुकी के बीच संघर्ष में लोगों की जान जाती रही है, जो मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के बार-बार किए गए दावों को झूठला रहा है कि संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में शांति धीरे-धीरे वापस आ रही है। संघर्ष से पैदा हुए जख्म बेशक गहरे हैं। 200 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है।

हजारों परिवार शरणार्थी शिविरों में तड़प रहे हैं और महिलाओं के खिलाफ भीषण हिंसा की खबरें आ रही हैं। निगरानी समूह लगातार कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार की ओर से युद्धरत समुदायों के बीच सार्थक बातचीत शुरू करने की इच्छाशक्ति की कमी से बहुत नुकसान हुआ है। मणिपुर सरकार ने 8 जून को जिरिबाम में सुरक्षा दल भेजा, जो संदिग्ध कुकी उग्रवादियों द्वारा उत्पात मचाने और जिले के सीमांत क्षेत्रों में कई घरों को आग लगाने के बाद जातीय हिंसा की नई लहर की चपेट में आ गया है। मणिपुर सरकार द्वारा जिले में अतिरिक्त बल भेजे जाने के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो को हवाई मार्ग से जिरिबाम पहुंचाया जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमलावरों ने जिले के सीमांत क्षेत्रों में बस्तियों पर हमला करते हुए जिरिबाम जिला पुलिस की एक पुलिस चौकी, एक वन बीट कार्यालय और 75 से अधिक घरों को आग लगा दी। आगजनी से एक दिन पहले उग्रवादियों ने 65 वर्षीय एक व्यक्ति का सिर कलम कर दिया था जिसका 6 जून को अपहरण कर लिया गया था। इस क्रूर हत्या से गुस्साए जिले के निवासियों ने 6 जून की रात को जिले के बाहरी इलाके में एक खाली पड़े घर में आग लगा दी थी।

तनावपूर्ण स्थिति के बीच 7 जून की शाम से ही भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने जिले के बाहरी इलाके में स्थित मैतेई समुदाय के विभिन्न इलाकों में बम और बंदूक से हमला करना शुरू कर दिया और आधी रात के आसपास हमले तेज हो गए जिसमें मैतेई समुदाय के घरों को जला दिया गया। अभी तक हमलों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अब तक उग्रवादियों ने जिले के बोरबेकरा उप-मंडल के अंतर्गत आने वाले

> मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं।

लमताई खुनौ, लौकोइपुंग और नयनपुर इलाकों में 70 से अधिक घरों को जला दिया है। घरों को जलाने से पहले उग्रवादियों ने रिहायशी इलाकों की ओर बंदूक और बम से कई राउंड फायरिंग की जिसके बाद निवासी भागकर अपनी जान बचाने के लिए पास के जंगल में छिप गए। निवासियों ने दावा किया कि इलाके में असम राइफल्स की मौजूदगी के बावजूद हमले किए गए और अर्धसैनिक बलों पर हमलावरों को रोकने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। इससे पहले बढ़ते तनाव को देखते हुए सीमांत और संवेदनशील इलाकों के कुछ इलाकों के 200 से अधिक निवासियों को पुलिस और सुरक्षा बलों ने सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उन्होंने जिला मुख्यालय में खोले गए राहत शिविरों में शरण ली।

इस बीच जिरिबाम जिले के निवासियों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिले का दौरा करने और कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने की मांग की। उन्होंने सरकार से जिला मुख्यालय में विभिन्न स्थानों पर शरण लेने वाले विस्थापित लोगों को राहत प्रदान करने की भी मांग की और जिले के डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर कहा कि लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले साल मई में पहली बार भड़के जातीय संघर्ष के एक साल से अधिक समय बाद भी इसे समाप्त करने में सरकार की अक्षमता असम की सीमा से लगे जिले में हिंसा के बढ़ने के पीछे है। इस बीच जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए कानून व्यवस्था नियंत्रित करने में जिला प्रशासन की सहायता के लिए इंफाल से अतिरिक्त सुरक्षा बलों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिले में भेजा गया है। 9 जून की सुबह कंगाल हेलीपैड से राज्य पुलिस कमांडो के लगभग 70 कर्मियों को हेलीकॉप्टरों द्वारा जिरिबाम जिला मुख्यालय ले जाया गया। जिरिबाम जिले में हिंसा के अलावा हथियारबंद उग्रवादी कांगपोकपी जिले की पहाड़ी श्रृंखला से उतरे और इंफाल पश्चिम जिले के से कमाई में बस्तियों पर हमला करना जारी रखा।

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से जिरिबाम जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हर संभव कदम उठाने को कहा। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से नई दिल्ली में मुलाकात की, जहां दोनों डेरा डाले हुए थे। बैठक के दौरान राज्यपाल ने जिले में मौजूदा अस्थिर कानून और व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। दूसरी ओर निर्वाचित सांसद डॉ. अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने जिरिबाम जिले में हिंसा में वृद्धि पर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। इंफाल में अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद ने कहा कि राज्य में चल रहे संकट को जारी रखने की चाह रखने वालों द्वारा अशांति फैलाई जा सकती है। अकोईजाम ने निवासियों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए तत्काल व प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही हमें भावनाओं को भड़काना नहीं चाहिए, खासकर सोशल मीडिया साइटों पर। हमें रिपोर्ट करते समय या अपनी राय व्यक्त करते समय बचना चाहिए और जिम्मेदार होना चाहिए।

मणिपुर अखंडता समन्वय समिति ने राज्य में हिंसा की ताजा लहर की कड़ी निंदा की जिसने जिरिबाम को प्रभावित किया, जो अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण था, जहां सभी समुदाय- थाडू, हमार, पैते, काबुई, ज़ेलियानग्रोंग, मैतेई पंगल और मैतेई समुदाय सद्भाव के साथ सह-अस्तित्व में थे। समिति ने हिंसा की ताजा लहर के लिए भारत सरकार को जिम्मेदार ठहराया और राज्य के मूल लोगों की पीड़ा के लिए केंद्र की आलोचना की। समिति ने कहा-हाल ही में हुई हिंसा का कारण अप्रवासी कुकी समूहों द्वारा उग्रवादी रणनीति के माध्यम से अलग प्रशासन की अपनी मांगों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई भड़काऊ कार्रवाइयां हैं जिसके परिणामस्वरूप मैतेई पीड़ित का अपहरण और हत्या हुई है। समिति ने भारत सरकार की निष्क्रियता और असम राइफल्स द्वारा वास्तविक अपराधियों को पकड़ने में विफलता की आलोचना की, जिन्होंने इसके बजाय गुस्साई भीड़ पर गोलियां चलाईं जिससे स्थिति और बिगड़ गई। इसने कहा कि स्थानीय आबादी की तुलना में अप्रवासी समुदायों को तरजीह देना और आंतरिक व्यवस्था बनाए रखने के बजाय भारत-म्यांमार सीमा की ओर सुरक्षा संसाधनों का गलत आवंटन सरकार का दोषपूर्ण निर्णय है।

मणिपुर के जिरिबाम जिले में रहने वाले रोंगमेई नागा लोगों ने इतिहास में पहली बार जिले में दो समुदायों के बीच हुई हिंसा पर निराशा व्यक्त की। रोंगमेई नागा काउंसिल मणिपुर ने एक बयान में कहा कि रोंगमेई नागा लोग कई दशकों से रह रहे एक शांतिप्रिय समुदाय हैं और विभिन्न समुदायों के साथ उनके सौहार्दपूर्ण संबंध हैं और वे सह-अस्तित्व में हैं। काउंसिल ने 6 जून को मुलरगांव के पास गुलरथोल, जिरिबाम के निवासी सोइबाम सरत कुमार की नृशंस हत्या और अज्ञात बदमाशों द्वारा जिरिबाम के वेंग्नुआम डिबोंग खुनौ के निवासी एल थियानमुआंग के अपहरण की कड़ी निंदा की। यह देखा गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप 6 जून की रात को जिरिबाम में कुकी के कई घरों को जला दिया गया और उसके बाद बोरोबेक्रा के लांताई खुनौ में घटना हुई, जहां मैतेई के घरों को जला दिया गया और उन पर हमला किया गया। हाल ही में हुई ये सभी घटनाएं जिरिबाम के लंबे समय से चले आ रहे शांतिपूर्ण माहौल को नुकसान पहुंचाने का एक अस्वास्थ्यकर संकेत हैं। रोंगमेई नागा लोगों ने शांति बनाए रखने और दोनों समुदायों की ओर से किसी भी हिंसात्मक कार्रवाई की निंदा करने के अपने रुख को दोहराया, काउंसिल ने दोनों समुदायों से इस मुद्दे को और न बढ़ाने और जिरिबाम के नागरिकों के कल्याण के लिए समाधान निकालने की भी अपील की।

प्रसंगवश

आखिर कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा नैनीताल

गर्मी का मौसम शुरू हुआ नहीं की शहरी पर्यटकों की भीड़ नैनीताल, मसूरी, शिमला आदि पहाड़ी पर्यटन स्थलों की ओर उमड़ने लगती है। बात अगर उत्तराखंड के प्रसिद्ध हिल स्टेशन नैनीताल की करें तो ये पर्यटक इस बात को नहीं समझते की भूगर्भीय दृष्टि से भूकंपीय क्षेत्र में बसा नैनीताल एक संवेदनशील और कम फैलाव वाला नगर है।

दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

पहले से ही कंक्रीट के जंगल में तब्दील नैनीताल की पहाड़ियां बहुत दबाव झेल रही हैं तथा और अधिक दबाव को सहने में असमर्थ है। मई-जून के महिनों में यह दबाव और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि पर्यटकों के वाहनों की रेलमपेल नैनीताल पहुंचने लगती है। हर कोई अपने निजी वाहन या प्राइवेट टैक्सियों से ही नैनीताल आना चाहता है। इस कारण जहां एक और कम चौड़ी सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या से अधिकांश समय जाम की स्थिति रहती है। हल्द्वानी से नैनीताल की दूरी लगभग चालीस किलोमीटर है। हल्द्वानी से आगे काठगोदाम तक तो सड़के फिर भी ठीक हैं, लेकिन उससे आगे सड़कों की चौड़ाई कम है। यहीं से जाम लगना शुरू हो जाता है। सड़क के दोनों और कई किलोमीटर तक वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है।

वीकेंड में तो स्थिति और ज्यादा जटिल हो जाती है। रानीबाग से नैनीताल पहुंचने में लगभग एक घंटा लगता है, लेकिन लंबे जाम के कारण पर्यटकों को नैनीताल पहुंचने में तीन से चार घंटे तक लग जाते हैं। रोज लगने वाले इस जाम से सबसे ज्यादा परेशानी स्थानीय लोगों को होती है, जो अपने जरूरी काम से नैनीताल अथवा हल्द्वानी की ओर जा रहे होते हैं। उन्हें भी घंटों तक जाम में फंसना पड़ता है। अक्सर मरीजों को अस्पताल ले जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती है, क्योंकि लोगों द्वारा अपने वाहन सड़क में आड़े तिरछे खड़े कर दिए जाने के कारण उसे आगे बढ़ने का रास्ता नहीं मिल पाता है। तल्लीताल से लेकर मल्लीताल तक चंद किलोमीटर के दायरे में फैला नैनीताल इतनी बड़ी संख्या में आते वाहनों के दबाव को सहने में सक्षम नहीं है। यहां पार्किंग की कमी है। मल्लीताल स्थित फ्लैट्स का मैदान और अन्य अस्थाई पार्किंग स्थल पूरी तरह से वाहनों से पैक हो जाते हैं। होटल पहाड़ियों को काटकर बनाए गए हैं। जाहिर है उनके पास पार्किंग की सुविधा नहीं है। यही कारण है कि कुछ पर्यटक अपने वाहनों को माल रोड पर ही खड़ा कर देते हैं। प्रदेश सरकार या स्थानीय प्रशासन नैनीताल में वाहनों की बढ़ती संख्या को सीमित करने और क्राउड को मैनेज करने की कोई स्थाई नीति अभी तक नहीं बना पाया है। जब नैनीताल की पार्किंग फुल हो जाती है तब मजबूरन पुलिस को पर्यटकों के वाहन नैनीताल से छह किलोमीटर पहले रोकने पड़ते हैं। इससे नैनीताल में वाहनों के बढ़ते दबाव और जाम की समस्या सुलझने वाली नहीं है।

पर्यटकों को यह समझना चाहिए कि फैलाव की कम गुंजाइश वाला यह हिल स्टेशन एक भूकंपीय क्षेत्र में बसा है जिसकी कमजोर पहाड़ियां पहले से ही बहुत दबाव सह रही है। यहां अक्सर होने वाले छोटे-छोटे भूस्खलन हमें खतरे का आभास देते रहते हैं, लेकिन हम है कि इसे समझने को तैयार नहीं है। अंग्रेजों ने इस खूबसूरत जगह की सुरक्षा और रखरखाव के लिए कई नियम-उपनियम बनाए थे, लेकिन आजादी के बाद हम लोगों ने जैसे सारे नियमों को ताक पर रख दिया है। उस दौर में माल रोड पर वाहनों का चलाना भी मना था। मकान बनाने के लिए भी कई नियमों का पालन करना पड़ता था, लेकिन आज जहां पहाड़ खोदना मना था, वहां हमने बड़े-बड़े होटल और भवन बना दिए हैं।

नैनीताल में पर्यटन से जुड़े कारोबारी भले ही पर्यटकों की बढ़ती भीड़ से खुश नजर आते हो, क्योंकि उनके लिए तो यह कमाई का अवसर है, लेकिन खुद नैनीताल के लिए यह एक अशुभ लक्षण है। नैनीताल की भी अपनी एक सीमा है। आखिर यह कितने पर्यटकों की प्यास बुझाएगा? रोज हजारों की संख्या में पर्यटकों का आना और सैकड़ों वाहनों की आमद नैनीताल के पर्यावरण को किसी न किसी रूप में नुकसान ही पहुंचा रही है। अफसोसजनक बात यह है कि न तो पर्यटक इसे समझ पा रहे हैं और न

महापुरुषों की मूरतों से छेड़खानी

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

> सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है।

संसद भवन परिसर में बीते दशकों से स्थापित महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमाओं का स्थान बदलने से बवाल मचा हुआ है। अब इन्हें नए स्थानों पर ले जाया जाएगा, जिसे प्रेरणा स्थल कहा जाएगा। सवाल ये है कि बीते कई दशकों से स्थापित देश के इन महापुरुषों की मूरतों को यहां से वहां करने का क्या मतलब है? इनसे सारा देश प्रेरणा प्राप्त करता है। इन सबमें भाव और गति का कमाल का संगम देखने को मिलता है। इन सबको रुककर देखने का मन करता है।

बीते दशकों से इन्हें संसद भवन में आने वाले आगंतुक देखकर नमन कर रहे हैं। सबसे पहले महात्मा गांधी की संसद भवन में लगी आदमकद मूरत की बात करते हैं। इसे संसद सत्र के दौरान सारा देश बार-बार अपने टीवी सेटों पर देखता है। बापू इसमें ध्यान की अवस्था में हैं। इसके आगे विभिन्न दलों के नेता धरना दे रहे होते हैं या किसी मुद्दे पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए नारेबाजी कर रहे होते हैं। बापू की इस मूर्ति को महान मूर्तिशिल्पी राम सुतार ने बनाया था। उन्होंने ही सरदार पटेल की मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को तैयार किया है।

सुतार कंक्रीट, मिट्टी, प्लास्टर ऑफ पेरिस और अन्य उपलब्ध संसाधनों से आकर्षक मूर्तियां तैयार करने में माहिर हैं। वे धुन के पक्के हैं, कभी थकते नहीं हैं। मौसम के असर से बेखबर यह अनोखा कलाकार अपने शिल्पों में इतना डूबा रहता कि दिन और रात के भेद को भूल जाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी उनके अनन्य प्रशंसकों में थे। उन्होंने देश-विदेश में सैकड़ों आदमकद और धड़ प्रतिमाएं बनाई थीं, पर सुतार जी मानते हैं कि उनकी सर्वश्रेष्ठ कृतियों में से एक संसद में लगी गांधीजी की प्रतिमा भी है। संसद भवन में स्थापित बापू की मूरत के पास खड़े होकर सच में आप भी अपने को बहुत बेहतर पाते हैं। एक तरह का सुकून मिलता है। कभी-कभी तो लगता है कि बापू आपसे कोई सवाल करेंगे। जाहिर है, संसद भवन से इस नई जगह पर लेकर जाने से बहुत सारे लोग निराश हैं।

बापू की पहली मूरतः इस बीच महात्मा गांधी की शहादत के बाद सरकार ने मुंबई के 28 साल के मूर्तिशिल्पी सदाशिवराव साठे को राष्ट्रपिता की एक आदमकद प्रतिमा को बनाने का जिम्मा सौंपा। इस मूरत को राजधानी के चांदनी चौक स्थित टाउन हॉल के बाहर स्थपित किया जाना था। साठे ने तब तक कोई बहुत उल्लेखनीय काम नहीं किया था। हां, वे संभावनाओं से लबरेज युवा मूर्तिकार के रूप में अपनी पहचान बनाने में लगे थे। उन्होंने इतने खास दायित्व को चुनौती के रूप में लिया और गांधीजी की अप्रतिम मूरत की रचना करके अपनी रचनाधर्मिता को साबित कर दिया। यह प्रतिमा 1952 में स्थापित हुई थी। गांधीजी की देश या कहें राजधानी में लगी संभवतः यह पहली आदमकद प्रतिमा है।

बाबा साहेब की मूरत कब सेः बाबा साहेब की संसद भवन परिसर में प्रतिमा 2 अप्रैल 1967 को स्थापित हुई थी। भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्नन ने उसका अनावरण किया था। इस प्रतिमा को तैयार किया था महान मूर्तिशिल्पी बी.वी. वाघ ने। इस बीच बाबा साहेब का संसद भवन के सेंट्रल हॉल में लगा चित्र सुश्री जेबा अमरोही ने बनाया था। इसका अनावरण देश के प्रधानमंत्री के रूप में विश्वनाथ प्रताप सिंह ने 12 अप्रैल 1990 को किया था। इसे भी इसे नई जगह पर स्थापित किया जा रहा है। ये सही नहीं है। छत्रपति महाराज 2003 सेः छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरत को भी राम सुतार न ही बनाया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की यह मूरत 28 अप्रैल 2003 को संसद भवन में स्थापित हुई थी। यह 18 फीट ऊंची तांबे की मूर्ति है। इसका जिस दिन अनावरण हुआ उस दिन लगभग सारे महाराष्ट्र के सांसद मौजूद थे।

इस बीच राजधानी में कनॉट प्लेस से जो सड़क मिन्टो रोड की तरफ जाती है, वहां पर ही छत्रपति शिवाजी महाराज की सन् 1972 में आदमकद प्रतिमा की स्थापना करके दिल्ली ने भारत के वीर सपूत के प्रति अपने गहरे सम्मान के भाव को प्रदर्शित किया था। इस मूर्ति को भी सदाशिवराव साठे जी ने तैयार किया था। बहरहाल जिन ज्ञानियों ने गांधी जी, बाबा साहेब और छत्रपति शिवाजी महाराज की मूरतों का संसद भवन में स्थान बदला है, उन्हें अपने फैसले को अंजाम देने से पहले सोचना चाहिए था।

सोशल फोरम

मित्रता

सलीम और श्याम बचपन के दो गहरे मित्र थे। स्कूल और कॉलेज में भी साथ-साथ पढ़े। संयोग से दोनों साथ-साथ सेना में भी शामिल हुए। इसी बीच लड़ाई छिड़ गई और संयोग से दोनों एक ही यूनिट से जंग में भी शामिल हुए। एक रात दुश्मन ने उनकी यूनिट पर हमला कर दिया।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

चारों तरफ गोलियां चल रही थी और बम के धमाके लगातार हो रहे थे। अचानक श्याम को एक कराहती सी आवाज़ सुनाई दी-श्याम मेरी मदद करो। श्याम अपने बचपन के मित्र सलीम की आवाज तत्काल पहचान गया। वो समझ गया कि मित्र संकट में है। उसने अपने कप्तान से उसे बचाने जाने की परमिशन मांगी। कप्तान ने कहा-देखो उसकी आवाज से नहीं लगता है कि वो बचेगा और वैसे भी मेरे पास जवान कम हैं। मैं उनकी जान जोखिम में नहीं डाल सकता। थोड़ी देर बाद फिर सलीम की दर्द से भरी पुकार सुनाई दी। श्याम चुप चाप बैठा रहा। क्योंकि उसके कप्तान ने उसे जाने से मना किया था। अंधकार में फिर वही दर्द से भरी कातर आवाज श्याम के कानों में पड़ी। अबकी बार उससे रहा नहीं गया। उसने अपने कप्तान से कहा - सलीम मेरा बचपन का दोस्त है। आज वो मुश्किल में है तो उसे जाना ही होगा। आखिर कप्तान ने बेमन से उसे जाने की आज्ञा दी।

श्याम कुंहनियों के बल रेंगते हुए बंकर से निकला और अंधकार में गुम हो गया। थोड़ी देर बाद वो किसी तरह घसीटते हुए अपने घायल मित्र को लेकर बंकर में दाखिल हुआ। उन्होंने पाया कि सलीम मर चुका है। अब कप्तान बहुत नाराज हो गया और बोला - मैंने पहले ही कहा था वो नहीं बचेगा। उसके लिए तुमने अपनी जान भी खतरे में डाली। ये तुम्हारा एक गलत निर्णय था।

श्याम- नहीं सर मेरा निर्णय गलत नहीं था, क्योंकि जब मैं सलीम के पास पहुंचा तो वो ज़िंदा था। मुझे देखकर उसने कहा- मुझे पूरा यकीन था मित्र कि तुम मुझे बचाने जरूर आओगे और यही शायद उसके आखरी शब्द थे।

-फेसबुक वॉल से

यूरोप में दक्षिणपंथ की बढ़त के मायने

यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में यूरोप के तीन सबसे बड़े देशों जर्मनी, फ्रांस और इटली में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है। 27 देशों के ब्लॉक का यह चुनाव भारत के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव माना जाता है। हर पांच साल में होने वाले चुनाव में मतदाता बैलेट पेपर से वोट करते हैं। 1979 में पहली बार चुनाव हुए थे। इस लिहाज से यह 10 वां संसदीय चुनाव और ब्रेक्सिट के बाद पहला संसदीय चुनाव था। यूरोपीय संसद, यूरोपीय लोगों और यूरोपीय संघ की संस्थाओं के बीच संपर्क स्थापित करने की सीधी कड़ी है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अगले पांच साल तक यूरोप के 27 देश के संघ में बनने वाली नीतियां दक्षिणपंथ से प्रभावित रहेंगी। लगभग 25 साल पहले ऑस्ट्रिया में जब दक्षिणपंथी दल जीतकर आया, तो पूरा यूरोप नाराज हो उठा था, पर अब हालात दूसरे हैं।

प्रकाश श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

20 वीं सदी में नाजियों और फासीवादी इटली के खिलाफ यूरोप के विनाशकारी युद्ध के समय से ही ये धारणा रही है कि धुर दक्षिणपंथ को कभी वोट नहीं देना चाहिए। मुख्य धारा की पार्टियां भी धुर दक्षिणपंथी पार्टियों से गठबंधन करने के पक्ष में नहीं रहती थीं, लेकिन अब इस पीढ़ी के लोगों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या लाखों लाख यूरोपीय वोटर वाकई में धुर दक्षिणपंथ की ओर रुख कर हैं? या यह सिर्फ विरोध में पड़ने वाले वोट हैं? या ये शहरी उदारवादी वोटरों और बाकी रुढ़िवादी वोटरों के बीच हो रहा ध्रुवीकरण है? राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यूरोपियन संसद ने अपनी अप्रवासन नीति में बदलाव के लिए वोट किया है ताकि प्रवासियों और शरण मांगने वालों के लिए सदस्य देशों के बीच जिम्मेदारी को अधिक समान रूप से विभाजित किया जा सके। स्पष्ट रूप से ईयू के प्रमुख दलों ने अप्रवासी-विरोधी, लोकलुभावन दक्षिणपंथी पार्टियों के कदमों की आहट सुनी है। स्थापित पार्टियों के लिए अप्रवासन पर सख्त रुख अपनाकर मतदाताओं को फिर से अपने पाले में करने का विचार आकर्षक है, लेकिन आमतौर पर यह माना जाता है कि धुर दक्षिणपंथी पार्टियों की चुनावी सफलता शरण मांगने वाले नए लोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया के कारण होती है। कई लोगों के लिए उत्प्रवास अंतिम उपाय विकल्प है, जो दुनियाभर में इसी प्रवृत्ति को दर्शाता है। जैसे-जैसे देश औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं में परिवर्तित हो रहे हैं, युवा पीढ़ी बेहतर शिक्षा और करियर के अवसरों की तलाश में ग्रामीण इलाकों और छोटे शहरों को छोड़कर बड़े महानगरीय क्षेत्रों की ओर पलायन कर रही है। यह दृश्य विशेषकर स्पेन में देखा जा सकता है, जहां पिछले 50 वर्षों में 28 प्रतिशत ग्रामीण अपने गांवों को छोड़कर चले गए हैं। यह हालात इटली में देखे गए। इटली ने हाल में घोषणा की है कि वह ऐसे लोगों को भुगतान करेगा, जो खाली हो रहे गांवों में लौटकर आएंगे।

अमेरिका के शहरों में भी कम बच्चों को जन्म देने और बाहरी प्रवासन के कारण जनसंख्या में काफी कमी देखी जा रही है। बहुत से लोग जनसंख्या पलायन के आर्थिक प्रभावों से अवगत हैं, लेकिन मतदाताओं पर इसके प्रभाव का बहुत कम अध्ययन किया गया है। हाल के वर्षों के दौरान स्वीडिश सरकारों ने वंचित और दूरदराज के स्थानों में किराने की दुकानों जैसी स्थानीय वाणिज्यिक सेवाएं शुरू करने के लिए एक राष्ट्रीय सहायता प्रणाली शुरू किया है। 2021 में स्पेन ने ग्रामीण क्षेत्रों में 5 जी टेलीफोन कनेक्टिविटी और तकनीकी सुविधा के लिए 11.9 बिलियन डॉलर वाली एक परियोजना की घोषणा की है। चूंकि अब यूरोप में दक्षिणपंथ की लहर है और इटली के हाथों में यूरोप की कमान होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के ओलाफ शॉल्त्स के कमजोर होने के बाद जॉर्जिया मेलोनी यूरोप की सबसे मजबूत राजनीतिज्ञ बनकर उभरी हैं। आस्ट्रिया और बेल्जियम, नीदरलैंड और हंगरी जैसे कई अन्य यूरोपीय देशों में भी दक्षिणपंथी पार्टियों ने बड़ी जीत हासिल की है। फ्रांस में मध्यावधि चुनावों की घोषणा कर दी गई है तो बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू ने इस्तीफा दे दिया है। इन चुनावों के बाद इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को यूरोप के किंगमेकर की तरह देखा जा रहा है। मेलोनी को भारत और विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मित्र माना जाता है। भारत के लिए कूटनीतिक तौर पर यह लाभदायक स्थिति है। साथ में एक बड़ा सवाल यह भी है कि जब हम पार्टियों को 'धुर दक्षिणपंथी' कहते हैं तो इससे हमारा क्या आशय होता है?

नहीं जीता जा सकेगा संप्रदायवाद

संप्रदायवाद को जातिवाद से नहीं जीता जा सकेगा। इस बात को जितनी जल्दी समझ लिया जाए, उतना ही देश की जनता के लिए और लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा। सच्चाई यह भी है कि यदि जाति और मजहब के औजार से जनता की एकता को न तोड़ा गया होता तो देश को यह दुर्भाग्य न देखना पड़ता, लेकिन बहुत से कथित सेक्युलर लोग आज भी जातिवादी सोच के गर्त से निकल ही नहीं पा रहे हैं। शायद उनका अपना हित जाति के खूंटे से बंधा हुआ है। जाति-पंथ तो स्वतंत्रता आंदोलन के जमाने में भी थे, किंतु उस जमाने के जननेताओं का व्यक्तित्व था।

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यापक-दृष्टिकोण वाला नेतृत्व था कि वे सारे भेद-विभेद समरसता के भाव के आगे दब गए थे। राष्ट्र और राष्ट्रीय-एकता के आगे नतमस्तक हो गए थे। उनका ध्येय देश था, समष्टि। ऐसा न होता तो स्वतंत्रता संग्राम इतने समय तक चल ही नहीं सकता था। अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति उस नेतृत्व के सामने बार-बार हार जाती थी। आज की तो राजनीति ही यह है कि मजहब और जाति के भेद-विभेदों को जितना उभार सको, उभारो। लोगों के बीच वैमनस्य का भाव जगाओ, लेकिन जो लोग पुराने पैंतरे से आज की सत्ता से लड़ना चाहते हैं, वे सामने वाले को समझ नहीं पा रहे।

एक नजर

चालक एकता दिवस मना

बिजनौर, अमृत विचार : राजकीय वाहन चालक संघ की ओर से ऑल इंडिया गवर्नमेंट डाइवर्स फेडरेशन के स्थापना दिवस को चालक एकता दिवस के रूप में मनाया गया। राजकीय वाहन चालक संघ के कार्यालय में सभी चालकों ने केक काटा। जिलाध्यक्ष मानवीर सिंह ने कहा कि हमें हमेशा संगठन की मजबूती के लिए प्रयासरत करना है। जिला मंत्री नरेन्द्र कुमार ने कहा कि संगठित होकर ही पुरानी पेंशन को हासिल किया जा सकता है। इस दौरान विजयपाल सिंह, हरपाल सिंह, जबर सिंह, अमित मेहरोत्रा, मनचंदा, राजीव कुमार, वीर सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

यतीमखाने के मामले में इंस्पेक्टर की हुई परीक्षा

रामपुर, अमृत विचार : यतीमखाने से जुड़े मामले में इंस्पेक्टर जसपाल सिंह ग्वाल की मुख्य परीक्षा हुई। अब इस मामले में दो जुलाई को सुनवाई होगी। सपा शासन में यतीमखाना के लोगों ने बस्ती को खाली कराने पर मारपीट, लूटपाट, डकैती व चोरी के आरोप लगाए थे। इसमें सपा नेता आजम खां समेत कई लोग नामजद थे। मंगलवार को एक मामले में इंस्पेक्टर जसपाल सिंह ग्वाल की मुख्य परीक्षा हुई।

दो बाइकों की भिड़ंत में संभल के युवक की मौत, दोस्त जख्मी

कोतवाली देहात मार्ग पर गांव फुलसंदा के पास हुआ हादसा

संवाददाता, नहटौर/असमौली

अमृत विचार : कोतवाली देहात मार्ग पर गांव फुलसंदा के पास दो बाइकों की भिड़ंत में संभल के युवक की मौत हो गई, जबकि दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जिला संभल में असमौली निवासी भारत (29) पुत्र उमेश, पंकज पुत्र अशोक के साथ कोटद्वार के सिद्धबली मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। कोतवाली देहात मार्ग पर गांव फुलसंदा के पास गांव मौथेपुर निवासी अमित कुमार पुत्र विजय सिंह की बाइक से भिड़ंत हो गई। इससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

अस्पताल में भर्ती घायल।

जहां चिकित्सकों ने भारत को मृत घोषित कर दिया। पंकज व अमित की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक व घायलों के परिजनों को सूचना दी है।

तीन दुर्घटनाओं में कई लोग हुए घायल

बिजनौर, अमृत विचार : चांदपुर क्षेत्र में गजरौला रोड पर एक ही रात्रि में एक घंटे के अंतराल पर तीन दुर्घटनाएं हो गईं। इनमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांव पुरानी पैजनिया का मिर्जापुर दरबाड़ा के बीच अविरल पुत्र राजबहादुर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। इसके कुछ समय बाद जेपी पब्लिक स्कूल के सामने ट्रक ने इस्माइल पुत्र गुलशेर निवासी फिना कालोनी चांदपुर को टक्कर मार दी। इसमें घायल गुलशेर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिलायंस पैट्रोल पंप के सामने टेंपो पलटने से शिवानी पत्नी रोहित निवासी ग्राम मुबारकपुर व उसका आठ माह का बच्चा घायल हो गए। सभी घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सौतन की हत्यारोपी महिला गिरफ्तार

स्वार, अमृत विचार : दूसरी पत्नी के संबंधों में बाधा बनने पर पति ने दूसरी पत्नी के साथ मिलकर पहली पत्नी की दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने ढाई माह से फरार चल रही दूसरी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

थाना मिलकखानम के गांव नानकार रानी निवासी चरणजीत कौर की शादी 20 वर्ष पूर्व भगवंतनगर निवासी अमरीक सिंह शेरा से हुई थी। शादी के बाद से ही दंपति में अनबन रहने लगी। इस दौरान उनका एक बेटा और दो बेटी हुईं। उत्तराखंड के सितारगंज जनपद के थाना मलपुरी निवासी शेरा के मौसेरे भाई संदीप सिंह की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। शेरा ने संदीप की पत्नी अमनदीप कौर से अवैध संबंध बना लिए।

बाद में शेरा ने अमनदीप कौन से शादी कर ली। इससे पति-पत्नी में और रार बढ़ गई। दूसरी पत्नी के संबंधों में बाधा बनने पर उसकी शह पर 28 मार्च की रात शेरा ने पहली पत्नी चरणजीत कौर की गला घोंटकर हत्या कर दी थी।

ग्राम प्रधान लोकतंत्र की पहली सीढ़ी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

अमृत विचार : जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधान संघ (सचिन मलिक) के साथ बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों के प्रधानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान लोकतंत्र की पहली सीढ़ी है। सबको शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी व सफाई की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए ग्राम प्रधान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने प्रधानों से आह्वान किया कि आमजन को मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने में वे अपनी भूमिका का निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि प्रशासन सभी ग्राम प्रधानों की समस्याओं के निस्तारण में अपना सहयोग करेगा और उनकी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने प्रधानों के प्रति गलत शिकायतें दर्ज करने पर जिला पंचायत राज अधिकारी को

प्रधानों की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व अन्य।

बैठक

- जिलाधिकारी ने प्रधानों और उनके प्रतिनिधियों से लिए सुझाव
- प्रशासन प्रधानों की समस्याओं के निस्तारण में करेगा सहयोग

निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाली शिकायतों की जांच कर अपने स्तर से उनका निस्तारण करें। उन्होंने राशन वितरण की समस्या को लेकर कहा कि सभी स्थानों पर बेहतर क्वालिटी के कैमरे लगाएं। गांव में पानी टंकी खराब है अथवा स्वच्छ पेयजल की समस्या है, तो तत्काल मौके पर जाकर जांच करें। क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों को दुरुस्त कराएं। गन्ना परिवहन मार्गों की मरम्मत करने में कोई शिथिलता न बरतें। विकास कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए चर्चा की गई। साथ ही प्रधानों और प्रधान प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिए गए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित जिले की समस्त ग्राम पंचायतों से आए ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

आग पर काबू पाने के लिए पानी डालती टीम। ● अमृत विचार

उपलों के बिटोरों में लगी आग, मची अफरातफरी

संवाददाता, नगीना

- मोहल्ला विश्नोई सराय में हुई घटना, टीम ने आग बुझाई

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला विश्नोई सराय में सार्वजनिक भूमि पर हरिजन बस्ती के लोगों के उपलों के बिटोरे रखे हैं।

